मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.1 | 22.0 |
| डालटनगंज | 32.6 | 23.7 |
| धनबाद | 30.8 | 24.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शुक्रवार 05 सितंबर 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 149 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


### जीएसटी व्यापक सुधारों पर मुहर, 22 से लागू होंगी नई दरें, तंबाकू उत्पाद, सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक्स व विलासिता वाले आइटम्स हो जाएंगे महंगे

# दैनिक इस्तेमाल के सामान होंगे सस्ते

एजेंसियां। नयी दिल्ली

जीएसटी काउंसिल ने अप्रत्यक्ष करों की दरों में ऐतिहासिक सुधार करते हुए चार की जगह अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब को मंजूरी दे दी है. काउंसिल में सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों ने आम सहमति से जीएसटी की सिर्फ दो दरों, 5 और 18 फीसदी को मंजूरी दी. पनीर, छेना, टेट्रापैक दूध, रोटी, चपाती परांठा, खाकरा जैसी आम लोगों से जुड़ी खाद्य वस्तुओं, दुर्लभ बीमारियों और कैंसर की दवाओं पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा पॉलिसियों को भी करों से छूट दे दी गई है. इसकी लंबे अरसे से मांग उठ रही थी। वहीं, फास्ट फूड, धनाढ्य वर्ग के उपभोग में आने वाली लग्जरी कारों समेत शराब, तंबाकू जैसी चुनिंदा विलासिता की एवं जीवन के लिए हानिकारक वस्तुओं के लिए 40 फीसदी का विशेष कर स्लैब बनाया गया है.

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में गुरुवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी में पांच फीसदी और 18 फीसदी की दो-स्तरीय कर संरचना को मंजूरी दी गई है. उन्होंने बताया कि गुटखा, तंबाकू और तंबाकू उत्पादों तथा सिगरेट को छोड़ कर सभी उत्पादों पर नई दरें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगी. सीतारमण ने बताया कि जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत बाल में लगाने वाले तेल, साबुन, साइकिल आम और मध्यम वर्ग की वस्तुओं पर जीएसटी की दर 12 फीसदी या 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि जीएसटी परिषद ने लोगों को राहत देते हुए रोजमर्रा के उपयोग वाले सामानों पर जीएसटी दरों में कटौती की है. उन्होंने कहा कि



व्यक्तिगत जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट मिलेगी. वित्त मंत्री ने कहा कि इसके अलावा छोटी कारों और 350 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा. तिपहिया वाहन पर भी अब 18 फीसदी कर लगेगा. उन्होंने कहा कि तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट पर जीएसटी 40 फीसदी की विशेष दर से लगेगा. सीतारमण ने कहा, यह केवल जीएसटी में सुधार नहीं है, बल्कि संरचनात्मक सुधारों और लोगों की जीवन को सुगम बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है.

वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने कहा, जहां तक जूतों का सवाल है, पहले दो दरें थीं. 1000 रुपये से कम कीमत वाले जूतों पर 12 फीसदी और 1000 रुपये से ज्यादा कीमत वाले जूतों पर 18 फीसदी कर लगता था. लेकिन, अब 2500 रुपये से कम कीमत वाले जूतों पर 5 फीसदी और 2500 रुपये से ज्यादा कीमत वाले जूतों पर 18 फीसदी टैक्स लगेगा. उन्होंने बताया कि छोटी कारों पर 18 फीसदी कर लगेगा और बाकी सभी कारों पर 40 फीसदी टैक्स लगेगा. श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि पेट्रोल इंजन 1200 सीसी और डीजल इंजन 1500 सीसी का होता है और इसके साथ ही लंबाई की भी सीमा हो सकती है. नियमों के मुताबिक छोटी कारों पर 18 फीसदी कर लगेगा. उन्होंने कहा कि हम इसके लिए अलग से कोई नई परिभाषा नहीं बना रहे हैं.


## आइए देखते हैं पूरी लिस्ट...

### फूड आइटम्स

- वनस्पति वसा/तेल 12% से 5% में
- मोम, वनस्पति मोम 18% से 5% में
- मांस, मछली, फूड प्रोडक्ट्स 12% से 5% में
- डेयरी उत्पाद (मक्खन, घी) 12% से 5% में
- छेना-पनीर 12% से 0%
- सोया दूध 12% से 5% में
- चीनी, उबली हुई मिठाइयां 12%-18% से 5% में
- चॉकलेट और कोको पाउडर 18% से 5% में
- पास्ता, कॉर्न फ्लेक्स, नूडल्स, बिस्कुट, माल्ट एक्सट्रेक्ट (गैर-कोको) 12%-18% से 5% में
- जैम, जेली, मुरब्बा, मेवे/फलों का पेस्ट, सूखे मेवे, मेवे 12% से 5% में
- फलों का रस, नारियल पानी 12% से 5% में
- पहले से पैक पिज्जा ब्रेड, खाखरा, चपाती, रोटी 5% से शून्य
- कंज्यूमर और डोमेस्टिक वस्तुओं पर जीएसटी
- हेयर ऑयल, शैम्पू, टूथपेस्ट, शेविंग उत्पाद, टैल्कम पाउडर 18% से 5%
- टॉयलेट साबुन (बार/केक) 18% से 5%
- टूथब्रश, डेंटल फ्लॉस 18% से 5%
- शेविंग क्रीम/लोशन, आफ्टरशेव 18% से 5%
- सामान्य टेबलवेयर/किचनवेयर (लकड़ी, लोहा, तांबा, एल्युमीनियम, प्लास्टिक) 12% से 5%
- दूध पिलाने की बोतलें और निप्पल, प्लास्टिक के मोती 12% से 5%
- इरेजर 5% से शून्य
- मोमबत्तियां 12% से 5%
- छाते और संबंधित वस्तु 12% से 5%
- सिलाई सुइयां 12% से 5%
- सिलाई मशीनें और पुर्जे 12% से 5%
- कपास/जूट से बने हैंड बैग 12% से 5%
- शिशुओं के लिए नैपकिन/डायपर 12% से 5%
- पूरी तरह से बांस, बेंत, रतन से बने फर्नीचर 12% से 5%
- दूध के डिब्बे (लोहा/स्टील/एल्यूमीनियम) 12% से 5%
- पेंसिल, शार्पनर, चॉक 12% से शून्य
- मानचित्र, ग्लोब, चार्ट 12% से शून्य
- प्रैक्टिस बुक, नोटबुक 12% 5% से शून्य

### एग्रीकल्चर और फर्टिलाइजर

- ट्रैक्टर (1800सीसी से अधिक क्षमता वाले सड़क ट्रैक्टरों को छोड़कर) 12% से 5%



पिछले ट्रैक्टर टायर/ट्यूब 18% से 5%
मिट्टी/ कटाई/थ्रेसिंग के लिए कृषि मशीनरी 12% से 5%
कम्पोस्टिंग मशीनें 12% से 5%

- स्प्रिंकलर/ड्रिप सिंचाई/लॉन/स्पोर्ट्स रोलर्स 12% से 5%
- जैव-कीटनाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व 12% से 5%
- ईंधन के लिए पंप 28% से 18%
- ट्रैक्टरों के लिए हाइड्रोलिक पंप 18% से 5%

### हेल्थ पर जीएसटी

- हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस 18% से शून्य
- थर्मामीटर, डायग्नोस्टिक किट 12% 18% से 5%




रक्त ग्लूकोज मॉनिटर (ग्लूकोमीटर) 12% से 5%
मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन और हाइड्रोजन पेरोक्साइड 12% से 5%

- चश्मा 12% से 5%
- मेडिकल रबर के दस्ताने 12% से 5%
- कई दवाएं और खास दवाएं 12% से 5% या शून्य
- चयनित दुर्लभ औषधियां 5% या 12% से शून्य


### कार और बाइक पर टैक्स

- टायर 28% से 18%
- मोटर वाहन (छोटी कारें, तिपहिया वाहन, एम्बुलेंस, 350सीसी से छोटी बाइक, कमर्शियल व्हीकल) 28% से 18%




मोटरसाइकिलें 350सीसी से छोटी 28% से 40%
बड़ी एसयूवी, लक्जरी/प्रीमियम कारें, सीमा से ऊपर की हाइब्रिड कारें, रेसिंग कारें 28% से 40%
रोइंग बोट/डोंगी 28% से 18%
साइकिलें व गैर-मोटर तिपहिया वाहन 12% से 5%

### इलेक्ट्रॉनिक्स



- एयर कंडीशनर (एसी) 28% से 18%
- बर्तन धोने की मशीनें 28% से 18%
- टीवी (एलईडी, एलसीडी), मॉनिटर, प्रोजेक्टर 28% से 18%

### तंबाकू और पेय पदार्थ




सिगार, सिगरेट, तंबाकू उत्पाद 28% से 40%
बीड़ी (पारंपरिक हाथ से बनी) 28% से 18%
कार्बोनेटेड/वातित पेय, स्वादयुक्त पेय, कैफीनयुक्त पेय 28% से 40%
पौधे-आधारित दूध, फलों के गूदे से बने पेय 18% या 12% से 5%

### कपड़े

- सिंथेटिक धागे, बिना बुने कपड़े, सिलाई धागा, स्टेपल फाइबर 12% और 18% से 5%
- परिधान, रेडिमेड, 2,500 रुपये से अधिक नहीं 12% से 5%
- परिधान, रेडिमेड, 2,500 रुपये से अधिक 12% से 18%

### कागज पर जीएसटी रेट



अभ्यास पुस्तिकाओं, ग्राफ पुस्तकों, प्रयोगशाला नोटबुक के लिए कागज 12% से शून्य
ग्राफिक कागज 12% से 18%
कागज के बोरे या बैग, बायोडिग्रेडेबल बैग 18% से 5%

### चमड़ा पर टैक्स

- तैयार चमड़ा 12% से 5%
- चमड़े के सामान, दस्ताने 12% से 5%

### होटल उद्योग को मिली बड़ी राहत

**होटल में खाना :** अब सभी होटलों में खाने पर 5% जीएसटी लगेगा. पहले यह 12-18 फीसदी लगता था.

**होटल में रुकना हुआ सस्ता :** 1,000 से कम कीमत वाले होटल कमरों पर जीएसटी नहीं लगेगा. 1,000 से 7500 रुपए के कमरों पर जीएसटी 18% से घटा कर 12 फीसदी और 7500 से ऊपर के कमरों पर 18% जीएसटी रहेगा.



हिनू स्थित वाटिका होटल.

### हस्तशिल्प और कला

- नक्काशीदार कला उत्पाद (लकड़ी, पत्थर, आधार धातु, कॉर्क) 12% से 5%
- हाथ से बने कागज और पेपरबोर्ड 12% से 5%
- हस्तशिल्प लैंप 12% से 5%
- पेंटिंग, मूर्तियां, पेस्टल, प्राचीन संग्रहणीय वस्तुएं 12% से 5%

### बिल्डिंग निर्माण पर टैक्स

- टाइलें, ईंटें, पत्थर जड़ाई कार्य 12% से 5%
- पोर्टलैंड, स्लैग, हाइड्रोलिक सीमेंट 28%-18%

### ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा

- सौर कुकर/वॉटर हीटर, बायोगैस/ पवन/ अपशिष्ट से ऊर्जा/सौर पैनल 12% से 5%
- ईंधन सेल मोटर वाहन 12% से 5%
- कोयला, लिग्नाइट, पीट 5% से 18%

### सर्विस सेक्टर्स

- जॉब वर्क, छाता, छपाई, ईंटें, फार्मास्यूटिकल्स, खाल/चमड़ा आईटीसी के साथ 12% से आईटीसी के साथ 5%
- सिनेमा (टिकट ₹100 से कम) 12% से 5%
- सौंदर्य सर्विस 18% से 5% (कोई आईटीसी नहीं)
- कैसीनो/रेस क्लब प्रवेश, सट्टेबाजी/जुआ 28% से 40%
- क्रिकेट मैच टिकट (घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय) 12% से 18%

### व्यापक सुधार नागरिकों का जीवन बेहतर बनाएंगे: पीएम



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जीएसटी परिषद द्वारा मंजूर किए गए व्यापक सुधार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे. इससे कारोबार करना आसान करेंगे, विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और उद्यमों के लिए आसानी होगी. 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने और प्रक्रियागत सुधारों के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया है, जिसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है.

## ब्रीफ न्यूज

### एनडीए का बिहार बंद असरदार, हंगामा

**पटना।** दरभंगा में कांग्रेस नेता के मंच से पीएम नरेंद्र मोदी को दी गई मां की गाली के खिलाफ एनडीए के बिहार बंद का गुरुवार को असर दिखा. पटना समेत बिहार के सभी जिलों में भाजपा, जदयू समेत अन्य सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक दी. ये बंद पांच घंटे का था. पटना के सांसद रवि शंकर प्रसाद, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संजय मयूख आदि ने पटना में बंद का मोर्चा संभाला. राजद, कांग्रेस, वीआईपी और तीन वामपंथी दलों सीपीआई, सीपीएम व सीपीआई-माले ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ यात्रा निकाली थी. पटना से राजगीर जा रहे केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू भी बंद के जाम में कुछ देर फंसे रहे, हालांकि बाद में कार्यकर्ताओं ने उन्हें देखने के बाद जाने दिया.

-पेज 11 भी देखें

### कोर्ट से ट्रंप बोले-भारत पर टैरिफ लगाना जरूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में संघीय अदालत के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि उनको विदेशी आयात पर टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है. ट्रंप ने भारत पर लगाए गए टैरिफ को उचित ठहराते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए यह फैसला लिया गया. ट्रंप की ओर से कोर्ट में कहा गया, यूक्रेन में युद्ध से निपटने के लिए रूसी एनर्जी की खरीद पर भारत के खिलाफ रनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट टैरिफ लगाया गया है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के पास इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करने का अधिकार है. ट्रंप के खिलाफ अपील में कहा गया, टैरिफ वाले फैसले से विदेश नीति खतरे में आ गई है. दूसरे देशों के साथ वार्ता पर अनिश्चितता की स्थिति बन गई है. इससे पहले से तय किए गए फ्रेमवर्क डील और वार्ता खतरे में है.

### बंगाल विस में भिड़े भाजपा व टीएमसी विधायक

## विधायक शंकर घोष को एंबुलेंस से ले जाया गया

एजेंसियां। कोलकाता

बंगाल विस में गुरुवार को जोरदार हंगामा हो गया. सत्ताधारी टीएमसी व विपक्षी बीजेपी के विधायक भिड़ गए. इस दौरान विधायक शंकर घोष की सेहत बिगड़ गई. उन्हें एंबुलेस से अस्पताल ले जाना पड़ा. शंकर घोष बंगाल बीजेपी के मुख्य सचेतक हैं. बंगाली प्रवासियों पर अत्याचार से संबंधित सरकारी प्रस्ताव को लेकर चर्चा के बीच हंगामा हुआ.

सीएम ममता बनर्जी बोलने वाली थीं, तभी भाजपा ने नारेबाजी शुरू कर दी. मुख्यमंत्री ने जैसे ही बोलना शुरू किया, बीजेपी विधायकों ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को 2 सितंबर को निलंबित किए जाने को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी. इसके जवाब में सत्तापक्ष की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई और सदन का माहौल गरमा गया.



**शंकर को मार्शलों से बाहर निकाला :** विस ने शंकर घोष को दिनभर के लिए सदन से निलंबित कर दिया. लेकिन घोष ने सदन छोड़ने से इनकार कर दिया. फिर मार्शल्स को बुलाया गया और उन्हें बाहर ले जाया गया.

**विपक्ष का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण :** ममता ने बीजेपी की निंदा करते हुए कहा कि वह चर्चा को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं. प्रवासियों की स्थिति पर प्रस्ताव अहम है और विपक्षी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है. आरोप लगाया कि बीजेपी चर्चा के खिलाफ है, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों में ही घटनाएं हो रही हैं. बीजेपी ओछी मानसिकता वाली पार्टी है.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिनपास के शताब्दी वर्ष समारोह का किया उद्घाटन, कहा

## रिनपास में देखने को मिलेंगे कई बदलाव, कमियां होंगी दूर

शुभम संदेश। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूरो साइकेट्री एंड एलाइड साइंस (रिनपास) में जल्द कई बदलाव देखने को मिलेंगे. आधारभूत संरचना तथा शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा. यहां जो कमियां होगी, उसकी विस्तृत समीक्षा कर उसे दूर किया जाएगा. यहां मानसिक मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले, आधुनिक तरीके से इलाज की समुचित व्यवस्था हो, इस दिशा में राज्य सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी.

सोरेन गुरुवार को रिनपास के 100 वर्ष पूरा होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सेवा, समर्पण और विश्वास के गौरवशाली सौ वर्ष पूरे होने पर रिनपास से जुड़े सभी लोगों को बधाई और





शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज के समय रिनपास जैसे संस्थानों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है. जिस तरह लोग मानसिक अवसाद की गिरफ्त में आ रहे हैं. वैसे में उन्हें बेहतर काउंसलिंग और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है. हालांकि, कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसे रिनपास जैसे संस्थान में आने की नौबत आए, लेकिन मानसिक परेशानी, मजबूरी और परिस्थिति कई लोगों को यहां तक आने को मजबूर करती है. ऐसे में यहां आने वाले मनोरोगी पूरी तरह स्वस्थ होकर जाएं, इसके लिए यहां इलाज की बेहतर से बेहतर व्यवस्था व्यवस्था की जाएगी.

मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मानसिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों के इलाज में अत्याधुनिक तकनीकों के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने की दिशा में हमें आगे बढ़ना होगा. रिनपास में मरीजों की मानसिक समस्याओं के समाधान के लिए जो भी डिजिटल चिकित्सा तकनीक की जरूरत होगी, उसे उपलब्ध कराया जाएगा. उन्होंने ने चिंता जताई कि कई परिजन अपने मरीज को यहां छोड़ कर चले जाते हैं और फिर उन्हें कभी लेने भी नहीं आते हैं. वहीं, कई बार घरों में ही मनोरोगी को अलग-अलग तरीके से कैद कर रखा जाता है, जो हमारे परिवार और समाज के लिए अच्छा नहीं है. ऐसी परिस्थिति में मानसिक मरीजों की मनःस्थिति कैसी होती होगी, उसकी कल्पना हम नहीं कर सकते हैं. ऐसे में मानसिक समस्या से ग्रसित मरीजों तक सहजता और सरलता के साथ हमारी व्यवस्थाएं पहुंचे, इसके लिए गंभीरता से पहल करने की जरूरत है.

**रिनपास की स्थापना जिन्होंने की होगी, वे काफी दूरदर्शी होंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 1925 में जब मनोचिकित्सा के क्षेत्र में इस संस्थान की स्थापना हुई थी, उस वक्त इसकी क्या जरूरत रही होगी, यह हम तो नहीं बता सकते हैं, लेकिन आज जिस तरह ऐसे संस्थान की अहमियत बढ़ चुकी है, वह बताने के लिए काफी है कि जिन्होंने भी आज से सौ वर्ष पहले रिनपास की नींव रखी होगी, वे कितने दूरदर्शी रहे होंगे. यह संस्थान पिछले 100 वर्षों से लोगों की सेवा में समर्पित है.

### महत्वपूर्ण पहलू

- रिनपास पर आधारित पोस्टल स्टाम्प किया गया जारी.
- रिनपास की स्मारिका तथा चार पुस्तकों का विमोचन.
- टेली मेन्टल हेल्थ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का शुभारंभ.
- डिजिटल अकादमी की हुई शुरुआत
- रिनपास के पूर्व निदेशक डॉ पीके चक्रवर्ती, डॉ एनएन अग्रवाल, डॉ अशोक प्रसाद, डॉ अशोक नाग एवं डॉ केके सिंह, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ एएन वर्मा तथा डॉ केसी सेंगर अहम योगदान के लिए सम्मानित हुए.

### सबसे बड़ा सवाल : जीएसटी तो कम हो गया, लेकिन कंपनियां क्या ग्राहकों तक फायदा पहुंचाएंगी?

## आम आदमी को कटौती का फायदा मिलेगा भी या नहीं?

- जीएसटी राहत का असली फायदा किसे? दुकानदार मुस्कराए, ग्राहक हैरान!
- नेस्ले पर लगा था 90 करोड़ का जुर्माना, डोमिनोज़ पिज्जा पर 41 करोड़ का जुर्माना
- एचयूएल को 380 करोड़ रुपये उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा करने का आदेश
- उपभोक्ताओं को यह जानकारी नहीं होती कि उन्हें कर कटौती का लाभ मिलना चाहिए

संयम श्रीवास्तव

जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स को लागू हुए अब 8 साल हो चुके हैं. 1 जुलाई 2017 को सरकार ने इसे देश के सबसे बड़े टैक्स सुधार के तौर पर लागू किया था. वादा किया गया था कि कर की दरें घटेंगी और उसका सीधा फायदा आम जनता को मिलेगा. लेकिन हकीकत यह है कि जब भी सरकार ने जीएसटी में कटौती की, कंपनियों ने कीमतें घटाने की बजाय मुनाफा बढ़ा लिया. एक बार फिर जीएसटी स्लैब को सरल बनाया गया, जिसमें 12% और 28% के स्लैब को हटाकर 5%, 18%, और 40% (विलासिता और हानिकारक वस्तुओं के लिए) के स्लैब लागू किए गए हैं. इसके अलावा, दूध, पनीर, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, दवाइयां, और छोटे वाहनों जैसे रोजमर्रा के उत्पादों पर कर दरें कम की गईं.

सरकार का दावा है कि ये सुधार उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को बढ़ाएंगे और अर्थव्यवस्था को 6.5-7% की वृद्धि की ओर ले जाएंगे. सरकार का दावा है कि इससे महंगाई कम होगी और आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी. लेकिन सवाल सीधा है-क्या वाकई में कंपनियां इसका फायदा ग्राहकों को देंगी? बिना किसी निगरानी व्यवस्था के जीएसटी दरों का असली लाभ आम आदमी तक कैसे मिलेगा? या फिर हमेशा की तरह, कम टैक्स का फायदा कंपनियां खुद ही खा जाएंगी और कीमतें जस की तस बनी रहेंगी?

### इतिहास क्या कहता है?

- अगर पिछले 8 सालों का रिकॉर्ड देखें तो जवाब साफ है- जब भी टैक्स घटा, कंपनियों ने मुनाफा बढ़ाया, कीमतें नहीं घटाईं! नेस्ले इंडिया ने जीएसटी कटने के बाद भी मैगी और कॉफी के दाम नहीं घटाए. एचयूएल ने साबुन-शैंपू पर टैक्स में छूट का फायदा आधार मूल्य बढ़ाकर खा लिया. डोमिनोज और मैकडॉनल्ड्स ने भी पिज्जा और बर्गर सस्ते नहीं किए, उल्टा कीमतें वहीं रखीं.
- सरकार की नेशनल एंटी-प्रोफिटियरिंग अथॉरिटी एनएए ने जुर्माना लगाया, नेस्ले इंडिया पर 2019 में 90 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा, क्योंकि कंपनी ने मैगी और कॉफी जैसे उत्पादों पर टैक्स घटने के बावजूद कीमतें नहीं घटाईं.
- एचयूएल ने साबुन और शैंपू जैसे रोजमर्रा के उत्पादों पर कर में राहत मिलने के बावजूद एमआरपी नहीं घटाई. 380 करोड़ रुपये उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा करने का आदेश मिला, पर कंपनी ने इसका विरोध किया और मामला कोर्ट में गया. डोमिनोज़ पिज्जा पर भी जीएसटी दर घटने के बावजूद कीमतें नहीं घटाने का आरोप लगा और 41 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका गया.पर कई कंपनियां कोर्ट चली गईं और उपभोक्ताओं को कुछ नहीं मिला.

-शेष पेज 7 पर...

## शांति की राह पर मणिपुर कुकी के साथ हुई बड़ी डील

एजेंसियां। इंफाल

केंद्र और मणिपुर सरकार ने गुरुवार को कुकी-जो काउंसिल के साथ नए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत सभी पक्ष क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए नेशनल हाईवे-2 को खोलने पर सहमत हुए. केंद्रीय गृह मंत्रालय और कुकी की एक टीम के बीच पिछले कुछ दिनों में बैठकें हुई. सभी पक्षों ने मणिपुर में स्थायी शांति- स्थिरता लाने के लिए बातचीत से समाधान की आवश्यकता पर भी सहमति व्यक्त की.

**एनएच-2 खोलने पर बनी सहमति :** मणिपुर को नगालैंड और अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली एनएच-2 मई 2023 से भड़के जातीय तनाव के कारण बंद हो गई थी. हाईवे को फिर खोलने को मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक



कदम के रूप में देखा जा रहा. इंफाल और दिल्ली के अफसरों का मानना है कि जरूरी सामानों की पहुंच आसान होने से राहत शिविरों में रह रहे लोगों की मुश्किलें कम होंगी.

**एक साल के लिए प्रभावी रहेगा नया समझौता:** केंद्रीय गृह मंत्रालय, मणिपुर सरकार, कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन और यूपीएफ के बीच गुरुवार को दिल्ली में बैठक हुई. गृह मंत्रालय ने कहा, इस बैठक में एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है. इसमें नए सिरे से की गई बातचीत के तहत शर्तों और नियमों को एक साल के लिए प्रभावी माना जाएगा.

### आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब व कश्यप मेमोरियल आई बैंक का ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन 7 को

# मृत्यु उपरांत नेत्रदान को अपने परिवार की परंपरा बनाएंः डॉ भारती कश्यप

## मृत्यु उपरांत नेत्रदान करने वाले परिवारों एवं नेत्रदान से जुड़ी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा

**शुभम संदेश।रांची**

40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर 2025) के उपलक्ष्य में आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब (आईडैक) एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक का ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विज़न का आयोजन सात सितंबर को सुबह 8 बजे संत जेवियर्स कॉलेज परिसर में किया जाएगा. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि केरूप में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह शामिल होंगे. यह जानकारी कश्यप मेमोरियल आई बैंक की डायरेक्टर एवम प्रसिद्ध नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ भारती कश्यप ने



दी. बताया कि वर्ष 2002 से संस्था द्वारा नेत्रदान का संदेश देने के लिए लगातार 23 सालों से 'रन फॉर विजन' का आयोजन हो रहा है.साथ ही लगातार 7 वर्षों से ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का रांची में आयोजन हो रहा है. डॉ भारती कश्यप ने बताया कि समारोह मे मृत्युपरांत नेत्रदान करने वाले परिवारों एवं नेत्रदान से जुड़ी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा. कश्यप मेमोरियल आई बैंक झारखंड का सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण करने वाला आई बैंक है. सबसे बड़ी बात सरकार को इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर पर कुछ भी खर्च नही करना पड़ता है.

**कश्यप मेमोरियल आई बैंक की उपलब्धियां**

आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब व कश्यप मेमोरियल आई बैंक की पहल पर अब तक करीब 1015 कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया जा चुका है. जिन परिवारों ने अपने परिवार के सदस्य की मृत्यु के उपरांत नेत्रदान किया था, उनके नेत्रों को जरूरमंदों के बीच सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित कर उनकी आंखों का रोशन कियागया.

**पिछले 5 सालों में 490 नेत्र प्रत्यारोपण किए गए**

वर्ष 1996 में संयुक्त बिहार झारखंड में डॉ. भारती कश्यप एवं डॉ. बीपी कश्यप द्वारा झारखंड-बिहार का प्रथम नेत्र प्रत्यारोपण किया गया था. कॉर्निया प्रत्यारोपण की आधुनिक तकनीक डीसेक एवं डीमेक की झारखंड में शुरुआत का श्रेय डॉ कश्यप दंपती को ही जाता है.

कश्यप मेमोरियल आई बैंक की डायरेक्टर डॉ. भारती कश्यप ने कहा कि नेत्रदान आपकी आंखों को दो बार देखने का मौका देता है.मृत्यु उपरांत नेत्रदान को अपने परिवार की परंपरा बनाएं.रन फॉर विजन अपने आप में यूनिक और अनूठा है, क्योंकि पिछले 23 वर्षों से लगातार इसका आयोजन रांची में किया जा रहा है. कोविड के दो वर्षों को छोड़कर पिछले 7 वर्षों से ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का आयोजन किया जा रहा है. देश के किसी भी अन्य हिस्से में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े में ब्लाइंडफोल्डेड रन फॉर विजन का लगातार सात वर्षों से आयोजन नहीं हुआ है और न ही किसी भी संस्था ने लगातार 23 वर्षों तक इसका आयोजन ही किया है.

**दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन से लेकर द्रौपदी मुर्मू तक ने लिया है हिस्सा :** झारखंड के सबसे बड़े आदिवासी नेताओं में से एक पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन से लेकर पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, द्रौपदी मुर्मू तक सभी ने रन फॉर विजन में भाग लिया है. देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड का राज्यपाल रहते हुए रन फॉर विजन में हिस्सा लिया था. सभी ने शपथ पत्र भर के झारखंड के स्थानीय लोगों से को नेत्रदान की अपील की थी.

### यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति का पुनर्गठन

# झारखंड पुलिस वायरलेस कैडर में महिला सुरक्षा पर फोकस

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड पुलिस के वायरलेस महानिदेशक प्रशांत सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महिला शिकायत निवारण समिति का पुनर्गठन किया है. पहले यह समिति आईपीएस सरोजनी लकड़ा की अध्यक्षता में गठित थी, लेकिन उनके तबादले और कुछ सदस्यों के प्रमोशन, ट्रांसफर व रिटायरमेंट के बाद इसे दोबारा संगठित किया गया है.

नई समिति में चार सदस्य शामिल किए गए हैं- अध्यक्ष : शारदा प्रधान, सदस्य : नवनीता सुषमा तिग्गा, सदस्य : ममता भेंगरा, सदस्य : अंकिता चौधरी.

डीजी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि समिति का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है. यह समिति न केवल शिकायतों की जांच करेगी बल्कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश भी विभाग को भेजेगी. सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुरूप गठित यह समिति उन सभी व्यवहारों को जांच के दायरे में लाएगी, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अशोभनीय और कामुकता से प्रेरित हों. आदेश में संस्थानों के प्रभारी अधिकारियों को भी स्पष्ट रूप से यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे यौन उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं.

### झारखंडियों और मुस्लिमों के अधिकारों को लेकर आमया ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

# सीएम बोले- जल्द होगा समाधान

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंडियों और मुस्लिम समुदाय के न्यायसंगत अधिकारों को लेकर आमया संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला. प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को एक विस्तृत मांगपत्र सौंपते हुए समुदाय की विभिन्न समस्याओं और उपेक्षाओं पर ध्यान आकर्षित कराया. संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस. अली ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि झारखंड में स्थानीय नीति के अभाव में बाहरी अभ्यर्थियों को लाभ मिल रहा है, जिससे राज्य के स्थानीय युवाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि जिलावार बहाली में पिछड़ा वर्ग को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है.

उन्होंने यह भी बताया कि जेएसएससी द्वारा सहायक आचार्य (भाषा) पद में आलिम डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों का परिणाम अब



तक जारी नहीं किया गया है, जबकि फाजिल डिग्री धारकों को माध्यमिक आचार्य की बहाली में शामिल तक नहीं किया गया. इसके साथ ही मदरसा आलिम-फाजिल की परीक्षाएं रांची विश्वविद्यालय के माध्यम से आयोजित नहीं की जा रही हैं, जिससे छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में है. संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि मॉब लिंचिंग बिल 2021 को अब तक राज्य में लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण ऐसी घटनाओं में वृद्धि हो रही है. 10 जून 2022 के रांची गोलीकांड का भी ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उस दिन दर्ज एफआईआर को अब तक वापस नहीं लिया गया और गोली चलाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई.

**मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सभी मांगों को संवेदनशीलता के साथ संज्ञान में लिया गया है और शीघ्र ही उचित समाधान किया जाएगा. इस प्रतिनिधिमंडल में आमया संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी शामिल थे, जिनमें लतीफ आलम, जियाउद्दीन अंसारी, मो. फुरकान, इमरान अंसारी, नौशाद आलम, रहमतुल्लाह अंसारी, एकराम हुसैन, औरंगजेब आलम, अब्दुल गफ्फार, अलाउद्दीन अंसारी, सफदर सुल्तान, अरशद जिया, अफजल खान, मो. अब्दुल्लाह आदि शामिल रहे.

**उर्दू शिक्षकों व धार्मिक स्थलों को लेकर भी उठी आवाज़**

मांगपत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि राज्य के 3712 उर्दू शिक्षक पदों को टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से भरने के बजाय उन्हें सहायक आचार्य में समायोजित कर दिया गया. साथ ही जिन 544 उर्दू स्कूलों का स्टेटस छीना गया था, उन्हें अब तक पुनः बहाल नहीं किया गया है. इसके अलावा, उर्दू एकेडमी का गठन भी अब तक नहीं किया गया है. प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कोचिंग योजना को जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अल्पसंख्यक युवाओं को लाभ मिल सके.

**बांग्ला भाषी मुस्लिमों और पारंपरिक व्यवसायों की अनदेखी**

मांगपत्र में बताया गया कि राज्य में बांग्ला भाषी झारखंडी मुस्लिम समुदाय के साथ लगातार भेदभाव और प्रताड़ना हो रही है. वहीं भैंस वंशी पशुओं के वध की अनुमति भी नहीं मिल रही, जबकि उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में यह अनुमति वैधानिक रूप से दी जा रही है. साथ ही, बुनकर और टेलरिंग समितियों को सरकारी कार्यों में स्थान नहीं दिया जा रहा है. अंततः यह भी मांग की गई कि सरकारी भूमि पर सदियों से स्थापित मुस्लिम धार्मिक स्थलों को भूमि पट्टा दिया जाए ताकि उन्हें कानूनी सुरक्षा मिल सके.

## गुरुजी को भारत रत्न देने की मांग के लिए पैदल मार्च करेगा संगठन

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति संगठन स्वर्गीय शिबू सोरेन (दिशोम गुरु) को भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से गुरुजी के पैतृक गांव नेमरा (हजारीबाग रोड, बोकारो-रामगढ़ मार्ग) से पैदल मार्च शुरू होगा. यह जानकारी संगठन के कोषाध्यक्ष सावन लिंडा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाला मार्च पांच, छह और सात सितंबर तक चलेगी. पैदल मार्च सात सितम्बर को रांची स्थित राजभवन पहुंचेगा और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा. यात्रा की अगुवाई राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव करेंगे. इसमें सैकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड में समाज सुधार, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे ऐतिहासिक कार्यों किया और आमजनों को सम्मान दिलाने में आवाज बुलंद करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है. इसलिए गुरुजी को भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिए.

## एक नजर

### सरला बिरला विश्वविद्यालय के आकाश सिंह बने गूगल स्टूडेंट एंबेसडर



**रांची/नामकुम।** सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे विश्वविद्यालय के एमसीए थर्ड सेमेस्टर के छात्र आकाश कुमार सिंह का चयन गूगल स्टूडेंट एम्बेसडर के तौर पर किया गया है. इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें गूगल ने सीमित समय सीमा के भीतर रु. 19,500 प्रति वर्ष वाले गूगल- वन एआई प्रो प्लान सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभी छात्रों को निःशुल्क उपलब्ध करवाने का अवसर प्राप्त हुआ है. इस योजना में जेमिनी 2.5 प्रो, नोटबुक एलएम, इमैजेन 4, वियो 3, गूगल कैनवास, टू टीबी क्लाउड स्टोरेज जैसे अत्याधुनिक एआई टूल्स शामिल होंगे. एसबीयू के छात्र के गूगल स्टूडेंट एंबेसडर के तौर पर चयन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं.

### भाजपा की 'मां' राजनीति पर हमला, लोकतंत्र को शर्मसार कर रही है ओछी सियासत : विजय शंकर

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "मां" जैसे



पवित्र शब्द को भी भाजपा चुनावी हथियार बना रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा ने बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे असली मुद्दों से मुंह मोड़ लिया है और अब भावनात्मक प्रतीकों का इस्तेमाल कर रही है. नायक ने कहा कि मां का सम्मान हर भारतीय के दिल में है, लेकिन भाजपा उसे वोट की सौदागरी में बदल रही है, जो लोकतंत्र और समाज दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने भाजपा नेताओं की दोहरी मानसिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब विपक्ष पर निजी हमले होते हैं, तब भाजपा की नैतिकता चुप्पी क्यों साध लेती है? नायक ने सभी दलों से अपील की कि राजनीतिक संवाद को व्यक्तिगत हमलों से दूर रखकर नीतियों पर केंद्रित किया जाए, ताकि लोकतंत्र की गरिमा और जनता का भरोसा बचा रहे.

### लक्ष्मण टुडू ने कर दिया सरेंडर

# घाटशिला में झामुमो-भाजपा के उम्मीदवारों की तस्वीर साफ

**शुभम संदेश।रांची**

घाटशिला उपचुनाव में प्रत्याशियों को लेकर कोई सस्पेंस बचा नहीं है. यह लगभग तय हो चुका है कि रामदास सोरेन के बड़े पुत्र सोमेश सोरेन झामुमो से चुनाव लड़ेंगे, वहीं बीजेपी से पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन ताल ठोकेंगे. एक शख्स है जो घाटशिला के खेल को रोमांचक बना सकता था, लेकिन उसने सरेंडर कर दिया है. जी हां बात हो रही है 2014 में घाटशिला से बीजेपी से चुनाव जीतकर विधायक बनने वाले लक्ष्मण टुडू की. लक्ष्मण झामुमो में हैं, लेकिन साफ कह दिया कि टिकट की दावेदारी नहीं करेंगे. पार्टी का फैसला सर्वोपरि है. पार्टी जो फैसला लेगी उसके साथ रहेंगे. बीजेपी में वापसी के सवाल को भी उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया. तो इस तरह सभी अटकलों पर विराम लग गया है.

कई दिनों से सियासी गलियारे में चर्चा चल रही थी कि रामदास सोरेन के परिवार से अगर किसी को टिकट मिला तो चुनाव से पहले बीजेपी से झामुमो में आए लक्ष्मण टुडू बगावत कर बीजेपी में वापसी कर सकते हैं. इस चर्चा के पीछे ठोस वजह भी थी. लक्ष्मण वो शख्स हैं



जिन्होंने घाटशिला सीट पर 2014 में पहली बार बीजेपी का खाता खोलवाया था, लेकिन इसके बाद पार्टी ने दोबारा टिकट नहीं दिया. 2019 में तत्कालीन सीएम रघुवर दास ने लक्ष्मण टुडू का टिकट काट लखन मार्डी को दे दिया, लेकिन मार्डी चुनाव हार गये. 2019 के बाद रघुवर का प्रभाव बीजेपी में कम हुआ तो लक्ष्मण को उम्मीद जगी कि 2024 में टिकट कन्फर्म है, लेकिन चुनाव से पहले चंपाई सोरेन बीजेपी में आ गये और साथ में ले आये अपने बेटे बाबूलाल सोरेन को. दिल्ली में अमित शाह से बातचीत हुई. सरायकेला सीट पर चंपाई और घाटशिला में बाबूलाल सोरेन की उम्मीदवारी की शर्त पर पिता-पुत्र बीजेपी में चले आए. चंपाई के आते ही लक्ष्मण समझ गये कि अब घाटशिला से टिकट गया. फिर वे बगावत कर झामुमो में चले आए, लेकिन पार्टी ने भी उन्हें टिकट नहीं दिया. पार्टी ने रामदास पर ही भरोसा जताया. लक्ष्मण टुडू पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बेहद करीबी माने जाते हैं. 2005 और 2009 में वे सरायकेला सीट पर बीजेपी की टिकट से चंपाई सोरेन को जबरदस्त टक्कर दे चुके हैं. 2005 में वे सिर्फ 882 वोट से चंपई से चुनाव हारे, जबकि 2009 में हार का अंतर महज दो फीसदी ही था. इसके बाद 2014 में अर्जुन मुंडा उन्हें घाटशिला ले आये. यहां की राजनीति उन्हें रास आ गये और पहली बार यहां से जीतकर खुद विधायक बने और घाटशिला में बीजेपी का भी पहली बार खाता खोलवाया, लेकिन इस बार घाटशिला उपचुनाव में दावेदारी करने से उन्होंने इनकार कर दिया है.

### सूर्या हांसदा मुठभेड़ मामला

# परिजनों ने झारखंड हाईकोर्ट से सीबीआई जांच की मांग की

**शुभम संदेश।रांची**

गोड्डा में 11 अगस्त को पुलिस मुठभेड़ में मारे गए सूर्या हांसदा के परिजनों ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की है. सूर्या की पत्नी सुशीला मुर्मू और मां नीलमुनी मुर्मू ने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, गोड्डा और देवघर एसपी को याचिका में पक्षकार बनाया.

याचिका अधिवक्ता कुमार हर्ष के माध्यम से दायर की गई. याचिका में दावा किया गया है कि गोड्डा में 11 अगस्त को पुलिस मुठभेड़ में सूर्या हांसदा मारा गया. मुठभेड़ बोआरीजोर थाना क्षेत्र स्थित ललमटिया धमनी पहाड़ में हुई थी. उसकी गिरफ्तारी 10 अगस्त की शाम ही हुई थी. अगले दिन पुलिस सूर्या हासंदा की निशानदेही पर ललमटिया जंगल में छुपाए गए हथियार को बरामद करने गई थी. इसी दौरान वह पुलिस का हथियार छीन कर भागने लगा. तभी पुलिस ने उस पर गोली चलाई, जिससे उसकी मौत हो गई.

सूर्या हांसदा की मां नीलमुनि मुर्मू ने बताया कि घटना से पहले देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव




से उनके बेटे सूर्या को गिरफ्तार किया गया था. उल्लेखनीय है कि सूर्या हांसद भाजपा सहित अन्य दलों से चार बार विधानसभा चुनाव लड़ चुका था. हालांकि उसे किसी भी चुनाव में जीत नहीं मिली. सूर्या हांसदा का कई राजनीतिक दलों से संबंध रहा है. वह बोरियो विधानसभा से चार बार चुनाव लड़ चुका था. दूसरी बार 2014 में भी झाविमो से चुनाव लड़ा था. तीसरी बार 2019 में भाजपा ने उसे टिकट दिया था. इस चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहा था. वहीं 2024 में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर उसने पार्टी से इस्तीफा दे दिया. इसके बाद उसने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) पार्टी से चुनाव लड़ा, लेकिन वह किसी भी चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाया था.

# बीआईटी मेसरा में होगी 'मदन मोहन मोहंका सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप' की स्थापना

## मदन मोहन मोहंका के साथ साईन किया एमओयू

**शुभम संदेश।रांची**

बीआईटी मेसरा में 'मदन मोहन मोहंका सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप' की स्थापना होगी. इसे लेकर टेगा इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन मदन मोहन मोहंका (बीआईटी मेसरा के एल्युमनस, 1964 बैच) ने ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. भारत में इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ मोहंका ने बीआईटी मेसरा को 5 करोड़ रुपए देने की शपथ ली है. इस योगदान से सेंटर की स्थापना में मदद मिलेगी, जिसकी परिकल्पना स्टार्टअप इन्क्यूबेशन, रीसर्च, इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरियल वेंचर्स के लिए डायनामिक हब के रूप में की गई है. यह सेंटर छात्रों, फैकल्टी एवं क्षेत्रीय युवाओं को विचारों को प्रभावी उद्यमों में बदलने में सक्षम बनाएगा.

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान सीकेए बिरला ग्रुप के चेयरमैन सीके बिरला और टेगा इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन मोहंका भी मौजूद रहे. साथ ही, बीआईटी मेसरा के एल्युमनाई विजय बर्मन (1969 बैच), प्रेम



अनूप सिन्हा (1991 बैच), श्रीमति अंजना दीक्षित (1986 बैच), सोमा बनर्जी (1996 बैच) और यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर इंद्रानिल मन्ना एवं डीन ऑफ एल्युमनाई एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो श्रद्धा शिवानी भी मौजूद रहे.

मोहंका ने कहा कि 'मदन मोहन मोहंका सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप की स्थापना के साथ मैं छात्रों को बड़े सपने देखने और ऐसे समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करना चाहता हूं, जो आज के दौर की मुश्किल चुनौतियों को हल कर सकें. यह एमओयू मेरे लिए बहुत अधिक मायने रखता है, क्योंकि यह मेरी अपनी संस्था एवं समाज के कल्याण में योगदान देगा.

प्रोफेसर इंद्रानील मन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि यह योगदान इनोवेशन एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के संस्थान के मिशन को आगे बढ़ाएगा. उन्होंने कहा कि यह सेंटर आधुनिक सुविधाओं एवं विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से महत्वाकांक्षी उद्यमियों को लाभान्वित कर आर्थिक विकास एवं नौकरियां के सृजन को बढ़ावा देगा. यह एक वाइब्रेन्ट हब होगा जो रचनात्मकता एवं कार्यान्वयन के संयाजन द्वारा स्थायी विकास को बढ़ावा देगा.

### नए विधेयक का असर : कड़े प्रावधानों से जूझ रहे छोटे व मध्यम कोचिंग संस्थान

# बंद होने का संकट, जल्द लग सकते हैं ताले

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड विधानसभा ने 26 अगस्त को झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 पारित किया है. इसका उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों के हितों की रक्षा करना तथा कोचिंग संस्थानों को नियमन के दायरे में लाना है. लेकिन इस कानून के कई प्रावधान छोटे और मध्यम कोचिंग संस्थानों के लिए चुनौती बनकर उभरे हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसमें संशोधन नहीं हुआ, तो राज्यभर में कई संस्थानों पर ताले लगने की नौबत आ सकती है.

**आर्थिक बोझ और पंजीकरण शुल्क :** विधेयक के तहत 50 से अधिक छात्रों वाले सभी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है. लेकिन सबसे बड़ी समस्या पंजीकरण शुल्क को लेकर है. यदि किसी संस्थान की एक जिले में तीन-चार शाखाएं हैं, तो प्रत्येक शाखा के लिए पांच-पांच लाख रुपये का शुल्क जमा करना होगा. छोटे कोचिंग संस्थानों, जिनमें



50 से 150 तक विद्यार्थी पढ़ते हैं, के लिए इतनी बड़ी राशि जुटाना कठिन है. इसके अलावा, कोचिंग सेंटर खोलने के लिए 5 लाख की बैंक गारंटी भी जरूरी की गई है. जबकि बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में बैंक गारंटी की कोई बाध्यता नहीं है. यह प्रावधान सीधे तौर पर छोटे संस्थानों पर भारी आर्थिक बोझ डालता है.

**अन्य प्रावधान और असर :** विधेयक में न्यूनतम क्षेत्रफल, सुविधाओं और शिक्षक योग्यता से जुड़े मानक भी तय किए गए हैं. ये प्रावधान केंद्रीय या राष्ट्रीय दिशानिर्देशों से अधिक कठोर बताए जा रहे हैं. छोटे संस्थानों को इसे पूरा करने में काफी मुश्किलें आ सकती हैं. वहीं, ऑनलाइन कोचिंग संस्थानों पर इस विधेयक में कोई प्रावधान नहीं है. ऐसे में ऑफलाइन संस्थानों को सख्त नियमों का सामना करना पड़ेगा, जबकि ऑनलाइन संस्थान पूरी तरह नियंत्रण से बाहर रहेंगे. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ये प्रावधान यथावत लागू रहे, तो झारखंड में कोचिंग का बढ़ता दायरा ठिठक सकता है. छोटे और मध्यम संस्थानों पर ताले लगने का खतरा है. इसका सीधा असर छात्रों पर पड़ेगा, जिन्हें या तो महंगे कॉरपोरेट कोचिंग संस्थानों पर निर्भर होना पड़ेगा या फिर पढ़ाई के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना होगा.

**कठोर दंड व्यवस्था**

विधेयक में दंड के प्रावधान भी विवाद का विषय बने हुए हैं. पहली गलती पर पांच लाख, दूसरी पर दस लाख रुपये का जुर्माना और तीसरी बार में पंजीकरण रद्द करने का प्रावधान किया गया है. यह व्यवस्था छोटे और मध्यम संस्थानों के लिए भारी दबाव का कारण बन रही है. विशेषज्ञ बताते हैं कि बिहार में दंड की राशि मात्र 25,000 और उत्तर प्रदेश में 50,000 है. इसकी तुलना में झारखंड का दंड अनुपातिक रूप से कहीं अधिक है. छोटे संस्थान इस आशंका से परेशान हैं कि किसी अन्य के कारण हुई गलती या व्यवधान का खामियाजा भी उन्हें ही भुगतना पड़ सकता है.

**प्रशासनिक और कानूनी पेंच**

झारखंड के नए कानून में अधिकारियों को अत्यधिक अधिकार दिए गए हैं, लेकिन फैसलों के खिलाफ अपील का कोई प्रावधान नहीं है. अन्य राज्यों में अपीलीय या समीक्षा निकाय मौजूद हैं, जिससे मनमाने फैसलों की गुंजाइश कम हो जाती है. यहां इस व्यवस्था की अनुपस्थिति से भ्रष्टाचार और मनमानी का खतरा बढ़ सकता है. इसी तरह, नियामक या सलाहकार निकायों में कोचिंग एसोसिएशनों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है. जबकि राजस्थान और मध्यप्रदेश में हितधारकों को बोर्ड में शामिल किया जाता है. विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था नीति निर्माण को संतुलित बनाती है. लेकिन झारखंड में यह एकतरफा और कठोर हो सकता है.

# रिनपास को हाईटेक व आधुनिक बनाने का मंत्री ने किया ऐलान

**शुभम संदेश।रांची**

राजधानी रांची के कांके स्थित रिनपास में गुरुवार को स्थापना का शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित किया गया. इस वर्ष का थीम 'लीगेसी ऑफ केयरः सेंचुरी ऑफ लीगेसी' रखा गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रहे. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, सांसद संजय सेठ, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, कांके विधायक सुरेश बैठा, सुबोधकांत सहाय, राजेश ठाकुर, रांची के उपायुक्त और रिनपास निदेशक अमूल रंजन भी उपस्थित थे. निदेशक अमूल रंजन ने सभी अतिथियों को पौधा, स्मृति चिन्ह और मरीजों द्वारा बनाए गए उपहार देकर सम्मानित किया. इस अवसर



पर डाक टिकट जारी किया गया, सोवरेन रिलीज किया गया, मानसिक स्वास्थ्य पर चार पुस्तकों का विमोचन किया गया और टेली मेंटल हेल्थ कॉन्फ्रेंसिंग का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने किया.

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त निदेशकों को सम्मानित किया गया जिनमें डॉ प्रो पीके चक्रवर्ती, डॉ एमएम अग्रवाल, डॉ अशोक कुमार नाथ, डॉ केके सिन्हा, पूर्व अधीक्षक डॉ प्रवीन कुमार सिन्हा, डॉ कप्तान सिंह, डॉ अशोक कुमार प्रसाद और डॉ एएन वर्मा शामिल थे. अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने रिनपास परिवार को 100 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी और सीमित संसाधनों के बावजूद उपलब्धियों की सराहना की.

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि रिनपास केवल अस्पताल नहीं बल्कि राज्यवासियों के लिए वरदान है.



एमएस धौनी क्रिकेट छोड़ टेनिस का उठा रहे लुत्फ

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 12

रांची, शुक्रवार 05 सितंबर 2025 I भद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 149 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

## सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ पीपी पांडेय तथा डॉ निलम बाला |
| हड्डी रोग | - | डॉ मुकेश प्रसाद |
| फिजिशियन | - | डॉ शिवांश सिन्हा |
| सर्जरी | - | डॉ प्रभात कुमार |
| नेत्र रोग | - | डॉ सरोजिनी मुर्मू |
| दंत रोग | - | डॉ सुनिता सिन्हा |
| शिशु रोग | - | डॉ मनोज हेंब्रम |
| मनोरोग | - | डॉ मिनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ विश्व भारती |
| फिजियोथेरेपी | - | डॉ दीपाली राय |
| ईएनटी स्पेशलिस्ट | - | -- |

### गायनी इमर्जेंसी

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ रुमा प्रसाद |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ संध्या तिवारी |

### जेनरल इमर्जेंसी

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ ईपिल टोपनो |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ राकेश रंजन |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मंगेश |

पूर्व कांग्रेस विधायक पर न्यायाधीश और न्यायपालिका के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का आरोप

# पूर्णिमा नीरज सिंह के विरुद्ध कोर्ट में अवमानना का मुकदमा

**खास बातें**

- न्यायपालिका नहीं, अन्यायपालिका : पूर्णिमा
- बयान न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर वायरल

शुभम संदेश। धनबाद

झरिया की पूर्व कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के विरुद्ध गुरुवार को अदालत की अवमानना का मुकदमा न्यायालय में दायर हुआ .

धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता वकार अहमद ने मुकदमा दायर कर आरोप लगाया है कि 27 अगस्त 25 को धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने नीरज हत्याकांड में अपना फैसला सुनाया और आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अधिवक्ता वकार ने अदालत में दायर शिकायतवाद में आरोप लगाया है कि फैसले के विरुद्ध 1 सितंबर 25 को संध्या 6 बजे से 7:30 बजे तक रणधीर वर्मा चौक में मृतक नीरज सिंह की पत्नी पूर्णिमा नीरज सिंह के नेतृत्व में जिला परिषद मैदान से रणधीर वर्मा चौक तक न्यायालय के फैसले के विरुद्ध कैंडल सह आक्रोश मार्च निकाला गया और उस स्थल पर पूर्णिमा नीरज सिंह ने



फैसला सुनाने वाले न्यायाधीश के विरुद्ध घोर अपमान सूचक व अपयशकारी शब्दों का खुलेआम प्रयोग किया. न्यायालय के फैसले की खुलेआम मंच से कड़ी आलोचना की, एवं न्यायपालिका के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की. शिकायत वाद में आरोप लगाया गया है कि पूर्णिमा नीरज सिंह ने न्यायालय के फैसले के विरुद्ध विरोध मार्च का नेतृत्व करते हुए उपस्थित लोगों , प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को संबोधित करते हुए न्यायपालिका व न्यायाधीश के विरूद्ध खुलकर मानहानिकारक अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि ₹फैसले लेने में कहा चूक हुई बाबा ये आपको जज साहब बताएंगे जिन्होंने फैसला दिया है चश्मे का नंबर अपना बढ़वा ले वो हो सकता है उनका चश्मा का नंबर ठीक नहीं हो ठीक से पढ़ नहीं पाए हो ₹ इतना ही नहीं न्यायपालिका व न्यायालय के विरुद्ध व घोर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए पूर्णिमा सिंह ने कहा कि ये न्यायपालिका नहीं अन्यायपालिका है₹। अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि सार्वजनिक मंच से न्यायालय व न्यायाधीश के विरुद्ध दिया गया बयान न्यूज चैनल, सोशल मीडिया आदि जगहों पर प्रसारित व प्रचारित हुआ जिससे आम लोगों के बीच न्यायालय ,न्यायपालिका एवं न्यायाधीश के विरुद्ध गलत संदेश गया जो भारतीय न्याय व्यवस्था न्यायपालिका के व्यक्तित्व के ऊपर सोची समझी साजिश के तहत किया गया एक गंभीर हमला है। तथा न्यायाधीश की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। अधिवक्ता ने शिकायतवाद में आरोप लगाया है कि 1 सितंबर 25 को संध्या 6 बजे से 7:30 बजे तक रणधीर वर्मा चौक धनबाद की घटना न्यायपालिका की स्वतंत्रता एवं न्याय प्रणाली पर आपराधिक हमला है जो लोकतंत्र के लिए भी चिंताजनक विषय है। अधिवक्ता ने पूर्णिमा सिंह के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 267,(न्यायिक कार्यवाही के दौरान किसी लोक सेवक को जानबूझकर अपमानित करना) एवं धारा 356 (मानहानि) के अपराध में संज्ञान लेने की प्रार्थना की है. अदालत ने मुकदमे में सुनवाई के लिए छह सितंबर की तारीख निर्धारित की है।

## ब्रीफ खबरें

### नेपाल में सोशल मीडिया साइट पर प्रतिबंध का फैसला

**काठमांडू।** सरकार ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में पंजीकरण न कराने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुङ्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया गया जो निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण नहीं कराया है। मंत्री गुरूंग ने बताया सरकार ने पिछली बार सभी सोशल मीडिया साइट्स को लिस्टिंग के लिए सात दिनों की समय सीमा दी थी। यह समय सीमा बीती रात 12 बजे समाप्त हो गई इसलिए आज यह निर्णय लिया गया। सरकार के इस फैसले के बाद नेपाल में फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, वाट्सएप, यूट्यूब, गूगल, मैसेंजर आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निष्क्रिय करने के लिए नेपाल टेलीकॉम को पत्र भेज दिया गया है। नेपाल में अब तक सिर्फ टिकटक, वाइबर, निम्बज, विटक और पोपो लाइव ने ही कंपनी रजिस्ट्रार ऑफिस में रजिस्ट्रेशन करवाया है।

### झरिया बस स्टैंड के समीप मामूली विवाद में जमकर पत्थरबाजी

**झरिया।** थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप गुरुवार को एक बच्चे की पिटाई के बाद पत्थरबाजी की घटना हुई. घटना की सूचना मिलते ही झरिया पुलिस पहुंची. किसी तरह मामले को शांत कराया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बस स्टैंड एक प्लाई दुकान सेंटर में बलराम सिंह काम करता है. बलराम गोदाम से सामान लाने जा रहा था. तभी बगल के ही एक बच्चा को थप्पड़ मारा दिया. बच्चा रोते हुए अपने घर चला गया. उसके बाद आधा दर्जन से ज्यादा लोग दुकान पहुंचकर बलराम और भाई सुमित को दम भर पीट दिया. जैसे ही घटना की सूचना नई दुनिया स्थित बलराम के परिजनों को मिली, वे भारी संख्या में बस स्टैंड पहुंच कर पत्थरबाजी करने लगे. सड़क पर अफरातफरी मच गई. झरिया पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल बलराम को झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया.

### 18 लीटर अवैध शराब के साथ एक धराया

**धनबाद।** वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित विशेष टास्क टीम ने धनबाद रेलवे स्टेशन पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 18 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया. आरपीएफ एएसआई जीवलाल राम, आरक्षी प्रमोद कुमार, आरक्षी विवेक कुमार, प्रधान आरक्षी फूलचंद महतो की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम धनबाद स्टेशन के कालका छोर के यात्री शेड में गश्त और निगरानी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा. जांच में उसके पास 48 बोतल शराब बरामद हुई, जिसका कुल मूल्य 17,760 रुपये है. सभी बोतलों पर फॉर सेल इन झारखंड ऑन्ली अंकित था. गिरफ्तार व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम सतीश कुमार साव (उम्र 19 वर्ष, पिता स्व. कृष्णा साव, निवासी बस्ताकोला, थाना धनसार, जिला धनबाद, झारखंड) बताया.

# बलियापुर में वज्रपात से दो युवकों की मौत

शुभम संदेश। झरिया/सिंदरी









जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के मनोहरटांड़ बस्ती में गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे वज्रपात की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. घटना उस समय हुई जब दोनों युवक बजरंग पार्क के पास मौजूद थे. अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश के साथ आसमानी बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों आ गए.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वज्रपात इतना जोरदार था कि दोनों युवक मौके पर ही गंभीर रूप से झुलस गए. स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार मनोहरटांड निवासी रोहित महतो और उत्तम मल्लिक बारिश के बचने के लिए एक मंदिर में पहुंचे. जहां बिजली गिरने से दोनों युवक उसकी चपेट में आ गए. उत्तम मल्लिक के दो बच्चे है. जिसमें एक बच्चा पांच साल का है, जबकि एक बच्चा दो महीने का है. वहीं रोहित महतो की शादी नही हुई है. घटना के बाद पूरा इलाका गमगीन हो गया है. दोनों युवक दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करते थे. इस ह्रदयविदारक घटना के बाद मनोहरटांड़ बस्ती और आसपास के इलाके में मातम पसर गया. मृत युवकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. स्थानीय निवासियों ने बताया कि हाल के दिनों में मौसम में लगातार बदलाव और वज्रपात की घटनाओं ने लोगों में दहशत पैदा कर दी है.

पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया. बलियापुर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है.

**बारिश से बचने के लिए मंदिर में ली थी शरण**

गुरुवार की शाम जब गरज के साथ तेज बारिश होने लगी तो दोनों युवक पास के मंदिर में जाकर शरण ले लिया. इस दौरान वज्रपात हुई और पेड़ से टकराकर मंदिर के भीतर की ओर चली गई . जिसकी चपेट में आकर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई .

निरसा : जमकर गड़बड़ी, जांच कराएंगे सीओ

# जीएम लैंड को बनाया रैयती, पंजी 2 में दर्ज

- मौजा सिरपुरिया, खाता संख्या 82 में मांझी को बनाया था ग्वाला

अमित सिन्हा

धनबाद। धनबाद जिले में जमीनों के हेर फेर की कहानी का कोई अंत नहीं है. हर अंचल के हर मौजा में कई कहानी छुपी है. जिसे केवल अंचल अधिकारी ही समझते हैं. ताजा मामला निरसा अंचल का समाने आया है. जहां जीएम लैंड को रैयती बनाकर पंजी 2 में नाम दर्ज कर दिया गया है. ऐसे एक नहीं कई मामले हैं. निरसा अंचल अंतर्गत बेलडांगा मौजा के खाता 109 में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की आशंका देखने को मिली है. खाता 109 हाल में भी जीएम ही है. इसके बावजूद इनके कई प्लॉट को रैयती बना दिया गया है. धनबाद जिले में जमीन से जुड़ी गड़बड़ी कोई नई बात नहीं हैं. पहले भी कई बार जीएम लैंड को गलत तरीके से रैयती बनाने या अवैध रूप से हस्तांतरण के मामले सामने आ चुके हैं. बेलडांगा मौजा में सामने आए ये मामले एक बार फिर प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी को उजागर करते हैं.

**सभी मामले की जांच कराएंगे : सीओ**



तीनों मामलों पर निरसा के अंचल अधिकारी विक्रम आनंद ने कहा कि सभी मामले उनके प्रभार लेने के पहले के हैं . सभी की जांच कराएंगे . यह देखा जाएगा कि जीएम लैंड को किस आधार पर रैयती बनाकर पंजी 2 में चढ़ाया गया है .

विक्रम आनंद
अंचल अधिकारी, निरसा

**2 एकड़ 80 डिसमिल जीएम को बनाया रैयती**

**केस 1 :** निरसा अंचल अंतर्गत बेलडांगा मौजा के खाता 109 के प्लॉट संख्या 421 और 675 के 33 डिसमिल जमीन को चाइना दूबे के नाम पर चढ़ा दिया गया है .

**केस 2 :** वहीं बेलडांगा मौजा के खाता 109 के प्लॉट संख्या 834, 420, 471, 472, 473 और 5 के एक एकड़ 11 डिसमिल जमीन को मनोरंजन तिवारी के नाम पर चढ़ा दिया गया है .

**केस 3 :** इसी प्रकार निरसा के बेलडांगा मौजा अंतर्गत खाता 109 के प्लॉट संख्या 424, 251, 252, 293, 760, 837, 838, 201, 323, 329, 198 और 294 के एक एकड़ 36 डिसमिल जमीन को अशोक तिवारी के नाम पर चढ़ा दिया गया है .

**कंप्यूटर ऑपरेटर है मास्टर माइंड**

सूत्रों के अनुसार यह सारी गड़बड़ी करने में निरसा अंचल का एक कंप्यूटर ऑपरेटर बिचौलिए की भूमिका निभा रहा है . अगर जांच सही दिशा में हुई तो इसकी गर्दन भी फंस सकती है . पिछले अंचल अधिकारी के कार्यकाल में उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर उनका करीबी बना हुआ था .

# टैंकर की चपेट में आने से 11वीं के छात्र की मौत

- ट्यूशन पढकर लौट रहा था घर

शुभम संदेश। गोविंदपुर

गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड फकीरडीह के पास कोलकाता लेन में गुरुवार शाम हुई दुर्घटना में जरगड़ी गांव निवासी छात्र रोशन सिंह चौधरी उम्र करीब 17 वर्ष की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई. वह गोविंदपुर ऊपर बाजार से ट्यूशन पढ़कर अपना घर लौट रहा था. वह सरस्वती शिशु मंदिर सिंदरी का छात्र था. गोविंदपुर- निरसा जीटी रोड पर साहिबगंज मोड़ के आगे सानिया टीवीएस शोरूम के पास यह दुर्घटना हुई. घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी मो सलाउद्दीन एवं शमीम



अंसारी ने बताया कि मोटरसाइकिल पर तीन युवक गोविंदपुर से निरसा की ओर जा रहे थे. इस बीच जीटी रोड पर तेज रफ्तार से निरसा की ओर जा रही टैंकर की चपेट में मोटरसाइकिल आ गई.

(शेष पेज-11 पर)

# मरीज की मौत, एसएनएमएमसीएच में हंगामा

परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद के प्रमुख अस्पतालों में से एक, एसएनएमएमसीएच अस्पताल में गुरुवार रात एक मरीज की मृत्यु के बाद जमकर हंगामा हुआ. परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के कारण मृत्यु होने का गंभीर आरोप लगाया. मामले के अनुसार, गोधर निवासी मंजू देवी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद गुरुवार दोपहर एसएनएमएमसीएच अस्पताल के एचडीयू विभाग में भर्ती कराया गया था. परिजनों का आरोप है कि अस्पताल द्वारा दी गई दवा के बाद मरीज की हालत



बिगड़ती गई और उनकी मृत्यु हो गई. इसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए एचडीयू विभाग के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया. सूचना मिलने पर होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया. हालांकि, परिजनों ने आरोप लगाया कि इस दौरान होमगार्ड के जवानों ने महिला परिजनों के साथ बदसलूकी की. इससे मामला और बिगड़ गया. इसके बाद अस्पताल परिसर में लगा हूटर बजा और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा, जिसने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया. वर्तमान में पुलिस अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और मामले की तहकीकात में जुट गई है.

**अस्पताल में पहली बार बजा हूटर**

अस्पताल में बार-बार होने वाले हंगामों को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से परिसर में हूटर और अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे . इनके स्थापित होने के बाद गुरुवार को पहली बार हूटर बजा, जिसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा .

सर्वे में चौंकाने वाले तथ्य

# तुर्किए : बड़ी संख्या में लोग छोड़ रहे इस्लाम धर्म

- 3% लोगों ने इस्लाम छोड़ा, कोई नया व्यक्ति इस्लाम में नहीं हुआ शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली



दुनियाभर के देशों में मुसलमानों की क्या स्थिति है, इसे लेकर एक सर्वे किया गया है. इस सर्वे से पता चला है कि किन देशों में कितने लोगों ने इस्लाम छोड़ा, कितने लोगों ने इस्लाम धर्म अपनाया और किन देशों में मुस्लिमों की संख्या को लेकर कोई बदलाव नहीं हुआ है, यानी वहां न लोगों ने इस्लाम छोड़ा और न ही अपनाया.

चौंकाने वाली बात ये है कि लिस्ट में एक बहुत बड़े मुस्लिम देश का भी नाम शामिल है, जहां इस्लाम में शामिल होने वालों से ज्यादा संख्या छोड़ने वालों की है.

प्यूरिसर्च ने यह सर्वे किया है, जिसमें दुनियाभर के 36 देशों के लोगों से बात की गई और 13 देश ऐसे हैं, जिनमें इस्लाम में शामिल होने वालों की संख्या या छोड़ने वालों की संख्या में बदलाव हुआ है. इस लिस्ट में अमेरिका, भारत और सिंगापुर जैसे भी देश हैं, जहां मुस्लिम मेजोरिटी में नहीं हैं और इसी लिस्ट में तुर्किए जैसा बड़ा मुस्लिम देश भी शामिल है, जहां सबसे ज्यादा लोगों ने इस्लाम धर्म छोड़ा है.

**भारत और अमेरिका में बढ़ी या घटी मुसलमानों की आबादी?**

17 जुलाई, 2023 से 4 मार्च, 2024 के बीच यह सर्वे किया गया था . रिपोर्ट के अनुसार तुर्किए में 98 प्रतिशत लोग मुस्लिम थे, जो अब कम होकर 95 प्रतिशत हो गए हैं, यानी तीन प्रतिशत मुस्लिमों ने इस्लाम धर्म छोड़ दिया और किसी ने धर्म अपनाया नहीं . तुर्किए के अलावा लिस्ट में भारत और अमेरिका भी शामिल हैं, जहां मुस्लिम माइनॉरिटी में हैं . यहां मुस्लिमों की संख्या स्थिर है यानी न तो किसी ने इस्लाम धर्म छोड़ा और न ही अपनाया या जितने लोगों ने छोड़ा उतने ही लोगों ने अपनाया भी है .

रिपोर्ट के अनुसार लिस्ट में मलेशिया, नाइजीरिया, इंडोनेशियाइजरायल, श्रीलंका, बांग्लादेश और ट्यूनीशिया का भी नाम है .

नाइजीरिया में भी एक प्रतिशत लोगों ने इस्लाम छोड़ा है, जबकि एक प्रतिशत ने इस्लाम अपनाया भी है इसलिए यहां 38 प्रतिशत मुस्लिम लोगों की संख्या बरकरार है . मलेशिया में मुस्लिमों की संख्या 74 प्रतिशत से 75 प्रतिशत हो गई है . इसका मतलब है कि यहां एक प्रतिशत लोग इस्लाम धर्म में शामिल हुए हैं .

बांग्लादेश में मुस्लिमों की 91 प्रतिशत आबादी बरकरार है, इंडोनेशिया में भी 93 प्रतिशत मुस्लिमों की संख्या बरकरार है . ट्यूनीशिया में भी 100 प्रतिशत मुस्लिमों की संख्या कायम है . इसके अलावा, इजरायल में मुस्लिमों की सख्या एक प्रतिशत बढ़ गई है . पहले यहां 18 प्रतिशत मुसलमान थे, जो बढ़कर 19 प्रतिशत हो गए हैं .

### पैगंबर के 1500वें जन्मोत्सव पर दो दिन मुफ्त टोटो सेवा

**कुमारधुबी।** नौजवाने अहले सुन्नत शिवलीबाड़ी की ओर से गुरुवार सुबह पैगंबर हजरत मोहम्मद के 1500वें जन्मोत्सव के अवसर पर आम नागरिकों के लिए दो दिनों तक मुफ्त टोटो सेवा शुरू की गई. मौलाना मसूद अख्तर ने बारह टोटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर मौलाना मसूद अख्तर, सईद अख्तर और खालिद रजा मुसाफिर ने बताया कि शिवलीबाड़ी के नौजवानों ने पैगंबर के जन्मदिन पर कुमारधुबी के लोगों के लिए यह सेवा शुरू की है. इसका लाभ हर समुदाय के लोग बिना शुल्क के उठा सकेंगे. यह सेवा कुमारधुबी से निरसा तक उपलब्ध रहेगी.

# खालसा होटल बमकांड में शूटर मेजर व विकास सिंह बरी

शुभम संदेश। धनबाद

गोविंदपुर थाना क्षेत्र के खालसा होटल में हुए बमकांड मामले में गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय राकेश कुमार की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने विकास सिंह व जेल में बंद छोटे सरकार के शूटर मेजर उर्फ नसीम अंसारी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है . विकास सिंह की ओर से वरीय अधिवक्ता जया कुमार व अधिवक्ता आयुष सिन्हा ने पैरवी की. प्राथमिकी खालसा होटल रतनपुर जीटी रोड गोविंदपुर के संचालक गुरुचरण सिंह ने गोविंदपुर थाना में दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 11 सितंबर 2023 को सुबह 7:42 बजे उसका छोटा पुत्र तरणजीत सिंह होटल के काउंटर पर बैठा था. इस दौरान काला रंग की मोटर साइकिल पर सवार होकर दो युवक आए एवं होटल के काउंटर पर एक बम फेंका जो विस्फोट नहीं किया. इसके बाद उन्होंने दूसरा बम फेंका जिससे जोरदार विस्फोट हुआ. इस घटना से मेरा परिवार एवं होटल के सभी कर्मचारी दहशत में है इसके पूर्व छोटे सरकार के शूटर मेजर के नाम से रंगदारी के लिए मुझे धमकी दी गई है. उन्होंने आरोप लगाया है कि रंगदारी के लिए छोटे सरकार के शूटर मेजर द्वारा षडयंत्र रच कर जान मारने की नीयत से मेरे होटल में बम फेंका गया. पुलिस ने अनुसंधान के उपरांत दोनों आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र समर्पित किया था. अदालत ने आरोप गठित कर केस का विचारण शुरू किया. केस विचारण के दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों की गवाही कराई थी.

▼ ब्रीफ खबरें

## पीपल का पेड़ गिरने से एक घायल, कई बचे

**बरोरा।** लेढ़ीडूमर गांव में श्राद्धकर्म के लिए लगाए गए पंडाल पर एक पुराना पीपल का पेड़ अचानक गिर गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई. इस हादसे में हीरापुर निवासी लालचंद पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कई लोग बाल-बाल बच गए. घटना में कई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं और बिजली का खंभा टूटने तार भी गिर गया, जिसके कारण पूरे गांव में बिजली बाधित है घायल लालचंद पांडे का इलाज बोकारो के एक अस्पताल में चल रहा है. स्वर्गीय डॉ. अंबिका सिंह के पुत्र राजेश सिंह ने घायल के इलाज के लिए 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है. बिजली विभाग ने तार और खंभे को ठीक करने का काम शुरू कर दिया है. गांव में स्थिति सामान्य करने के प्रयास जारी हैं.

## महिला वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण 9 सितंबर से

**कुमारधुबी।** एग्यारकुण्ड प्रखंड के पंचायतों में सशक्त महिला नेत्री चयन को लेकर 9 सितंबर से महिला वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू होगा. यह जानकारी वार्ड सदस्यों को दिए गए पत्र में बीडीओ मधु कुमारी ने दी है. उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित किया जाएगा. मुखियाओं को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी गई है, जिसमें महिला वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण में समय पर उपस्थित कराने का निर्देश दिया गया है. मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रखंड प्रमुख संगीता महतो और एग्यारकुण्ड उत्तर पंचायत की मुखिया काकुली मुखर्जी प्रशिक्षण का संचालन करेंगी.

## गोपाल ने श्रेष्ठ कर्म जावा को किया पुरस्कृत

**बाघमारा।** विधायक प्रतिनिधि गोपाल सिंह ने डुमरा दक्षिण पंचायत में भाई-बहन के प्यार और प्रकृति पूजा से संबंधित कर्म पूजा के अवसर पर पंचायत का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने श्रेष्ठ कर्म जावा को पुरस्कृत कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सत्यजीत सोनू, राजू विश्वकर्मा, संजय बरनवाल, विजय रवानी, देव कुमार के साथ-साथ ग्रामीण महिलाएं और बच्चे भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर सामाजिक एकता और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया.

## स्वाभिमान पारजोरिया ने मनाया करम पर्व

**महुदा।** स्वाभिमान पारजोरिया की ओर से करमा पर्व का आयोजन किया गया. करमा का यह पर्व झारखण्ड की संस्कृति का प्रतिक है, साथ ही पर्यावरण के संरक्षण का भी संदेश देता है. महुदा क्षेत्र के तेलमोचो, लोहापट्टी, कुँजी, पाथरगड़िया, धोवाटाँड, काण्डरा, सिंगड़ा, छत्रुटाँड, जमडीहा, भुरूँगिया, मुरूलिडीह, कुमारडीह, सहित अन्य ग्रामों मे हर्षोउल्लास के साथ करमा पर्व मनाया गया, आखड़ा का आयोजन करने मे मुखियाओं के द्वारा सहयोग किया गया. इस अवसर पर स्वभिमान के सचिव सुषमा देवी, भुनेश्वरी देवी, माला देवी, लक्ष्मी देवी, रोमा कुमारी सहित अन्य ने भाग लिया.

# टाटा स्टील झरिया डिवीजन को फाइव-स्टार रेटिंग

### भेलाटांड कोलियरी ने वर्ष 2023-24 के लिए भूमिगत खदान श्रेणी में की उपलब्धि हासिल




**शुभम संदेश। जामाडोबा**

टाटा स्टील के झरिया डिवीजन को 04 सितंबर 2025 को मुंबई के द ट्राइडेंट में कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित स्टार रेटिंग अवार्ड्स फॉर कोल एंड लिग्नाइट माइंस में प्रतिष्ठित फाइव-स्टार रेटिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया. डिवीजन की भेलाटांड अमलगमेटेड कोलियरी ने मूल्यांकन वर्ष 2023-24 के लिए भूमिगत खदान श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल की. यह सम्मान टाटा स्टील के जेनरल मैनेजर–कोल संजय रजोरिया और चीफ, क्वारी एबी, वेस्ट बोकारो डिवीजन राज अंकुर को कोयला एवं खदान मंत्री जी. किशन रेड्डी और कोयला एवं खदान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा प्रदान किया गया. इस अवसर पर मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे. साथ ही सिजुआ कोलियरी को इस वर्ष फोर-स्टार रेटिंग से नवाजा गया. उल्लेखनीय है कि आधार वर्ष 2022-23 में भूमिगत श्रेणी के अंतर्गत सिजुआ कोलियरी को अचीवर्स प्राइज़ से सम्मानित किया गया था, जबकि जामाडोबा कोलियरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था. इससे पूर्व भी झरिया डिवीजन की चार भूमिगत कोलियरियों ने 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के स्टार रेटिंग आकलनों में कई महत्वपूर्ण पुरस्कार जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था. इस वर्ष ओपनकास्ट, भूमिगत और मिश्रित खदान श्रेणियों में कुल 383 खदानों ने भाग लिया, जिनमें से केवल 42 खदानों को ही प्रतिष्ठित फाइव-स्टार रेटिंग प्रदान की गई. भाग लेने वाली 144 भूमिगत खदानों में से मात्र 11 को कोयला मंत्रालय द्वारा यह सम्मान प्राप्त हुआ.

## आरसीएमयू शाखा सचिव राजेंद्र ने की आत्मदाह की घोषणा

**पुटकी (शुभम संदेश)।** मनमानी तरीके से कार्य आवंटन कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किये जाने के खिलाफ आरसीएमयू के शाखा सचिव राजेन्द्र सिंह ने मुनिडीह कोल वाशरी प्रबन्धन के खिलाफ़ 5 सितम्बर को आत्मदाह की घोषणा की है. प्रबन्धन को लिखे पत्र में सिंह ने कहा है कि वर्ष 1988 से बीसीसीएल की सेवा में हूं. कई महत्वपूर्ण स्थलों पर काम किया.जादूगोड़ा से मेगनाटाईट की ट्रांसपोर्टिंग कार्य भी संभाला. अचानक इस कार्य से बिना किसी आरोप या गलती के किसी दूसरे यूनियन के इशारे पर प्रबन्धन ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य से वंचित कर दिया. इससे मानसिक आघात लगा।उन्होंने प्रबन्धन को चेतावनी दी है कि समय रहते मामले का निपटारा नहीं किया गया तो 5 सिम्बर को वाशरी गेट के सामने आत्महत्या कर लेंगे.

न्यूज अपडेट

## नाश्ते की दुकान जलकर राख

**गोमो (शुभम संदेश)।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत खेसमी मुख्य सड़क पर स्थित राजू रविदास की चाय-नाश्ते की दुकान में बुधवार की रात लगभग ढाई बजे अचानक आग लग गई. इस आग में पूरी दुकान जलकर राख हो गई. राजू रविदास ने बताया कि साजिश के तहत असामाजिक तत्वों ने उनकी दुकान में आग लगा दी. आग की लपटें देखकर लोग शोर मचाते हुए बाल्टी से पानी डालकर बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू नहीं पाया जा सका. देखते ही देखते सामान सहित पूरी दुकान जलकर खाक हो गई. उन्होंने बताया कि इस घटना में लगभग बीस हजार रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है. प्रत्यक्षदर्शी समाजसेवी रविन्द्र कुमार महतो और पंचायत समिति प्रतिनिधि शंकर रविदास ने घटना की कड़ी निंदा की. तोपचांची थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है.

## विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** ईस्ट बसुरिया सात नंबर मोड़ से ईस्ट बसुरिया सेक्टर दो तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने नारियल फोड़कर किया. इस अवसर पर विधायक मथुरा महतो ने कहा कि हेमंत सरकार के नेतृत्व में राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है और विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंचाई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा होगी तथा आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा. कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि विकास सोरेन, विकास महतो, साधु महतो, उत्तम दत्ता, सांसद प्रतिनिधि दयानंद महतो, रंजीत प्रसाद, मनोज निषाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे. संवेदक पारसनाथ भगत के साथ लखनलाल टुडू, संतोष रवानी, गोपी निषाद, राजेश निषाद, संतोष कुम्हार, कालीचरण निषाद और भगीरथ महतो आदि ने भी भाग लिया. ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और शीघ्र कार्य पूरा होने की उम्मीद जताई.

## मारपीट और जान से मारने की धमकी, महिला ने की शिकायत

**बाघमारा (शुभम संदेश)।** बाघमारा थाना क्षेत्र के माटीगढ़ निवासी मिना देवी ने बाघमारा थाना में मारपीट और जान से मारने की धमकी की शिकायत दर्ज कराई है. मिना देवी ने अपने लिखित आवेदन में बताया कि 29 अगस्त 2025 को कैलाश तुरी, बंटी तुरी, बिट्टू तुरी और अंजू देवी एकजुट होकर जबरन उनके घर में घुस आए और उनके साथ-साथ उनकी बेटी और पति के साथ भी बेरहमी से मारपीट की. उन्होंने बताया कि घटना की शिकायत दर्ज कराने पर पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र भेजा. वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया. इलाज के बाद घर लौटने पर भी आरोपियों ने धमकी देना जारी रखा और कहा कि यदि उन्होंने मामले को आगे बढ़ाया तो उनकी जान ले ली जाएगी. पीड़िता मिना देवी और उनके परिवार ने बाघमारा पुलिस से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है. पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है. स्थानीय लोग इस घटना से आक्रोशित हैं और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

## आजसू का मिलन समारोह को लेकर बैठक

**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** तेतुलमारी में आजसू पार्टी राजगंज मंडल के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की एक आवश्यक बैठक सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता जगन्नाथ महतो एवं संचालन देवनारायण महतो ने किया. सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो ने बताया कि आगामी 8 सितंबर को धनबाद टाउन हॉल में आजसू का मिलन समारोह आयोजित होगा, जिसमें पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आजसू कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर तैयारी करेंगे. इस कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है. साथ ही, कई दलों को छोड़कर कार्यकर्ता आजसू पार्टी से जुड़ेंगे. बैठक में मनोज सिंह, विनोद भुइया, अनिल कुमार निषाद, निरंजन महतो, छोटू सिंह, भागीरथ महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

# डीवीसी पुटकी में खराबी आने पर झरिया में नहीं होगी बिजली बाधित

### ◆ जेबीवीएनएल व डीवीसी की बैठक में लिये गये कई निर्णय ◆ त्योहारों में निर्बाध बिजली की होगी आपूर्ति

**शुभम संदेश। धनबाद**



झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) व दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) के अधिकारियों की बैठक गुरुवार को कंबाइंड बिल्डिंग स्थित एरिया बोर्ड कार्यालय में हुई. अध्यक्षता जेबीवीएनएल जीएम अशोक कुमार सिन्हा ने की. इसमें डीवीसी की ओर से अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार हंडाल समेत अन्य मौजूद थे. वहीं झरिया, निरसा व धनबाद के चेंबर व व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए. इस दौरान मुख्य रूप से झरिया, निरसा व धनबाद में उत्पन्न बिजली संकट व आने वाले त्योहारों में निर्बाध बिजली आपूर्ति पर चर्चा की गयी. समस्या को दूर करने के लिए दोनों कंपनियों के अधिकारियों के बीच सामंजस्य बनाकर काम करने पर सहमति बनी. दुर्गा पूजा से पहले कम से कम बिजली कटौती करते हुए मेंटेनेंस का काम करने का निर्णय लिया गया. बैठक में जेबीवीएनएल की ओर से अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप समेत सभी डिवीजन के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे.

**पुटकी ग्रिड सबस्टेशन में खराबी आने से डिगवाडीह से मिलेगी बिजली :** बैठक में झरिया में बिजली समस्या का मुद्दा छाया रहा. झरिया व जामाडोबा क्षेत्र में डीवीसी के पुटकी ग्रिड सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति की जाती है. कई बार पुटकी में बिजली की समस्या आने पर दोनों क्षेत्र के उपभोक्ताओं को घंटों बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है. ऐसे में डिगवाडीह से झरिया व जामाडोबा तक नई लाइन खींचने का निर्णय लिया गया. पुटकी ग्रिड सबस्टेशन में कोई खराबी आने पर डिगवाडीह से बिजली लेकर प्रभावित इलाकों में आपूर्ति की जायेगी. जल्द ही योजना का काम पूरा होगा.

**डीवीसी व जेबीवीएनएल में सामंजस्य बना किया जायेगा मेंटेनेंस :** बैठक में त्योहारों में निर्बाध बिजली आपूर्ति का निर्णय लिया गया. इसके लिए दोनों कंपनी के अधिकारी सामंजस्य बनाकर कार्य करेंगे. दुर्गा पूजा को लेकर होने वाले मेंटेनेंस के दौरन कम से कम बिजली कटौती का निर्णय लिया गया. डीवीसी की कटौती के दौरान जेबीवीएनएल अपने क्षेत्र में मेंटेनेंस करेगा.

### नौ सितंबर को होगा रिले को-ऑर्डिनेशन का काम

डीवीसी व जेबीवीएनएल की लाइन में रिले को-ऑर्डिनेशन की कमी के कारण कई बार खराबी आने पर समय पर उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है. इस समस्या को दूर करने के लिए डीवीसी व जेबीवीएनएल के अधिकारी नौ सितंबर को अपने-अपने लाइन में रिले को-ऑर्डिनेशन का काम करेंगे. इससे किसी भी लाइन में बिजली की खराबी आने पर पता लगाना आसान होगा.

## ईद-मिलाद-उन्नबी पर बाघमारा-बरोरा में पुलिस का फ्लैग मार्च



**शुभम संदेश। बाघमारा**

ईद-मिलाद-उन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बाघमारा और बरोरा पुलिस ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला. फ्लैग मार्च के दौरान दोनों थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया. इस अवसर पर बाघमारा थाना प्रभारी अजीत कुमार और बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार मौजूद रहे. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और सभी से त्योहार को शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की.

# परीक्षा देकर लौट रहे दो छात्र सड़क दुर्घटना में घायल

**शुभम संदेश। महुदा**





धनबाद-बोकारो मार्ग पर महुदा मोड़ स्थित कांद्रा पंचायत सचिवालय के पास बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में दो छात्र घायल हो गए. जानकारी के अनुसार सोनारडीह निवासी लक्ष्मी नारायण महतो के पुत्र रूपेश कुमार और पुत्री बबीता कुमारी रेलवे की परीक्षा देकर बोकारो से लौट रहे थे. इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल सड़क पार कर रहे एक भैंस से टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को भुरुंगिया स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया और उनके परिजनों को सूचना दी. सूचना मिलते ही महुदा थाना के एएसआई महेंद्र राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया. बेहतर इलाज के लिए परिजन घायलों को अन्य अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे हैं. दोनों छात्रों के पिता लक्ष्मी नारायण महतो पुलिस विभाग में सरकारी चालक के पद पर सिंदरी में पदस्थापित हैं. सूचना मिलते ही वे महुदा के लिए रवाना हो गए.

## विधायक ने किया नाली निर्माण का शिलान्यास



**महुदा (शुभम संदेश)।** डीएमएफटी योजना से लोहापट्टी पंचायत सचिवालय के समीप शंकर महतो के घर से प्रहलाद महतो के घर तक नाली निर्माण कार्य हेतु शिलान्यास किया गया. इस मौके पर उपस्थित बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया सुनिता देवी ने नारियल फोड़कर कार्य का शिलान्यास किया. उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि लोहापट्टी गांव के आसपास टोला में घर का पानी सड़क में ही बहता था. जिससे सड़क में फिसलन होने से लोग गिर जाते थे. ग्रामीणों के मांग पर यहाँ नाली का निर्माण शुरू हो रहा है. इससे ग्रामीणों की समस्या काफी हद तक ठीक रहेगा. मौके पर मुखिया सुनीता देवी, भरत गोप, मनोज रविदास, प्रेम गोप, टिंकू सिंह, टिंकू महतो आदि मौजुद थे.

# शिक्षक होते हैं समाज सुधारक, उनके बिना समाज है अधूरा : विजय झा

### श्रीकृष्णा मातृ सदन एवं सात्विक आईवीएफ ने शिक्षकों का किया सम्मान, चिकित्सा शिविर में 40 दम्पतियों को मिला चिकित्सा परामर्श



**शुभम संदेश। कतरास**

शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर श्री कृष्णा मातृ सदन रानी बाजार कतरास एवं सात्विक आईवीएफ के द्वारा हिंदी कन्या मध्य विद्यालय कतरास के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित अन्य विद्यालय के शिक्षक और शिक्षकाओं को सम्मानित किया गया. साथ ही सात्विक आईवीएफ धनबाद के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें जिसमें कई दंपतियों का निःशुल्क ईलाज परामर्श दी गई. कार्यकर्म का उद्घाटन संयुक्त रूप से डॉक्टर विश्वनाथ चौधरी, उषा चौधरी, महादेव चटर्जी, गुजराती स्कूल के प्रधानाध्यापक आशुतोष पांडेय, डॉक्टर शिवानी झा, विजय कुमार झा, राखी कुमारी प्रभारी प्रधानाध्यापक हिंदी कन्या मध्य विद्यालय, मनीषा मीनू (न्यूट्रीशियन) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन, कन्या पाठशाला की शिक्षिका स्वर्गीय प्राणी मिश्रा (माता डॉ शिवानी झा) एवं डीएवी मिड्ल स्कूल कतरास स्वर्गीय चुनचुन मिश्रा (चाचा डॉ शिवानी झा) के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता गुजराती स्कूल के प्रधानाध्यापक आशुतोष पांडेय तथा मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता गौतम मंडल तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नेहा प्रियदर्शिनी ने किया. विजय कुमार झा ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को शिक्षक दिवस के अवसर नमन करते हैं. शिक्षक समाज के सुधारक होते हैं, उनके बिना समाज अधूरा है. समारोह को संबोधित करते हुए डॉ शिवानी झा ने कहा कि हिंदी कन्या मध्य विद्यालय से शिक्षा की शुरआत की थी. डॉ विश्वनाथ चौधरी, डॉ नेहा प्रियदर्शिनी ने शिक्षकों के सदैव सम्मान करने की बात कही. निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 40 दम्पतियों को चिकित्सा परामर्श दी गई. सम्मानित होने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं में राखी कुमारी प्रभारी प्रधानाध्यापिका, रेखा कुमारी सहायक शिक्षिका, मनीषा कुमारी सहायक शिक्षिका, श्रवण कुमार महतो, उमेश चंद्र महतो, रूपेश कुमार बर्मन, जावेद इकबाल, सीमा रानी, कविता शर्मा, वंदना कुमारी, संगीता बर्मन, सविता कुमारी, पिंकी कुमारी, ममता कुमारी, श्री सूर्यनारायण तिवारी भूतपूर्व प्रधानाध्यापक कन्या हिंदी मध्य विद्यालय, महादेव चटर्जी, आशुतोष पांडेय प्रधानाध्यापक गुजराती स्कूल कतरास, सरिता वर्मा डिनोबली स्कूल कोराडीह, सरिता गुप्ता, पूजा भारती कुमारी ज्ञान शिशु मंदिर रानी बाजार कतरास, रूबी हाजरा टाटा डी ए वी, विवेक सिन्हा विज्ञान शिक्षक सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह कतरास, विशाल सिन्हा, पवन पांडे डीएवी स्कूल कोयला नगर धनबाद आदि थे. कार्यकर्म में मुख्य रूप से विनोद सिंह, राणा प्रताप चौहान, शंकर चौहान, अनुज सिन्हा, अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी, डॉ विनय कुमार, राजेश चोपड़ा, सात्विक आईवीएफ धनबाद, श्रीकृष्णा मातृ सदन रानी बाजार कतरास एवं चौधरी नर्सिंग होम कतरास के स्टाफ ने मुख्य भूमिका निभाई.

### राष्ट्रनिर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर सेमिनार का आयोजन

## समर्पित शिक्षक ही करते हैं राष्ट्र का नवनिर्माणः सहदेव महतो



**कतरास।** शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय राजगंज में विनोद ज्ञान ज्योति सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसका विषय था राष्ट्र के नवनिर्माण में शिक्षकों की भूमिका. कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो एवं विनोद ज्ञान ज्योति सेवा ट्रस्ट के संयोजक शंकर किशोर महतो ने संयुक्त रूप से डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया. संस्था के निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि शिक्षक एक व्यक्ति का निर्माण करता है, व्यक्ति से परिवार ,परिवार से समाज, समाज से गांव , गांव से राज्य, राज्यों से राष्ट्र का निर्माण होता है. शंकर किशोर महतो ने मोबाइल के नुकसान, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, नशे की लत और समय की बर्बादी के अंधेरे से बाहर निकालने के लिए शिक्षा के साथ-साथ मजबूत सामाजिक सेवा करने की बात कही. मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के उप प्रधानाचार्य संतोष कुमार महतो, पूर्व प्रधानाध्यापक इंद्र नारायण महतो, साक्षी कुमारी, प्राची कुमारी ,प्रियांशु मुर्मू ,आर्स सोरेन सोनम कुमारी, नेहा कुमारी, माही कुमारी ,रिया कुमारी ,बिट्टू कुमार महतो, शिवांश कुमार ,अंशु कुमार महतो, सूरज कुमार महतो ,कुंदन कुमार महतो आदि उपस्थित थे.

## मारवाड़ी युवा मंच, झरिया ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**झरिया।** शिक्षक दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा की ओर से 4 सितम्बर को शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य झरिया क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचे और उन प्राचार्यों को सम्मानित किया, जिन्होंने मंच की सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है. मंच के सदस्यों ने प्राचार्यों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. सम्मानित प्राचार्यों में पूनम गोयल (प्राचार्या, बालिका विद्या मंदिर), मनोज कुमार रवानी (प्राचार्य, मारवाड़ी स्कूल, झरिया), मुनमुन दास (प्राचार्या, महिला महाविद्यालय), माधुरी गांगुली (प्राचार्या, स्वामी विवेकानंद स्कूल), गौतम बनर्जी (प्राचार्य, लक्ष्मी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर), गीताली सिन्हा (प्राचार्या, यशोमति श्री विद्या निकेतन) एवं डॉ. स्नेहलता (प्राचार्या, किड्स गार्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल) शामिल रहीं. महिला महाविद्यालय में समिति के अध्यक्ष सीए दीपक अग्रवाल, बसंत अग्रवाल एवं बिनोद मोदी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, गौतम अग्रवाल, विवेक लिल्हा, राजीव सांवन्तिया, नेहा मित्तल, अनूप मित्तल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम की सफलता में सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा.

## डीएवी बरोरा में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन



**बरोरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, बरोरा में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक जी.के. मेहता, क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक प्रमेंद्र कुमार, प्राचार्य राकेश शर्मा ने प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी. शिक्षक श्रीकांत पांडेय ने शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित करती एक प्रेरक कविता प्रस्तुत की. मुख्य अतिथि जीके मेहता ने कहा कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह होता है, जो बच्चों के भीतर की बुराइयों को दूर कर उन्हें सहारा देता है और डांट-फटकार के माध्यम से उनके जीवन को सही दिशा प्रदान करता है. कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया. यह आयोजन शिक्षक-छात्र संबंधों को और मजबूत करने का एक यादगार अवसर रहा.

# दोहरे हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार



शुभम संदेश। दुमका

दुमका एसपी पीतांबर सिंह खरवार ने गुरुवार को अपने आवासीय कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को बताया कि 02 सितम्बर 2025 की सुबह लगभग 4:00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि शिकारीपाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सुंदरा फलान में एक वृद्ध दंपति की हत्या कर दी गई है. सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस दल गांव पहुंचा तो पाया गया कि एक घर के आंगन और कमरे में साहेब हेम्ब्रम (58 वर्ष) और उनकी पत्नी मंगली किस्कू (53 वर्ष) का शव पड़ा था. दोनों की हत्या धारदार हथियार से की गई थी. मृतक दंपति की दो बेटियां हीरामणि हेम्ब्रम और बेनी हेम्ब्रम भी घायल अवस्था में पाई गईं, जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल, दुमका भेजा गया. प्रारंभिक अनुसंधान में यह तथ्य सामने आया कि यह हत्या हीरामणि हेम्ब्रम के मित्र लोकेश मुर्मू (निवासी-पाकुड़) द्वारा की गई थी. अस्पताल में इलाजरत हीरामणि हेम्ब्रम के फर्दबयान के आधार पर शिकारीपाड़ा थाना कांड संख्या-94/25, दिनांक-02 सितम्बर 2025 धारा 302, 307, 324, 449 भादवि के अंतर्गत अभियुक्त लोकेश मुर्मू के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया. कांड की गंभीरता को देखते हुए और अभियुक्त के फरार रहने की स्थिति में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित की गई. गठित टीम ने संभावित स्थानों पर लगातार छापामारी की और 03 सितम्बर 2025 को अभियुक्त लोकेश मुर्मू को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया तथा उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार (हंसुआ) बरामद किया गया. उसने बताया कि मृतक दंपति उसकी शादी हीरामणि हेम्ब्रम से कराने के लिए तैयार नहीं थे. इसी आक्रोश में आकर उसने इस घटना को अंजाम दिया. गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लोकेश मुर्मू, पिता–सामुएल मुर्मू, ग्राम–पहरूबाना, थाना–मुफ्फसिल, जिला–पाकुड़ के रूप में की गई. छापामारी दल में विजय कुमार महतो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, दुमका, पु.नि. अमित कुमार लकड़ा, थाना प्रभारी, शिकारीपाड़ा थाना, पु.अ.नि. आनंद हेम्ब्रम, शिकारीपाड़ा थाना, पु.अ.नि. आशीष भारद्वाज, शिकारीपाड़ा थाना, पु.अ.नि. सुमित कुमार भगत, थाना प्रभारी, गोपीकान्दर, पु.अ.नि. अनुज कुमार, प्रभारी, दिग्घी ओपी, पु.अ.नि. नंदन कुमार, मुफ्फसिल थाना, पु.अ.नि. रवि शंकर, मुफ्फसिल थाना, आरक्षी अमित कुमार शामिल थे.

# जुआ खेलते दो धराए, गए जेल

## 10,950 रुपया नकद, ताश की पत्तियां और दो मोबाइल बरामद

शुभम संदेश। बोकारो

चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मामरकुदर गांव में जुआ खेलते दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. चास मुफ्फसिल थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान थाना प्रभारी प्रकाश मंडल ने बताया कि 03 सितम्बर 2025 को चास (मु.) थाना क्षेत्र के स्थानीय आम जनता से प्राप्त शिकायत एवं पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार एक टीम गठित की गई. टीम ने शाम करीब 5:30 बजे मामरकुदर गांव में छापेमारी की. छापेमारी के दौरान दो लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया, जबकि अन्य लोग भागने में सफल रहे. गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान कृष्णा कुमार महतो उर्फ मनोज महतो (पिता स्व. साधु महतो, ग्राम-हरिलागोडा) और शिवनाथ महतो (पिता स्व. श्रीपति महतो, ग्राम-हरिडीह, रघुनाथ चौक, पो. दुधिगाजर, थाना-चास (मु.), जिला-बोकारो) के रूप में हुई. इनके पास से 10,950 रुपया नकद, ताश की पत्तियाँ और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए. दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. मामले में कांड दर्ज कर अनुसंधान जारी है तथा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है. छापेमारी दल में पुअनि अभिषेक रंजन (थाना प्रभारी, पिंड्राजोरा थाना), पुअनि सरज कुमार (थाना प्रभारी, चंदनकियारी थाना), पुअनि कोशलेन्द्र कुमार (थाना प्रभारी, बरमसिया ओपी), पुअनि रवि कुमारी भारती (चास (मु.) थाना), सअनि अनिल कुमार सिंह (पिंड्राजोरा थाना), हव. अमरेश कुमार (चास (मु.) थाना रिजर्व गार्ड), आरक्षी संधिया हेम्ब्रम (चास (मु.) थाना रिजर्व गार्ड), आरक्षी जाकिर हुसैन अंसारी (चिरा चास थाना), आरक्षी खगेश्वर जेराई (चिरा चास थाना), आरक्षी मिथुन रजवार (चिरा चास थाना), आरक्षी कमलेश कुमार सिंह (अंगरक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चास, बोकारो) सहित अन्य जवान शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक ने ली राय

**गांडेय (गिरिडीह)।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद को लेकर गुरुवार को गिरनिया मोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश पर्यवेक्षक इमरान खेड़ेवाल उपस्थित हुए. उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक-एक कर राय ली कि जिला अध्यक्ष पद पर किसे नियुक्त किया जाना चाहिए. इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए पूरे देश में संगठन का विस्तार किया जा रहा है. ऐसे व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा जो संगठन को मजबूत करे और सभी वर्गों को पार्टी से जोड़कर जनाधार बढ़ाने में सक्षम हो. उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यकर्ताओं की राय दिल्ली तक पहुंचाई जाएगी और उसी के आधार पर जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा. गिरिडीह जिला पर्यवेक्षक जय प्रकाश भाई पटेल ने भी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जिला अध्यक्ष पद को लेकर फीडबैक लिया. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मो. अकबर अंसारी, सतीश केडिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### ठेका मजदूरों ने ली किम्स की सदस्यता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सीआरएम विभाग के लगभग 25 ठेका मजदूरों ने गुरुवार को किम्स यूनियन के महामंत्री संग्राम सिंह की उपस्थिति में किम्स यूनियन की सदस्यता ग्रहण की. ज्ञात हो कि किम्स यूनियन के महामंत्री संग्राम सिंह के अथक प्रयासों से ठेका मजदूरों को सीएलएस भुगतान, पहली बार पूरा ईएल बोनस तथा पहली बार सेफ्टी किट उपलब्ध हुआ है. सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुजीत राय, एन. के. पांडे, दिवाकर गोप, मंझली देवी, अरसू मुर्मू, अहमद रजा, टोपेश्वर, संतोष कुमार, रमेश कुमार, मंगरू कुमार, शंभू कुमार, प्रेम, अरुण कुमार, राजेश महतो आदि शामिल थे.

### करमा पूजा अखड़ा में शामिल हुए मुखिया

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड के कल्हाबार पंचायत के विभिन्न गांवों में आयोजित करमा पूजा में पंचायत के मुखिया नूरउद्दीन अंसारी शामिल हुए और सभी अखड़ों में यथासंभव आर्थिक सहयोग किया. मुखिया का स्वागत पारंपरिक कर्मा गीत और झूमर गाकर किया गया. वहीं मुखिया ने भी मांदर बजाकर और सामूहिक नृत्य में शामिल होकर करमा महोत्सव का आनंद लिया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि करमा भाई-बहनों के बीच आपसी प्रेम और स्नेह की प्रगाढ़ता का प्रतीक है तथा यह प्रकृति संरक्षण का संदेश भी देता है. कार्यक्रम में दीपक सिन्हा, प्रकाश महतो, प्रेमचंद महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# पत्थर खदान में हाइवा गिरने से चालक की मौत



शुभम संदेश। गोड्डा

हंसडीहा–महगामा फोरलेन निर्माण कार्य में लगी डीबीएल कम्पनी द्वारा संचालित पत्थर खदान में हाइवा गाड़ी के गिर जाने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा बीती रात गोड्डा जिले के पौड़ेयाहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशल टोला गांव के पास हुआ. दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड द्वारा पिछले तीन वर्षों से इस पत्थर खदान का संचालन किया जा रहा है. यहां से निकाले गए पत्थरों का उपयोग फोरलेन सड़क निर्माण में किया जा रहा था. मजदूरों के अनुसार देर रात जब कंपनी की गाड़ी पत्थर लोड करने के लिए खदान में प्रवेश कर रही थी, तभी गाड़ी असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई और खदान में गिर गई. इसकी चपेट में आने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक चालक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी शेषनाग कुशवाहा के रूप में हुई.

**घटना के बाद आक्रोशित मजदूरों ने किया काम ठप**

हादसे के बाद आक्रोशित मजदूरों ने काम बंद कर दिया, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो गया. मजदूरों का कहना है कि अत्यधिक दबाव में काम लेने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं और अब तक कई मजदूर अपनी जान गंवा चुके हैं. उन्होंने पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की. दुर्घटना के बाद प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं. लंबे समय से खदान का संचालन जारी है, लेकिन क्या खदान संचालन में सुरक्षा मानकों का पालन हुआ? क्या विभागीय अधिकारियों ने माइंस का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट दी? ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं, जिनका जवाब मिलना आवश्यक है.

## गिरिडीह : सड़क हादसे में दो की मौत, छह घायल

**गिरिडीह।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुरुवार को दो अलग–अलग सड़क हादसो में दो लोगों की मौत हो गई और कई व्यक्ति घायल हो गए. पहली घटना मुफ्फसिल थाना इलाके के गिरिडीह डुमरी रोड में न्यू समाहरणालय के गेट सामने हुई. जिसमें एक अज्ञात चार पहिया वाहन बाइक सवार संजय दास को टक्कर मारकर फरार हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही उसकी मौत हो गई. मृतक संजय दास तुरुकडीहा का रहने वाला था और पत्नी से मिलने वह अपने ससुराल जा रहा था. जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गई. हालांकि स्पष्ट नहीं हुआ है कि किस गाड़ी से संजय दास की मौत हुई. वहीं दूसरी घटना जिले के बगोदर थाना इलाके में नेशनल हाईवे के समीप हुई, जहां सडक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. घटना का कारण गाड़ी का टायर ब्लास्ट होना बताया गया है. घटना के बाद गाड़ी का चालक फरार हो गया. बताया गया कि एक्सयूवी गाड़ी में सात लोग सवार थे और सभी डुमरी से हजारीबाग के गोरहर जा रहे थे. इसी दौरान बगोदर थाना इलाके के हेसला के समीप टायर ब्लास्ट हुआ इससे गाड़ी पलट गई. इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इसमें तीन लोगों की स्थिति नाजुक है. सभी को हजारीबाग रेफर कर दिया गया. इधर, जानकारी मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गई. फिलहाल मृतक सहित किसी की पहचान नहीं हो पायी है, जबकि एक्सयूवी का चालक फ़रार होने में सफल रहा है.

### डी. वाई. पाटिल स्कूल में शिक्षक दिवस आयोजित

**बोकारो (शुभम संदेश)।** डी.वाई. पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया. यह समारोह वरिष्ठ छात्रों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया. नन्हें बच्चों ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए तथा सुंदर नृत्य के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष पंकज सिंह एवं पूनम सिंह तथा निदेशिका व प्राचार्या शीला लाल उपस्थित थीं. विद्यालय के उप-प्राचार्य मनोज कुमार के तत्वावधान में हेड बॉय सुमित कुमार और हेड गर्ल अदिति सिंह ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया. समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया. अध्यक्ष पंकज सिंह ने शिक्षकों की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति सजगता, कटिबद्धता, विद्यालय के प्रति उनकी कर्मठता, ईमानदारी और योगदान की सराहना की. विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार और सम्मान प्रकट करने के लिए अपने अनूठे अंदाज में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए. इस समारोह का उद्देश्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानना और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था. समारोह के अंत में अध्यक्ष पंकज सिंह ने सभी शिक्षकों को पारितोषिक प्रदान कर उनका सम्मान किया. उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयासों से ही पल्लवित और सिंचित होता है.

## न्यूज अपडेट

### बेंगाबाद में फ्लैग मार्च, शांति और सौहार्द की अपील

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** ईद-ए-मिलादुन्नबी सहित आगामी सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को बेंगाबाद में प्रशासन और पुलिस बल की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया. मार्च का नेतृत्व बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू और थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने किया. यह मार्च थाना परिसर से शुरू होकर बेंगाबाद बाजार, फुरसोडीह और आसपास के गाँवों के चौक-चौराहों से होकर गुजरा. मार्च के दौरान पुलिस अधिकारी और जवान लोगों से शांति बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा साफ-सफाई पर ध्यान देने की अपील करते दिखे. बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू ने कहा कि त्योहार सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं. इनका उत्सव तभी सार्थक होगा जब सभी लोग मिल-जुलकर भाईचारे के साथ इन्हें मनाएं. वहीं, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने लोगों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया. फ्लैग मार्च में एसआई उदय नारायण सिंह, रणधीर कुमार सिंह, रवींद्र सिंह, विभूति देव, एएसआई अजय ठाकुर, अशोक कुमार, बुद्धेश्वर सरदार सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे. समाजसेवी सुनील यादव सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे. फ्लैग मार्च के दौरान पूरे क्षेत्र का माहौल शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा. लोगों ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए भरोसा दिलाया कि त्योहार आपसी एकता और भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे.

### डीपीएस में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बोकारो (शुभम संदेश)।** डीपीएस बोकारो में गुरुवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों का रूप धरकर प्रार्थना सभा का संचालन किया और गीत, नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को जीवंत बना दिया. प्राचार्य डॉ. ए.एस. गंगवार ने शिक्षकों को भविष्य-निर्माता बताया और बच्चों को ईमानदारी व स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दी. इस अवसर पर शिक्षकों ने 80-90 के दशक के सदाबहार गीतों की आकर्षक मेडली, नृत्य और समूहगान प्रस्तुत कर समां बाँध दिया. प्राचार्य ने शिक्षकों को सम्मानित भी किया. समारोह के दौरान डीपीएस सोसाइटी के अध्यक्ष बी.के. चतुर्वेदी एवं उपाध्यक्ष पद्मभूषण वी.के. शुंगलू द्वारा प्रेषित संदेश भी सभी को सुनाए गए. विद्यालय की प्राइमरी इकाई में भी बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. दोनों इकाइयों में आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे.

### तिसरी में निकला फ्लैग मार्च

**तिसरी (शुभम संदेश)।** ईद-ए-मिलाद-उन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को तिसरी प्रखंड में फ्लैग मार्च निकाला गया. इस मार्च का नेतृत्व पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार और थाना प्रभारी ने किया. मार्च तिसरी थाना से शुरू होकर चौक होते हुए चंदौरी, पलमरुआ, सिंघो होकर पुनः थाना परिसर लौटा. इस दौरान थाना प्रभारी ने आमजनों से अपील की कि वे पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और प्रशासन को सहयोग करें. साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाहें न फैलाने की बात कही. किसी प्रकार की समस्या या सूचना होने पर तुरंत पुलिस को जानकारी देने की सलाह दी. थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मित्र का गठन भी किया गया है, जिनसे सहयोग की अपेक्षा है. इस अवसर पर नंद जी राय, मनीष कुमार, नीरज कुमार, राहुल कुमार, रामकुमार, आनंद कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

### भाषा एवं साहित्य के संवर्धन का परिषद ने किया स्वागत

**बोकारो (शुभम संदेश)।** झारखंड सरकार द्वारा कला, संस्कृति, भाषा एवं साहित्य के संरक्षण-संवर्धन के लिए तीन अकादमी गठित करने का निर्णय कैबिनेट में लिए जाने पर अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद् बोकारो के जिला अध्यक्ष गंगेश कुमार पाठक ने स्वागत किया. उन्होंने कहा कि झारखंड की कला-संस्कृति के साथ-साथ यहां प्रचलित प्रमुख भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन हेतु राज्य सरकार का यह कदम सराहनीय है. उन्होंने कहा कि साहित्य अकादमी के गठन से भाषा, लिपि और साहित्य अधिक समृद्ध एवं सुव्यवस्थित होंगे. साथ ही, 18 द्वितीय राजभाषाओं के समुचित विकास के लिए अकादमी के गठन से भाषाई साहित्य का भी उल्लेखनीय विकास होगा. इस निर्णय का स्वागत करने वालों में अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद् जिला बोकारो के अध्यक्ष गंगेश कुमार पाठक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमिरिनाथ झा अमर, बुद्धिनाथ झा, तुलानंद मिश्र, गणेश चंद्र झा, सर्वन झा, मिहिर कुमार झा, रमन झा, संजय चौधरी, ज्योतिष चंद्र झा, गोविंद झा, नगीना प्रसाद महतो समेत समस्त मैथिल समाज के सदस्य शामिल रहे.

### एनएच किनारे बाय लेन निर्माण की मांग

**बोकारो (शुभम संदेश)।** बोकारो-रामगढ़ एनएच-23 पर आए दिन हादसों से पैदल व छोटी गाड़ियों के सवारों की जान जा रही है. भाजपा चास उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष हारु झरियात ने हाईवे किनारे बाय लेन निर्माण की मांग की है. उन्होंने कहा कि तीन साल बीत जाने के बाद भी सर्विस लेन नहीं बनने से लोग मजबूरी में हाइवे पर चलते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं. इस संबंध में भाजपा प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेगा.

# जीएसटी में ऐतिहासिक सुधार से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत : अन्नपूर्णा



शुभम संदेश। जमुआ (गिरिडीह)

केंद्रीय मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने जीएसटी परिषद द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मार्गदर्शन में परिषद ने कर ढांचे को सरल बनाते हुए अब केवल 5% और 18% जीएसटी स्लैब को बनाए रखने तथा 12% और 28% स्लैब को समाप्त करने का निर्णय लिया है. इस कदम से रोजमर्रा की उपभोग वस्तुएँ, किसानों के उपकरण, शिक्षा सामग्री, स्वास्थ्य सेवाएं और इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते होंगे. अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह सुधार मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने के साथ-साथ महिलाओं, किसानों और छोटे उद्यमियों को भी व्यापक लाभ पहुंचाएगा. उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में एक ठोस पहल बताते हुए कहा कि यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को गति देगा और विकसित भारत के लक्ष्य को और सशक्त बनाएगा.

# दसलक्षण पर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म पालन का विशेष महत्व

शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)



जैन धर्म हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक अहम हिस्सा है. यह केवल धर्म ही नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और परिष्कृत जीवन को पाने का माध्यम है. दसलक्षण पर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म का पालन किया जाता है. वैसे तो जैन धर्म के प्रत्येक त्योहार सांसारिक आसक्ति के त्याग और प्रभु-मनन की अवधारणा पर आधारित हैं, लेकिन दसलक्षण पर्व सद्गुणों को अपनाने और वैचारिक कषायों से मुक्ति पाने का विशेष संदेश देता है. यह बातें पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य सह जैन धर्मावलंबी सुनील कुमार जैन ने कही. गुरुवार को पर्युषण पर्व के आठवें दिन सूर्योदय पूर्व ही जैन धर्मावलंबी पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे जैन कोठी स्थित मंदिर में एकत्र हुए. सभी भक्तों ने भगवान का अभिषेक-पूजन किया. आरती और भजन से पूरा इसरी बाजार भक्तिमय हो उठा. सुनील कुमार जैन ने बताया कि आज के दिन जीवन में व्याप्त हिंसा, लोभ, क्रोध, ईर्ष्या और तामसिक प्रवृत्तियों जैसे कषायों को दूर करने की शपथ ली जाती है. संध्या में 48 दीपक जलाकर भक्तामर स्तोत्र का पाठ किया जाता है. उनका कहना था कि त्याग की भावना मनुष्य के भीतर आत्मिक खुशी और शुद्धता का संचार करती है. उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में पराए धन और परायी स्त्री के प्रति आशक्ति जैसी प्रवृत्तियाँ समाज को कलुषित कर रही हैं. यह इच्छा ही जब कषाय का रूप ले लेती है, तब इंसान बुरे कृत्यों के मार्ग पर चल पड़ता है. इस इच्छा के शमन का सबसे उत्तम तरीका त्याग की भावना को अपनाना है. दान भी उत्तम त्याग का मार्ग प्रशस्त करता है. आज समाज में अहंकार के वशीभूत होकर लोग दूसरों की रोजी-रोटी पर भी अतिक्रमण कर रहे हैं. यह सब केवल झूठी आन-बान-शान के दिखावे के लिए किया जाने वाला पाप है. सुनील कुमार जैन ने कहा कि उत्तम त्याग धर्म वही है, जो स्व-कल्याण से अधिक पर-कल्याण और जगत-कल्याण की भावना को महत्व देता है. मन, वचन और कर्म से सत्य, अहिंसा, अचौर्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का पालन करना ही वास्तविक उत्तम त्याग है.

## मुख्य सचिव अलका तिवारी का दुमका दौरा, महिला उद्यमिता को मिला बढ़ावा

# दीदी की दुकान को मिली 30 हजार प्रोत्साहन राशि



शुभम संदेश। दुमका

मुख्य सचिव, झारखंड सरकार अलका तिवारी ने आज दुमका जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत झाझापारा गांव, दरबारपुर पंचायत का दौरा किया. इस अवसर पर उन्होंने दीदी की दुकान कार्यक्रम के तहत महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए एक लाभुक को 30,000 रुपया की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की. उक्त लाभुक को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से 30,000 रुपया एवं बैंक ऋण के माध्यम से 50,000 रुपया की सहायता प्राप्त हुई थी. इन निवेशों से उन्होंने अपनी छोटी दुकान के संचालन और विपणन को सशक्त बनाया. दौरे के दौरान मुख्य सचिव ने लाभुक से प्रतिदिन की बिक्री और मासिक आमदनी पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि ऐसे सूक्ष्म उद्यमों को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, विशेषकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रास्ते में कई स्थानों पर दीदी की दुकान दिखाई दी, जो झारखंड में महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल है. इस पहल से लाभुक न केवल अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं, बल्कि परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी निभाने में भी अहम योगदान दे रही हैं. यह प्रयास महिला उद्यमिता को नई दिशा देने वाला साबित हो रहा है. इस दौरान उपायुक्त अभिजीत सिन्हा सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित थे.

## मुख्य सचिव ने की बाबा बासुकीनाथ की पूजा-अर्चना

**दुमका।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सपरिवार विधि–विधान के साथ बाबा बासुकीनाथ की पूजा–अर्चना की एवं बाबा फौजदारीनाथ का जलाभिषेक भी किया. उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मुख्य सचिव को बासुकीनाथ का स्मृति–चिह्न भेंट किया. इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार, उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, डीएफओ सात्विक व्यास सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित थे.



# गांधीजी के खरगडीहा आगमन की शताब्दी को लेकर बैठक

## विशेष कार्यक्रम आयोजन करने का लिया निर्णय

शुभम संदेश। जमुआ (गिरिडीह)

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के खरगडीहा आगमन की शताब्दी समारोह को लेकर खरगडीहा स्थित बेसिक स्कूल में बैठक आयोजित की गई. ज्ञात हो कि 6 अक्टूबर 1925 को महात्मा गांधी जी खरगडीहा आए थे और इस दौरान वे पैदल यात्रा कर पचंबा गोशाला गए थे. इस ऐतिहासिक क्षण की शताब्दी को यादगार बनाने और गांधीजी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बैठक में कई निर्णय लिए गए. बैठक की अध्यक्षता सुन्दरमणि राम ने की. बैठक में जमुआ प्रखंड के समाजसेवी, बुद्धिजीवी, पत्रकार, शिक्षाविद् और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए. मुख्य एजेंडा था गांधीजी के खरगडीहा आगमन की शताब्दी पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन. इसके तहत विचार गोष्ठी, प्रभातफेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गांधीजी के जीवन एवं संघर्षों पर आधारित प्रदर्शनी लगाने का प्रस्ताव रखा गया. साथ ही गांधीजी की प्रतिमा स्थापित करने, कार्यक्रम स्थल पर मेले का आयोजन करने और राजकीय बुनियादी विद्यालय, खरगडीहा को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने की दिशा में पहल करने का भी सुझाव दिया गया. बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी का खरगडीहा आगमन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है. उनकी शिक्षा आज भी सामाजिक एकता, अहिंसा और स्वराज की दिशा में मार्गदर्शन करती है. इस अवसर पर अनिल चौधरी, मो. कौसर, विजय चौरसिया, सच्चिदानंद सिंह, अमित सिंह, रोहित दास, आलम अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया. वहीं खरगडीहा निवासी मोख्तार शेख ने गांधीजी की प्रतिमा की संपूर्ण लागत वहन करने की घोषणा की. बैठक में यह भी तय किया गया कि आने वाले दिनों में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि स्थानीय जनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके और गांधीजी की शताब्दी पूरे क्षेत्र में ऐतिहासिक रूप से मनाई जा सके. बैठक में प्रफुल्ल सिंह, इरफान आलम, मन्नूवर हसन बंटी, देवेंद्र कुमार गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

# 3 लाख 56 हजार 774 बहनों को मिली अगस्त महीने की सम्मान राशि



शुभम संदेश। धनबाद

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अगस्त 2025 में धनबाद जिले की कुल 3,56,774 बहनों को सम्मान राशि (2500 रुपए प्रति लाभुक) का सीधे उनके बैंक खातों में आधार-बेस्ड भुगतान कर दिया गया है. इस संबंध में उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि इसमें कुल 89 करोड़ 19 लाख 35 हजार रूपये की राशि अंतरण की गई है. साथ ही योजना अंतर्गत जिला के लाभुकों को जुलाई महीने में सम्मान राशि का भी भुगतान किया गया है. उन्होंने बताया कि यह योजना राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सम्मानित जीवन देने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत लाभुक महिलाओं को हर माह 2500 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाती है. उपायुक्त ने कहा कि जिन लाभुकों का आवेदन स्वीकृत हो चुका है लेकिन उनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं, वैसे लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. सभी लंबित लाभुकों से शीघ्र आधार सीडिंग कराने की अपील की है ताकि उन्हें यथाशीघ्र योजना का लाभ मिल सके. वर्तमान में जिला स्तर पर लाभुकों का भौतिक सत्यापन कार्य भी तीव्र गति से जारी है. सत्यापन उपरांत योग्य पाए गए लाभुकों को भी योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा. जिन लाभुकों का भौतिक सत्यापन अब तक नहीं हो पाया है, वे आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर सत्यापन प्रपत्र प्राप्त करें और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें योजना का लाभ मिल पायेगा.

| क्र.सं. | प्रखण्ड/अंचल का नाम | लाभुकों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड कार्यालय, बाघमारा – | 46536 |
| 2. | अंचल कार्यालय, बाघमारा – | 7533 |
| 3. | प्रखण्ड कार्यालय, बलियापुर – | 21942 |
| 4. | अंचल कार्यालय, बलियापुर – | 1167 |
| 5. | प्रखण्ड कार्यालय, धनबाद – | 7120 |
| 6. | अंचल कार्यालय, धनबाद – | 35533 |
| 7. | प्रखण्ड कार्यालय, एग्यारकुण्ड – | 17038 |
| 8. | अंचल कार्यालय, एग्यारकुण्ड – | 5307 |
| 9. | प्रखण्ड कार्यालय, गोविन्दपुर – | 51297 |
| 10. | अंचल कार्यालय, गोविन्दपुर – | 861 |
| 11. | अंचल कार्यालय, झरिया – | 45449 |
| 12. | प्रखण्ड कार्यालय, कलियासोल – | 20288 |
| 13. | प्रखण्ड कार्यालय, निरसा – | 24561 |
| 14. | प्रखण्ड कार्यालय, पूर्वी टुण्डी – | 9936 |
| 15. | अंचल कार्यालय, पुटकी – | 18085 |
| 16. | प्रखण्ड कार्यालय, तोपचाँची – | 27238 |
| 17. | प्रखण्ड कार्यालय, टुण्डी – | 16883 |
| | कुल लाभुकों की संख्या | 3,56,774 |
| | कुल राशि | 89,19,35,000 |

## नियोजन, मुआवजा जनहित के मुद्दों पर जीएम से वार्ता

**कतरास (शुभम संदेश)।** क्षेत्रीय कार्यालय गोविन्दपुर में केआईएमपी केंद्रीय सचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने नियोजन,मुआवजा, विस्थापित प्रभावित रैयतों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजन एवं कोल कर्मीयों की समस्या को लेकर बीसीसीएल गोविन्दपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक के के सिंह से वार्ता की. इस दौरान सिंह ने कहा कि पिछले दिनों सोनारडीह,कोरीडीह और भागाबस्ती के रैयतों का नियोजन, विस्थापन एवं मुआवजा को लेकर वार्ता हुई थी,जिसमें गंगा प्रसाद शर्मा एवं अन्य का पिछले 25-30 वर्षों से लंबित नियोजन एवं मुआवजा का भुगतान पर सहमति बनी थी. परंतु,छः माह बीत जाने के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई है. जबकि रैयतों ने जमीन संबंधी सभी कागजात क्षेत्रीय कार्यालय में जमा कर दिया है. जमीन बीसीसीएल ने 25-30 वर्ष पूर्व ले लिया है. पर आज भी कई रैयत नियोजन और मुआवजा के लिए दर-दर भटक रहे हैं. बीसीसीएल प्रबंधन सिर्फ और सिर्फ आश्वासन दे रही है.

## एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त निदेशक का किया स्वागत



शुभम संदेश। धनबाद

झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन (जीटा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को धनबाद में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त निदेशक सह विभागाध्यक्ष इंद्रजीत यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग क्षेत्र से जुड़ी कई गंभीर समस्याएँ इंद्रजीत यादव के समक्ष रखी. प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जीएसटी काउंसिल द्वारा कोल प्रोडक्ट्स पर जीएसटी दरों में हालिया संशोधन से एमएसएमई क्षेत्र में गहरी चिंता और असंतोष व्याप्त है. उद्योगपतियों का कहना है कि इससे लागत में वृद्धि होगी, जिससे छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए संचालन और भी कठिन हो जाएगा. इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि फ्यूल सप्लाई एग्रीमेंट के तहत कोयले की आपूर्ति हार्ड कोक आधारित उद्योगों को नहीं मिल पाने से कई इकाइयां संकट में है. उद्योगपतियों ने मंत्रालय से इस विषय को संज्ञान में लेकर एफएसए आपूर्ति बहाल करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया. इंद्रजीत यादव ने उद्योगपतियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना और संबंधित स्तर पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर जीटा के अध्यक्ष अमितेश सहाय, महासचिव राजीव शर्मा, हिमांशु मित्तल, विभांशु अग्रवाल, विवेक सिंह, एमएसएमई के उप निदेशक सुजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

### हिन्दी साहित्य विकास परिषद का स्थापना दिवस 7 को

## न्यू टाउन हॉल में कथा वाचक चिराग जैन सुनायेंगे श्रीराम कथा



शुभम संदेश। धनबाद

हिन्दी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट के 46वें स्थापना दिवस पर 7 सितंबर को न्यू टाउन हॉल में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन पर आधारित राम कथा का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर सुप्रसिद्ध साहित्यकार, वक्ता और लोकगीत कथावाचक चिराग जैन राम कथा का वाचन करेंगे. गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय आनंद, सचिव राकेश शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि चिराग जैन इन दिनों अपनी काव्य प्रस्तुति 'पुरुषोत्तम' के लिए चर्चा में हैं. उनकी प्रस्तुति में दशरथ, भरत, लक्ष्मण, केकई समेत अन्य पात्रों के मनोभावों को बेहद भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया है. अध्यक्ष संजय आनंद व सचिव राकेश शर्मा, ने बताया कि यह प्रेरणादायी कार्यक्रम लगभग दो घंटे का होगा. इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन चरित्र से लोगों को सीख लेने का अवसर मिलेगा. वर्ष 2025 का दिलीप चंचल काव्य सम्म्मान वितरित किए जायेंगे. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र अनिवार्य होगा, जिसे कोई भी व्यक्ति निःशुल्क प्राप्त कर सकता है. प्रवेश पत्र हिन्दी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट के किसी भी सदस्य से हासिल किया जा सकता है. तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और सात सितंबर को होने वाले इस आयोजन को लेकर साहित्य और संस्कृति प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है.

## हिन्दू जनजागृति समिति ने बार अध्यक्ष को किया सम्मानित



शुभम संदेश। धनबाद

हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से धनबाद बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी का अभिनंदन किया गया. समिति के पूर्व-पूर्वोत्तर भारत समन्वयक शंभू गवारे ने जिला न्यायालय परिसर में श्री गोस्वामी से भेंट कर उन्हें बधाई दी और संगठन की ओर से हिन्दू राष्ट्र आवश्यक क्यों? यह ग्रंथ भेंटस्वरूप सौंपा. इस अवसर पर श्री गवारे ने समिति द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र और धर्म जागरण के कार्यों की जानकारी दी. अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वह समाजहित में चल रहे ऐसे कार्यों में अपना सतत् सहयोग देते रहेंगे. कार्यक्रम में राष्ट्रभक्त अधिवक्ता समिति के धनबाद संयोजक अधिवक्ता सुदीप गुप्ता, अधिवक्ता विकाश सिंह, अधिवक्ता आशीष सिन्हा, अधिवक्ता राजेश झा, और अधिवक्ता जयराम मिश्रा भी उपस्थित रहे. समिति के कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन और समाज के बीच समन्वय की दृष्टि से एक सकारात्मक संवाद के रूप में देखा है.

## असर्फी हॉस्पिटल में शिक्षकों का सम्मान



शुभम संदेश। धनबाद

शिक्षक दिवस के अवसर पर असर्फी हॉस्पिटल ने एक अच्छी पहल करते हुए पहली बार शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया. इस भव्य समारोह में धनबाद के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों और महाविद्यालयों के लगभग 30 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में जिला भर के अंतरराष्ट्रीय, सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के प्राचार्य व शिक्षक सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन और भी यादगार बन गया. असर्फी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे निर्माता हैं. उनका ज्ञान, अनुशासन और मूल्य भविष्य की दिशा तय करते हैं. यह समारोह उन गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिनके मार्गदर्शन से नई पीढ़ियाँ आकार लेती हैं. शिक्षा और संस्कार हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं, और गुरु के बिना प्रगति अधूरी है.

**इन्हें मिला सम्मान :** सम्मानित शिक्षकों में प्रो. जी.सी. झा (फिजिक्स, पी.के. रॉय कॉलेज, रिटायर्ड), प्रो. वाई. झा (पी.के. रॉय, रिटायर्ड), प्रो. एस.के. चोपड़ा (पूर्व डीन, कॉमर्स, बीबीएमकेयू), डॉ. उषा शर्मा (रिटायर्ड लेक्चरर, बीएसएस कॉलेज), दिलीप कुमार कर्ण (2007-ब्लॉक स्तर, 2014-जिला स्तर, 2015-राज्य स्तर पुरस्कार), कुमार वंदन (एचएम इंचार्ज, सरकारी स्कूल, पुराना बाजार), रोहित कुमार (सरकारी स्कूल शिक्षक), सूर्यु महतो (गणित व रसायन, सेंट एंथनी स्कूल), रीना श्रीवास्तव (अंग्रेजी, सेंट एंथनी स्कूल), सीमा शर्मा (हिंदी, डीपीएस स्कूल), सुमंत कुमार मिश्रा (प्रिंसिपल, राजकमल स्कूल), डॉ. प्रशांत कुमार (प्रिंसिपल, मॉन्ट फोर्ट एकेडमी), सुनील कुमार भगत (जिला अध्यक्ष, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षा संघ), संजय कुमार (पूर्व अध्यक्ष, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षा संघ), राजेश कुमार (हेडमास्टर, पीएम सरकारी स्कूल), बृज भूषण पांडेय (एसएसटी शिक्षक, सरकारी एमएस सरायढेला कोलवाश्री स्कूल), संतोष कुमार (शिक्षक, बालिका मिडिल स्कूल पांडरपाला) समेत अन्य शामिल थे.

# आसनसोल

## जमीन विवाद में महिला पर हमला, आरोपी गया जेल

- कुल्हाड़ी के हमले से महिला की उंगलियाँ टूटीं
- पुलिस ने शुरू की मामले की जाँच



शुभम संदेश। पुरुलिया

पुरुलिया जिले के सांतुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बृंदावनपुर गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक भैंसुर ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपने भाई की पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. पीड़िता अपर्णा मंडल के पिता उज्ज्वल मंडल ने बताया, मेरी बेटी के ससुराल में जमीन को लेकर लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था. इसी विवाद के कारण उत्तेजित अवस्था में अपर्णा के पति के बड़े भाई रंजीत मंडल ने अचानक मेरी बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. रंजीत मंडल पेशे से हाई स्कूल में क्लर्क हैं. रंजीत ने अपर्णा के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया और उनके बाएँ हाथ की चार उंगलियाँ तोड़ दीं. अपर्णा लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ीं. उन्हें तुरंत रघुनाथपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनके सिर पर 22 टाँके लगाए गए. बाद में उनकी हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों की सलाह के आधार पर उन्हें बांकुड़ा सम्मिलनी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया. वहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज चल रहा है. घटना के बाद अपर्णा के भाई गौरांग मंडल ने सांतुरी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी रंजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बताया कि आरोपी को गुरुवार को रघुनाथपुर महकमा न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ न्यायाधीश ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया. पुलिस ने घटनास्थल से हथियार के रूप में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद की है. सांतुरी थाना पुलिस ने इस मामले की गहन जाँच शुरू कर दी है. इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है.

## देसी पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** झालदा पुलिस ने जारगो गांव से एक देसी पिस्तौल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया. बुधवार देर रात गश्त के दौरान झालदा-बाघमुंडी मार्ग पर जारगो चौराहे के पास पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार युवक का नाम रमेश परमानिक है, जो जारगो गांव का निवासी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, जब उसे बुलाया गया, तो उसने भागने की कोशिश की. संदेह बढ़ने पर पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई, हालांकि कोई कारतूस नहीं मिला. पुलिस ने हथियार जब्त कर लिया है. गुरुवार को रमेश को पुरुलिया अदालत में पेश किया गया, जहाँ पुलिस ने जांच के लिए 10 दिनों की हिरासत की मांग की. हथियार का स्रोत और इसका उद्देश्य क्या था, इसकी जांच की जा रही है. झालदा थाना पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है.

## स्कूली छात्राओं के लिए 'सेफ ड्राइव सेफ लाइफ' जागरुकता अभियान



शुभम संदेश। बराकर

आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के बराकर सब ट्रैफिक गार्ड की ओर से बराकर श्री जरावा देवी बालिका उच्च विद्यालय में 'सेफ ड्राइव, सेफ लाइफ' जागरूकता अभियान चलाया गया. यह अभियान एक सप्ताह तक चलने वाले पुलिस डे कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसमें 'सेफ ड्राइव, सेफ लाइफ' सहित कई जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं. एसीपी ट्रैफिक सौरभ चौधरी ने बराकर जरावा देवी बालिका विद्यालय में छात्राओं के बीच इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया. इस अवसर पर एसीपी सौरभ चौधरी ने स्कूली छात्राओं से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कोई भी छात्रा बाइक या स्कूटी नहीं चला सकती. साथ ही, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस है, उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की सलाह दी. उन्होंने छात्राओं को सड़क पार करते समय सावधानी बरतने की हिदायत दी और कहा कि स्कूल आने-जाने के दौरान सड़क मोड़ पर ध्यान से देखकर या ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक जवान के निर्देशों का पालन करके ही सड़क पार करें, अन्यथा दुर्घटना हो सकती है. एसीपी सौरभ चौधरी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि बराकर में 'सेव ड्राइव, सेव लाइफ' अभियान के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है. इस अवसर पर बराकर ट्रैफिक पुलिस प्रभारी संजीव सरकार, विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका सरबानी राय सहित बड़ी संख्या में सीपीवीएफ जवान उपस्थित थे.

## ईसीएल : राजभाषा माह में निबंध, पत्र-लेखन प्रतियोगिताएं



शुभम संदेश। संकतोड़िया

ईसीएल के सभी कर्मचारियों और इसके समीपवर्ती बांग्ला व हिंदी माध्यम के विद्यालयों के बच्चों की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने की मंशा के साथ-साथ कंपनी और इससे संबद्ध समाज में संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप हिंदी के प्रति उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से दिनांक 01.09.2025 (सोमवार) से 30.09.2025 (मंगलवार) तक राजभाषा (हिंदी) माह, 2025 के रूप में मनाया जा रहा है. इसी क्रम में ईसीएल ने अपने मुख्यालय स्तर पर दिनांक 04.09.2025 (गुरुवार) को डिसेरगढ़ क्लब, झालबगान में निबंध, पत्र-लेखन, सुवाक्य लेखन और शब्दानुवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें ईसीएल कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही. ईसीएल कर्मचारियों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के मुख्य विषय निम्नलिखित थेः बिगड़ते पर्यावरण के लिए हम कितने जिम्मेदार? ईसीएलः सेवा भाव और कार्य-निष्पादन की संस्कृति, संस्कार युक्त शिक्षा, कचरा प्रबंधन, कोयला और पर्यावरण, डिजिटल भारत, डिजिटल कोल इंडिया, निबंध और पत्र-लेखन प्रतियोगिताओं को दो वर्गों में विभाजित किया गयाः हिंदी भाषी वर्ग और बांग्ला व अन्य भाषा-भाषी वर्ग. शब्दानुवाद और सुवाक्य लेखन प्रतियोगिताओं में सभी भाषा-भाषी कर्मचारियों ने भाग लिया. प्रत्येक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पाँच कर्मचारियों को 26.09.2025 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा.

## जरावा देवी स्कूल में विदाई समारोह

**बराकर (शुभम संदेश)।** बराकर स्टेशन रोड स्थित श्रीमती जरावा देवी फ्री प्राइमरी स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक अपराजित बंद्योपाध्याय के सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई. इस अवसर पर कुल्टी चक्र के एस.आई. शुभोदीय शासमल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. साथ ही, बोरो चेयरमैन चैतन्य माजी, वार्ड पार्षद दुम्पा चौधरी, राधा सिंह, तथा विद्यालय के पूर्व सभापति पप्पू सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन एकता मंजरी झा एवं अभिलेष तिवारी ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान, अपराजित बंद्योपाध्याय को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक विशेश्वर मर्नु ने शिक्षक बंधोपाध्याय को उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी.

### कुल्टी अस्पताल की बदहाली पर तृणमूल नेताओं का आरोप

## अस्पताल में डॉक्टर और सुविधाओं की कमी



शुभम संदेश। कुल्टी

कुल्टी ब्लॉक के एकमात्र सरकारी अस्पताल की जर्जर और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कुल्टी ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पार्षद एवं वर्तमान सचिव दुलाल चक्रवर्ती और तृणमूल नेता सुब्रतो भादुड़ी ने अस्पताल कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने बताया कि कुल्टी ब्लॉक के इस एकमात्र सरकारी अस्पताल में मरीजों को उचित चिकित्सा नहीं मिल रही है. अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है, खासकर आउटडोर विभाग में, जहाँ सबसे अधिक मरीज उपचार के लिए आते हैं. गर्भवती महिलाएँ भी मुख्य रूप से यहाँ उपचार के लिए आती हैं, लेकिन बिजली की स्थिति अत्यंत जर्जर है. लोडशेडिंग के दौरान मरीजों की हालत दयनीय हो जाती है. जेनरेटर उपलब्ध होने के बावजूद तेल की कमी रहती है. छोटी-छोटी समस्याओं के लिए मरीजों को सीधे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि युवा छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी प्रमाणपत्र की आवश्यकता होने पर अस्पताल उसे उपलब्ध कराने में असफल रहता है. पोलियो टीकाकरण को लेकर भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए. इस मामले को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और नगर निगम लगातार अस्पताल के लिए धन उपलब्ध करा रहे हैं, फिर भी स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है. उन्होंने इसकी शिकायत मंत्री मलय घटक से करने और मामले की जाँच की मांग करने की बात कही. साथ ही, उन्होंने जल्द से जल्द स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने की माँग उठाई.

### न्यूज अपडेट

## आईएसपी के न्यू टाउन में सोमनाथ द्वार का उद्घाटन

**बर्नपुर (शुभम संदेश)।** सेल आईएसपी के न्यू टाउन 16 नंबर रोड में कर्मचारियों की सुविधा के लिए गेट का अनावरण किया गया. इसका फीता काटकर ईडी (वर्क्स) दीप्तेंदु घोष, ईडी (मैटीरियल्स) अभिक दे, सीआईएसएफ के डीआईजी प्रबोध चंद्रा और सीजीएम विनीत रावल ने किया. मौके पर सीजीएम अभिंद्र घोष, एस दत्ता, एस तफादार, अभय कुमार, पीके मोहंती, जीएम भास्कर कुमार, अनिल वर्मा, सीआईएसएफ की ओर से निरीक्षक महेश नाथ पांडे, कंपनी कमांडर निहार रंजन बेहरा, डिप्टी कमांडेंट वीपी सुरेन, सहायक कमांडेंट एनपी पुरिया, इंटक की ओर से बिप्लब माजी, अजय राय, बीएमएस के संजीत बनर्जी, श्रीकांत साह आदि उपस्थित थे. अवसर पर ईडी (वर्क्स) दीप्तेंदु घोष ने कहा कि अरसे से न्यू टाउन इलाके तथा बाहर से आने वाले सेल आईएसपी के श्रमिकों की मांग थी कि कारखाने के अंदर प्रवेश के लिए एक गेट हो, जो आज पूरी हो गई. इस गेट से केवल साइकिल और दोपहिया वाहनों का प्रवेश होगा.

## बलतोड़िया युवा संघ ने पार्षदों का किया सम्मान

**बराकर (शुभम संदेश)।** बलतोड़िया युवा संघ द्वारा आयोजित श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव में समिति की ओर से कुल्टी के पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस दौरान पूजा समिति के सचिव चंदन राम के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पार्षद संजय नोनिया को समिति के युवा सदस्य अभिमन्यु कुमार बिंद ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया. वही, इस सम्मान समारोह में स्थानीय पार्षद राधा सिंह, टुम्पा चौधरी, वकील दास, पूर्व पार्षद एवं तृणमूल कुल्टी हिंदी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रेमनाथ साव, अभिषेक सिंह, अरमान खान सहित उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह के पश्चात सभी अतिथियों ने पूजा मंडप में गणेश बाबा की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया. मौके पर मुख्य अतिथि पार्षद संजय नोनिया ने कहा कि बराकर बलतोड़िया युवा संघ द्वारा आयोजित इस गणेश पूजा मेले में पहली बार आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ.

# जयराम के पहल पर समझौता, चौथे दिन उठा जादू महतो का शव

## न्याय के लिए व्यक्ति को मरना पड़े यह उचित नहीं : जयराम महतो

शुभम संदेश। चासनाला

कोलवाशरी स्थित मिवान स्टील मोनेट कोलवासरी के मुख्य गेट के समीप कुलटाड बस्ती निवासी शिवशंकर उर्फ जादू महतो के शव के साथ नियोजन एवं मुआवजा की मांग को लेकर पिछले चार दिनों से चल रहा धरना-प्रदर्शन बुधवार की देर रात्रि प्रबंधन,प्रशासन व डुमरी विधायक जयराम महतो के साथ हुई समझौता वार्ता के बाद समाप्त हुआ.
जिसमें मृतक की पत्नी देवती देवी को 12दिनों के अंदर नियोजन देने,एवं जमीन का जांच सत्यापित करने के बाद नियोजन की स्थिति में नियोजन ,मुआवजा की स्थिति में मुआवजा देने पर सहमति बनी.
वार्ता में प्रबंधन की ओर से बीसीसीएल जीएम सोहेल इकबाल, मोनेट जीएम कामेश्वर सिंह, सीओ झरिया मनोज कुमार, दंडाधिकारी अभय कुमार, डुमरी विधायक जयराम महतो, थाना प्रभारी पाथरडीह अंशु कुमार आदि शामिल थे. कोलवासरी के पीओ कार्यालय में आंदोलन के तीसरे दिन बुधवार को दो बजे के लगभग समझौता वार्ता समाप्त हुई. परंतु एग्रीमेंट कॉपी उपलब्ध नहीं होने के कारण मृतक के शव को गुरुवार को 11 बजे कोल वाशरी गेट से उठाया गया. अंतिम संस्कार दामोदर नदी के मोहलबनी घाट पर किया गया. मुखाग्नि बड़े पुत्र पीयूष कुमार ने



दिया.
विधायक जयराम महतो ने कहा कि मृतक जादू महतो की पत्नी देवंती देवी को 12 दिनों के अंदर नियोजन देने पर सहमति बनी. जबकि विवादित जादू महतो के वंशज की जमीन को सेल ने 1960-61 में अधिग्रहण किया था और बाद में बीसीसीएल को सेल ने स्थानांतरित कर दिया था. उनकी जमीन के कागजातों को सत्यापित करने के लिए सम्बंधित पदाधिकारी के कार्यालय में दस्तावेज की जांच कराई जाएगी. जांच में नियोजन की स्थिति में नियोजन एवं मुआवजा की स्थिति में मुआवजा देना होगा. वही आश्रित को फार्म 3 निर्गत कराया जाएगा. जिसमे बीसीसीएल के किसी इकाई में पेटी कांट्रेक्ट दिया जाएगा. कहा कि न्याय के लिए व्यक्ति को मरना पड़ेगा यह उचित नहीं है. वही बड़का गाँव की विधायक अम्बा प्रसाद स्व जादू महतो के घर पहुँच शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढाढस बंधाया.

### होल्डिंग टैक्स दस्तावेज जल संयोग के लिए मान्य

**लोयाबाद।** लोयाबाद समेत आसपास के क्षेत्रों में नगर निगम अब पेयजल आपूर्ति के नए कनेक्शन देने के लिए केवल होल्डिंग टैक्स की रसीद को ही मान्य दस्तावेज मान रहा है. निगम की इस नई नीति से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है,क्योंकि अब उन्हें किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ रहा है. गौरतलब है कि पहले सभी उपभोक्ताओं से कनेक्शन शुल्क वसूला जाता था. हालांकि लाल कार्डधारकों को उस समय भी निःशुल्क कनेक्शन दिया गया था, मगर अब नई व्यवस्था के तहत आम उपभोक्ताओं को भी मुफ्त में कनेक्शन मिल रहा है. कनेक्शन इंचार्ज उम्मत हुसैन ने बताया कि नई पॉलिसी लागू हो चुकी है. अब उपभोक्ताओं को केवल होल्डिंग टैक्स दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा. इसके अलावा किसी प्रकार का चार्ज नहीं लगेगा. इसी कड़ी में गुरुवार को एकड़ा राधाकृष्ण प्रेम मंदिर के पास चार उपभोक्ताओं को नए पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए. इस कदम से स्थानीय लोगों में खुशी है और वे इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बता रहे हैं.

# मुआवजा, नियोजन के लिए धरना पर बैठे कोलकर्मी विवेक के स्वजन

## सासंद ढुल्लू, भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल के प्रयास से मिला आश्वासन

शुभम संदेश। झरिया

बीते पांच दिनों से लापता कोलकर्मी विवेक यादव का शव बुधवार को लोदना ओपी क्षेत्र के एक बंद घर में संदिग्ध परिस्थिति में मिला. शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं परिवार में कोहराम मच गया. विवेक के चचेरे भाई राहुल यादव ने स्थानीय पुलिस को गुमशुदगी की शिकायत की थी. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया.
गुरुवार को परिजन शव के साथ चांदमारी कोलियरी पहुंचे और बीसीसीएल प्रबंधन से मृतक की पत्नी को नियोजन देने की मांग करने लगे. इस दौरान बड़ी संख्या में बीसीसीएल कर्मी और स्थानीय लोग मौके पर जुट



गए. जब मांगें नहीं मानी गईं, तो धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने मामले में हस्तक्षेप किया. राजकुमार अग्रवाल ने मौके पर बीसीसीएल एरिया 9 के जीएम अनिल कुमार से बातचीत की, जिसके बाद कंपनी ने तत्काल 75,000 रुपये नगद सहायता और आश्रित को नियोजन देने पर सहमति जताई. एक माह के भीतर सभी कागजी प्रक्रिया पूरी करने और परिवार को नियमानुसार सहायता देने की बात भी कही गई. गंभीर हालात में मृतक की माँ सुधा देवी, पत्नी अमृता देवी और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है. विवेक की शादी अभी सिर्फ 5 माह पहले ही हुई थी, इसलिए कोलियरी के दस्तावेजों में पत्नी का नाम शामिल नहीं हो सका था. नॉमिनी के रूप में उनकी मां का नाम दर्ज है. प्रबंधन ने दस्तावेज जमा करने के बाद नियमानुसार नियोजन का भरोसा दिलाया है. मौके पर भाजपा नेता श्रवण चंद्रवासी, सुब्रत पांडे, अभिषेक शर्मा, मनोरंजन सिंह, राहुल यादव, रोशन यादव सहित कई यूनियन नेता व गणमान्य लोग मौजूद रहे.

# नगरीकला : जमीन देखने पहुंचे अधिकारी की पिटाई



शुभम संदेश। तेतुलमारी

बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 की टीम तेतुलमुडी के रैयतों के साथ गुरूवार को नगरीकला व तिलाटांड़ मौजा की जमीन का निरीक्षण करने पहुंची. टीम जब नक्शे का अवलोकन व जमीन का निरीक्षण कर रहे थे तभी कुछ ग्रामीण पहुंचे और विरोध करने लगे. दो अधिकारियों की पिटाई कर दी. लोगों का गुस्सा देखकर अधिकारी किसी तरह खुद को बचाकर वहां से निकले. ग्रामीणों का उनका कहना था कि जिस जमीन की मापी करने आई है उसकी कागजात ग्रामीणों को दिखाएं तभी हमलोग मापी करने देंगे. इधर ग्रामीणों ने बताया कि प्रबंधन को अगर रैयतों को बसाना ही है तो बीसीसीएल कंपनी के द्वारा अधिग्रहण किए हुए कई जगहों पर जमीन खाली पड़ी हुई है, वहां बसाए. उन लोगों ने यह भी कहा हमारी रैयती जमीन पर चार क्षेत्रीय कार्यालय का निर्माण कराया गया है जिसका मुआवजा व नियोजन रैयतो को नहीं मिला है. किसी भी अधिकारी ने नगरीकला मौजा की जमीन पर नजर भी उठाकर देखा तो क्षेत्रीय कार्यालय में अनिश्चितकाल के तालाबंदी कर देंगे.
इधर घटना के बाद दोपहर को दर्जनों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष तेतुलमारी थाना परिसर पहुंचे. पुलिस से उक्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. मालूम हो कि एक सप्ताह पूर्व सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में प्रबंधन के साथ तेतुलमुडी के रैयत ग्रामीणों के साथ वार्ता हुई थी जिसमें प्रबंधन ने ग्रामीणों को नगरीकला मौजा में शिफ्ट करने को लेकर जमीन निरीक्षण करने की बात कही थी. थानेदार विवेक चौधरी ने कहा कि शिकायत नहीं मिली है. शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी.

# लोयाबाद में गहराया बिजली संकट

## जेबीवीएनील क्षेत्र में बिजली तार बदलने से आपूर्ति बाधित

### एसटी स्वीच में आई खराबी

शुभम संदेश। लोयाबाद

लोयाबाद कोलियरी क्षेत्र में बुधवार दोपहर से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है. बिजली गुल होने से करीब 25 हजार की आबादी अंधेरे में डूबी हुई है. बिजली संकट का कारण बासदेवपुर स्थित 6600 लाइन के एसटी स्वीच में आई तकनीकी खराबी बताई जा रही है. इसके अलावा पीबी एरिया के ट्रांसफार्मर में खराबी और जेबीवीएनील क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा तार बदलने का कार्य भी आपूर्ति बाधित होने की वजह बना है. जानकारी के अनुसार,लोयाबाद सात नंबर और बासदेवपुर दोनों क्षेत्रों को सेन्द्रा बांसजोड़ा सब-स्टेशन से एक ही तार और स्वीच के जरिए बिजली मिलती है. बुधवार दोपहर करीब दो बजे स्वीच फंसकर ब्लॉक हो गया, जिसके बाद बांसजोड़ा सब-स्टेशन से लाइन काटनी पड़ी. नतीजतन, लोयाबाद सात नंबर की लगभग पांच हजार और बासदेवपुर की करीब दस हजार आबादी पूरी तरह प्रभावित हुई. जानकारी सात नंबर क्षेत्र में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी, लेकिन साझा लाइन और स्वीच होने के कारण वहां भी अंधकार छा गया. बासदेवपुर इंजीनियर दीपक कुमार ने



बताया कि एसटी स्वीच में खराबी आने से आपूर्ति ठप हो गई है. विजय इंजीनियरिंग के ठेका कर्मियों ने स्वीच का लॉक खोलने की कोशिश की,लाइन चार्ज भी किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली. अब तकनीकी टीम अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है.
इसी दौरान फोरेमैन हीरालाल महतो,सतेंद्र केवट,जमीर शेख समेत कई ग्रामीण मौके पर सहयोग करते दिखे. उधर, पीबी एरिया के ट्रांसफार्मर की खराबी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है.इसकी वजह से लोयाबाद कोलियरी क्षेत्र की बड़ी आबादी प्रभावित हुई है. वहीं,जेबीएनल क्षेत्र में नए तारों की बदली का कार्य चलने से वहां भी दिनभर आपूर्ति बाधित रही. लगातार बिजली ठप रहने से स्थानीय लोगों को पानी की किल्लत,मोबाइल नेटवर्क और दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. आक्रोशित ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि बिजली आपूर्ति को शीघ्र बहाल किया जाए और सात नंबर के लिए अलग स्वीच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बार-बार इस समस्या से निजात मिल सके.

# विधायक के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर

शुभम संदेश। महुदा

लोहपट्टी बीसीसीएल कार्यालय के बगल में 250 केवी का ट्रांसफार्मर का 24 अगस्त को चोरी हो गया था. चोरी हो जाने से बीसीसीएल कॉलोनी ,जामड़ीहा , ग्वाला टोला ,पारटांड , लाला टोला जादू पटिया टोला अंधेरा हो गया था. विधायक शत्रुध्न महतो के प्रयास से नया ट्रांसफर्मर लगया गया जिसका उद्घाटन विधायक शत्रुध्न महतो ने किया. इस संबंधित एरिया के बीसीसीएल अधिकारियों के आना सूनी के बाद धनबाद सांसद ढुलू महतो व विधायक शत्रुध्न महतो ने सीधे बीसीसीएल के सीएमडी से बात कर अतिशीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए. इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को स्वागत ढोल बजाकर एवं फूल माला से स्वागत किया. मौके पर लोहपिट्टी पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, भरत गोप, मनोज रविदास, प्रेम गोप, टिंकू सिंह , गगन सिंह, टिंकू महतो, आनन्द सिंह, कुंजा चित्रकार , मधु चित्रकार , लालु रविदास , महेन्द्र रविदास , गणेश महतो , समर रवामी , बिहारी महतो , चंडी सिंह , पाठक , बिजली मिस्त्री रमेश महतो , मधुसूदन महतो आदि थे.

## एक नजर

### बरोरा थाना में शांति समिति की बैठक

**बरोरा।** बरोरा थाना परिसर में गुरुवार को थाना प्रभारी साधन कुमार की अध्यक्षता में पुलिस जन सहयोग समिति के बैनर तले शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में बरोरा थाना क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से समाजसेवी, जन सहयोग समिति, जुलूस समिति और शांति समिति के सक्रिय सदस्य शामिल हुए. बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहार ईद-ए-मिलाद-उन-नबी को शांतिप्रिय और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए विचार-विमर्श किया गयाबरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार ने बैठक में कहा कि त्योहार के दौरान सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा. उन्होंने उपस्थित सदस्यों से आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था से त्यौहार मनाने अपील की. बैठक में मौजूद सदस्यों ने त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपने-अपने सुझाव साझा किए. इस अवसर पर सचिव मिथलेश कुमार वरीय उपाध्यक्ष जे.के. झा, छोटन आंसारी, कुदूस अंसारी, राजेश मिश्रा, छोटन रवानी, शिवजी सिंह,देवानन्द राजभर, संतोष चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्ति और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे.

### डीआरएम ने किया निरीक्षण, यात्री सुविधाओं व माल ढुलाई व्यवस्था पर दिया जोर



**धनबाद।** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अखिलेश मिश्र ने गुरुवार को धनबाद–कोडरमा–हजारीबाग टाउन–अरगडा–धनबाद रेल खंड का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कोडरमा स्टेशन, हजारीबाग टाउन वाशिंग पीट तथा जोगेश्वर बिहार-दनिया स्टेशनों के मध्य स्थित ब्रिज सं. 174 का भी जायजा लिया. निरीक्षण के क्रम में डीआरएम ने यात्री सुविधाओं, परिचालन व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा एवं आधारभूत संरचनाओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इसके साथ ही डीआरएम ने बानादाग साइडिंग का भी निरीक्षण किया. वहां एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ माल लदान से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठक हुई. बैठक में उन्होंने माल ढुलाई व्यवस्था, लोडिंग सुविधाओं, सुरक्षा मानकों एवं संचालन की सुगमता सुनिश्चित करने पर जोर दिया. निरीक्षण के दौरान मंडल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे.

### केंदुआडीह में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**केंदुआ।** हजरत पैगम्बर के जन्म दिन ईद मिलाद उन नवी पर शांति व्यवस्था को लेकर केंदुआडीह पुलिस ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला. मोटरसाइकिल पर सवार पुलिस अधिकारी व जवानों ने केंदुआ चार नम्बर, पांच नम्बर, अलकुसा, कुस्तौर, बीएनआर, गोधर 26 नम्बर आदि क्षेत्रों का दौरा कर लोगों के बीच शांति कायम रखने का संदेश दिया. इंस्पेक्टर पांडे ने कहा कि शुक्रवार को केंदुआ कुरैशी मुहल्ला, चार नम्बर, पांच नम्बर, बीएनआर, गड़ेरिया सहित सात जगहों से जुलूस निकलेगा. इसके लिए थाना बल के अलावे पुलिस केंद्र से जवानों की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई है. फ्लैग मार्च में अनि धीरज मिश्र, हजरत जमाल, जनकदेव सिंह आदि शामिल थे.

### सड़क दुर्घटना में दो की हालत गंभीर

**लोयाबाद।** लोयाबाद हटिया गोलाई में बुधवार की देर रात लगभग 12:30 बजे सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए,जबकि दो अन्य को हल्की चोटें आईं. दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,चार युवक एक ही बाइक नंबर जेएच 10एएन/0416 पर सवार होकर करकेंद की ओर से कतरास की दिशा में जा रहे थे. हटिया गोलाई पर पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर बैठे दो युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही लोयाबाद थाना प्रभारी पीकू प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल घायलों को केंदुआडीह स्वास्थ्य केंद्र भेजा. वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें एसएनएमएमसीएच,धनबाद रेफर कर दिया. हल्की चोटिल युवकों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया. दुर्घटनाग्रस्त बाइक को पुलिस ने जब्त कर लोयाबाद थाना ले जाया गया है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है.

### डीजीएमएस ने किया कुसुंडा का दौरा

**केंदुआ।** डीजीएमएस के निदेशक (विद्युत) सी पालनी मलाई ने गुरुवार को कुसुंडा क्षेत्र का दौरा किया. अलकुसा कोलियरी सबस्टेशन का निरीक्षण किया. विद्युत सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा किया. निदेशक ने सब स्टेशन, ट्रांसफार्मर, स्विच पैनल, मोटर पंप, हाईटेंशन तार और बिजली खंभों की स्थिति का जायजा लिया. मलाई ने कहा कि सुरक्षा मानकों के अनुरूप उपकरणों की स्थिति की समय-समय पर जांच आवश्यक है, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके. उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए. निरीक्षण के दौरान एरिया मैनेजर ई एंड एम दीपक कुमार, एनजीकेसी कोलियरी मैनेजर पीके सिंह,सेफ्टी ऑफिसर अभय कुमार,कोलियरी इंजीनियर रामदेव प्रसाद,इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर कश्मीरा सिंह,ललित शर्मा जोगिंदर पासवान आदि उपस्थित थे.

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर झरिया से लोयाबाद तक पुलिस सतर्क

## फ्लैग मार्च निकाल शांति और सौहार्द की अपील

शुभम संदेश। झरिया/लोयाबाद

हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद-ए-मिलादुन्नबी को लेकर झरिया से बोरागढ़ तक प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है. गुरुवार रात सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में झरिया सीओ मनोज कुमार और इंस्पेक्टर शशि रंजन के साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया. यह फ्लैग मार्च झरिया के कतरास मोड़, ऊपर कुल्ही, सिंह नगर, भगतडीह, एना इस्लामपुर, और बनियाहीर में निकाला गया.
डीएसपी ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर लिया गया है और इन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. नागरिकों से सौहार्द्र और शांति की अपील की गई. झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, बोरागढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार, और जोड़ापोखर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे. इधर, लोयाबाद और जोगता में भी गुरुवार शाम को संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला गया. इस मार्च का नेतृत्व केंदुआडीह इंस्पेक्टर जयप्रकाश महतो ने किया. फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया और लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की.
मुस्लिम कमेटियों द्वारा लोयाबाद और आसपास के 16 गांवों में जुलूस की तैयारियां की जा रही हैं. मुस्लिम कमेटी के जनरल सेक्रेटरी असलम मंसूरी ने कहा कि यह दिन प्रेम, भाईचारे और करुणा का संदेश देता है, इसे शांति से मनाना चाहिए. लोयाबाद थाना प्रभारी पिकू प्रसाद, एसआई रोहित महतो सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे.

## धनबाद प्रशासन ने सुगम और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए नई व्यवस्था बनाई

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी : यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव

शुभम संदेश। धनबाद

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शुक्रवार को धनबाद शहर में निकलने वाले जुलूसों को देखते हुए यातायात व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किए गए हैं. धनबाद प्रशासन ने सुगम और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए नई व्यवस्थाएं लागू की हैं.

### यात्री बसों के लिए परिचालन मार्ग

सुबह 07:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक बरटांड बस स्टैंड से बाहर जाने वाली या वहां आने वाली यात्री बसें सिटी सेंटर, बेकारबांध, पूजा टॉकीज, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चौक,



और बैंक मोड़ की ओर नहीं जाएंगी.
**इसके लिए निम्न मार्ग निर्धारित किए गए हैं:**

- धनबाद–बोकारो–रांची/रांची–बोकारो–धनबाद मार्ग : करकेंद्र मोड़, राजू यादव स्मारक (लोयाबाद बाजार), सिजुआ नया मोड़, पांडेयडीह, तेतुलमारी थाना, शहीद शक्तिनाथ चौक, बिनोद बिहारी चौक, बिरसा मुंडा पार्क, मेमको मोड़ से होकर बरटांड बस स्टैंड.
- सिंदरी–झरिया से धनबाद : इंदिरा चौक (झरिया), कतरास मोड़, केन्दुआ, करकेंद्र मोड़, और फिर रांची–बोकारो–धनबाद मार्ग.

प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन यातायात परिवर्तनों का पालन करें और जुलूस के दौरान यातायात पुलिस के साथ सहयोग करें. यह व्यवस्था जुलूस के सुचारू संचालन और शहर में यातायात की सुगमता के लिए लागू की गई है.

### ऑटो, टोटो और सवारी वाहनों के लिए मार्ग

- राजगंज और बरवाअड्डा की ओर से आने वाले सभी सवारी वाहन, ऑटो, टोटो और ई–रिक्शा गौल बिल्डिंग/मेमको मोड़, सिटी सेंटर, पूजा टॉकीज, और डी.आर.एम. चौक से होकर जाएंगे और इसी मार्ग से वापस लौटेंगे.
- निरसा, गोविंदपुर, बलियापुर की ओर से आने वाले वाहन भी गौल बिल्डिंग/मेमको मोड़, सिटी सेंटर, पूजा टॉकीज, और डी.आर.एम. चौक के रास्ते चलेंगे और वापसी में यही मार्ग अपनाएंगे.
- कतरास, पुटकी, केन्दुआडीह से आने वाले वाहन मटकुरिया चेकपोस्ट से धनसार चौक, हावड़ा मोटर होते हुए धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर तक जाएंगे और इसी रास्ते से वापस लौटेंगे.
- सिंदरी और झरिया से आने वाले वाहन धनसार चौक से हावड़ा मोटर के रास्ते धनबाद रेलवे स्टेशन (दक्षिणी छोर) जाएंगे और उसी मार्ग से वापस लौटेंगे.
- भूली और बिनोद बिहारी चौक की ओर से आने वाले वाहन चंद्रशेखर आजाद चौक (बेकारबांध), सिटी सेंटर, पूजा टॉकीज, और डी.आर.एम. चौक से होकर जाएंगे और इसी मार्ग से वापस लौटेंगे.
- सुभाष चौक से श्रमिक चौक और बैंक मोड़ की ओर टोटो/ऑटो का परिचालन सुबह 08:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक जुलूस के दौरान पूरी तरह बंद रहेगा.

मंथन

## राज्यपालों की भूमिका और संवैधानिक मर्यादा

सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति और राज्यपालों के पास लंबित पड़े विधेयकों पर समय-सीमा तय करने को लेकर हो रही सुनवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक गंभीर चुनौती की ओर संकेत करती है. मामले में हुई सुनवाई में बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि विधेयक की विधायी क्षमता की जांच करना राज्यपाल का अधिकार नहीं है. वास्तव में यह तर्क संविधान की मूल भावना से मेल खाता है. संविधान के तहत विधायिका जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है. किसी विधेयक को पारित करने के बाद उसकी संवैधानिक वैधता का परीक्षण न्यायपालिका कर सकती है, न कि कार्यपालिका के अंग के रूप में कार्यरत राज्यपाल. राज्यपाल का पद संवैधानिक प्रमुख का है, न कि किसी सुपर विधायी निकाय का. यदि वे बिलों को अनिश्चित काल तक रोकते हैं, तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करता है और चुनी सरकार की कार्यक्षमता को कमजोर करता है. चीफ जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने भी स्पष्ट किया कि राज्यपालों द्वारा विधेयक लंबित रखना जनता की इच्छा के विपरीत है. संसद और विधानसभाएं बहुमत से निर्णय लेती हैं और उस पर कार्यवाही रोकना लोकतंत्र में असंतुलन पैदा करता है. राज्यपाल विवेक का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन केवल दुर्लभ परिस्थितियों में-जैसे किसी बिल का केंद्रीय कानून से सीधा विरोधाभास हो. इस पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने वाले समय में संघीय ढांचे और राज्यपाल की भूमिका की परिभाषा को स्पष्ट करेगा. लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब जनता की इच्छा लागू हो और संवैधानिक पदाधिकारी मर्यादा में रहकर काम करें. यही व्यवस्था को स्थिर और उत्तरदायी बनाएगी.

नजरिया

## लोकतंत्र में गरिमा को चोट पहुंचाना कतई स्वीकार्य नहीं

पलामू में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के खिलाफ दर्ज जीरो एफआईआर ने फिर यह सवाल खड़ा किया है कि क्या सत्ता या पद का प्रभाव कानून के दायरे से बाहर जा सकता है. आरोप गंभीर हैं-अपने अंगरक्षक से दुर्व्यवहार करना, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करना और शारीरिक हमला करना. यह न केवल संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन है, बल्कि पुलिस बल की गरिमा पर भी चोट है. इस घटना में पीड़ित आम नागरिक नहीं, बल्कि सुरक्षाकर्मी हैं. वे वही जवान हैं, जिन्हें नेताओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी जाती है. यदि उनके साथ ही अपमानजनक व्यवहार हो और दबाव डाला जाए, तो व्यवस्था पर जनता का विश्वास कमजोर होगा. झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का इस मामले में सामने आना स्वागतयोग्य है. उन्होंने डीजीपी से लेकर गृह सचिव तक कार्रवाई की मांग की है और साफ संकेत दिया है कि यदि आरोपी को बचाने की कोशिश हुई, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा. यह पुलिस बल के आत्मसम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम है. कानून का मूलभूत सिद्धांत है कि सभी बराबर हैं. चाहे वह आम नागरिक हो या पूर्व मंत्री, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है. ऐसे मामलों में निष्पक्ष और त्वरित जांच ही न्याय सुनिश्चित कर सकती है. यदि दोष साबित होता है, तो कठोर कार्रवाई होनी चाहिए. यही लोकतंत्र की मजबूती और न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता का आधार है.

# शिक्षक दिवस: गुरुओं के सम्मान का दिन

अरविंद जयतिलक

पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षाविद सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर विशेष.




**भारत में गुरुओं की भूमिका केवल अध्यात्म और धार्मिकता तक ही सीमित नहीं रही. देश पर जब भी विपदा आन पड़ी, तो गुरुओं ने राजसत्ता का मार्गदर्शन किया. रामायण व महाभारत काल ही नहीं हर युग में गुरुओं ने अपना लोहा मनवाया है.**

आज 5 सितंबर है यानी गुरुओं के सम्मान का दिन. यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है. 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय गणतंत्र के दूसरे राष्ट्रपति बने तब उनके विद्यार्थियों ने उनका जन्मोत्सव मनाने का विचार किया. लेकिन उन्होंने इस अनुरोध को अस्वीकार कर सुझाव दिया कि अगर वे उनके जन्मोत्सव को शिक्षक दिवस के रूप में मनाएं तो ज्यादा खुशी होगी. तभी से इस दिन को शिक्षक दिवस मनाया जाता है.
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शवादी मूल्य और सारगर्भित विचार समाज व देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं. राधाकृष्णन एक उत्कृष्ट विद्वान, महान शिक्षाशास्त्री के अलावा कुशल वक्ता भी थे. शिक्षा में महान योगदान को देखते हुए ही भारत सरकार ने उन्हें 1954 में भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया. डॉ. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को मद्रास के निकट तिरुतानी में हुआ. डॉ. राधाकृष्णन सर्वप्रथम शिक्षक के रूप में मद्रास में लेक्चरर नियुक्त हुए. 1911 में वे मद्रास के प्रेसीडेंसी कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर और 1916 में प्रोफेसर बने. 1918 में वह मैसूर विवि में चले गए और वहां 1921 तक रहे. 1916 महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा बनारस में स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय में भी उन्होंने बतौर कुलपति अपनी भूमिका का निर्वहन किया. 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जब गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया उस दौरान काशी हिंदू विवि के छात्रों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.
गुरु अर्थात ज्ञान का वो प्रकाशपुंज जो शिष्य के अज्ञान को दूर करके उसे और सार्थक मनुष्य बनाए.शास्त्रों में कहा गया कि ऊं अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया, चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः. अर्थात मैं घोर अंधकार में उत्पन्न हुआ और मेरे गुरु ने अपने ज्ञान रूपी प्रकाश से मेरी आंखे खोल दीं और मैं उन्हें प्रणाम करता हूं. गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में लिखा है कि-गुरु बिनुभवनिधि तरइ न कोई, जों बिरंचि संकर सम होई. अर्थात भले ही कोई ब्रह्मा और शंकर के समान क्यों न हो, वह गुरु के बिना जीवन रूपी भवसागर पार नहीं कर सकता. जीवन के आरंभ से ही गुरु की महत्ता को रेखांकित किया गया है. संत कबीर कहते हैं कि हरि रुठे गुरु ठौर हैं, गुरु रूठे नहिं ठौर. अर्थात भगवान के रूठने पर तो गुरु की शरण रक्षा कर सकती है लेकिन गुरु के रूठने पर कहीं भी शरण नहीं मिलेगी. कबीर कहते हैं कि कुमति कीच चेला भरा, गुरु ज्ञान जल होय, जनम-जनम का मोरचा, पल में डाले धोय अर्थात कुबुद्धि रूपी कीचड़ से शिष्य भरा है और गुरु का ज्ञान जल है. इनमें इतनी सामर्थ्य है कि शिष्यों के जन्म-जन्म का अज्ञान पल भर में दूर कर देते हैं. कबीर आगे कहते हैं कि गुरु कुम्हार शिष्य कुंभ है, गढ़ि-गढ़ि काढ़ै खोट, अन्तर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट अर्थात मिट्टी के बर्तन समान शिष्य के लिए गुरु कुम्हार की तरह होते हैं. शास्त्रों में गुरु को तीर्थ से भी बड़ा कहा गया है. तीरथ गए तो एक फल, संत मिले फल चार, सदगुरु मिले तो अनंत फल, कहे कबीर विचार.
गुरु शिष्य का मार्गदर्शन कर उसके जीवन को ऊर्जा से भरता है. लीलारस के रसिकों का दाता श्रीकृष्ण भी सद्गुरु ही है. भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु रूप में शिष्य अर्जुन को संदेश दिया था कि सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज, अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यिा माम शुचः. अर्थात सभी साधनों को छोड़कर केवल नारायण स्वरूप गुरु की शरणागत हो जाना चाहिए. वे उसके सभी पापों को नाश कर देंगे. शोक नहीं करना चाहिए. भारतीय संस्कृति और सभ्यता में कहा गया है कि जिनके दर्शन मात्र से मन प्रसन्न होता है वह परमसत गुरु है. गुरु के बिना न आत्मदर्शन संभव है और न ही परमात्मा दर्शन. जप, तप, यज्ञ और ज्ञान में गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है. किसी भी प्रकार की विद्या हो अथवा ज्ञान वह गुरु से ही प्राप्त होता है. सद्गुरु लोककल्याण के निमित्त पृथ्वी पर अवतार स्वरूप हैं. सभी ग्रंथों में गुरु तत्व की उपादेयता का गान किया गया है. वैदिककालीन महान विदुषियां लोपामुद्रा, घोषा, सिकता, अपाला, गार्गी और मैत्रेयी की रचित ऋचाओं में भी गुरुओं के प्रति सम्मान है. सद्गुरु की महिमा अनंत और अपरंपार है. उपनिषदों और स्मृति ग्रंथों में गुरु की महिमा का खूब बखान किया गया है. ईश्वर की सत्ता में विश्वास न रखने वाले जैन व बौद्ध धर्मग्रंथ भी गुरुओं के प्रति श्रद्धावान हैं. वशिष्ठ, याज्ञवल्क्य, पतंजलि और अगस्तय से लेकर तक्षशिला के महान गुरु चाणक्य तक गुरुओं की ऐसी आदर्श परंपरा रही है जिन्होंने अपनी ज्ञान ऊर्जा से राष्ट्र व समाज की अंतश्चेतना को जाग्रत व समृद्ध किया.
प्रत्येक गुरु ने दूसरे गुरुओं को आदर-प्रशंसा एवं पूजा सहित पूर्ण सम्मान दिया है. वशिष्ठ, विश्वामित्र और सांदिपनी जैसे गुरुओं ने राम व कृष्ण को परमशक्ति व परम वैभव से लैस किया. सनातन धर्म में गुरु शिष्य की परंपरा अनंतकाल से चली आ रही है. रामायण, महाभारत और परवर्ती कालों में बड़े-बड़े राजाओं ने गुरु से शिक्षा प्राप्त कर शास्त्र और शस्त्र विद्या का ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य किया है. भारत में गुरुओं की भूमिका केवल अध्यात्म और धार्मिकता तक ही सीमित नहीं रही. देश पर जब भी विपदा आन पड़ी गुरुओं ने राजसत्ता का मार्गदर्शन किया. रामायण व महाभारत काल ही नहीं हर युग में गुरुओं ने अपना लोहा मनवाया है. परवर्ती काल के गुरुओं ने तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशीला विवि को वैश्विक ऊंचाई दी.
चीनी यात्री ह्वेनसांग ने अपने विवरण में 5 वीं शताब्दी के महान शिक्षकों-धर्मपाल, चंद्रपाल, गुणपति, स्थिरमति, प्रभामित्र, जिनमित्र, आर्यदेव, दिगनाग और ज्ञानचंद्र इत्यादि का उल्लेख किया है. ये शिक्षक अपने विषयों के साथ-साथ समाज, राज्य, अर्थ, परराष्ट्र, दर्शन व संस्कृति संबंधी विषयों में भी पारंगत, निपुण और ज्ञानवान थे. नागार्जुन, असंग, वसुबंधु जैसे महान बौद्ध शिक्षकों की महत्ता को कोई कैसे भूला सकता है जिन्होंने समाज व राष्ट्र को महती दिशा दी. आदिकाल से ही शिक्षक भारतीय शिक्षा, संस्कृति, चिंतन और दर्शन के प्रवाह रहे हैं.

## आज का इतिहास

1612 : चार जंगी जहाजों के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी के जहाजी बेड़े की स्थापना.
1763 : मीर कासिम ने उदयनाला में ब्रिटिश फौजों से युद्ध में हार स्वीकार की.
1888 : सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म. 1962 में इस दिन को शिक्षक दिवस के तौर पर मनाने का ऐलान किया गया.
1986: अपहृत विमान यात्रियों को बचाने के लिए एयरहोस्टेस नीरजा भनोट ने जान दी.
1991 : मंडेला अफ्रीकी कांग्रेस के अध्यक्ष बने.
2002: अफ़ग़ानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई घातक हमले में बाल बाल बचे.
2009: एनएसई ने 10 कंपनियों पर शेयर बाज़ार में क़ारोबार करने पर प्रतिबंध लगाया.
2011 : भारतीय बैंक संघ और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा तैयार एटीएम के जरिए चेक निर्गम (क्लियर) करने की तकनीकी प्रणाली को अंतिम रूप दिया गया.

## समय पर सच बोलने की हिम्मत दिखानी होगी

चिंतन

बहुत पहले की बात है, एक चरवाहे के पास 10 भेड़े थीं. वह रोज उन्हें चराता और शाम को बाड़े में डाल देता. इसी बीच एक दिन चरवाहा भेड़ें निकाल रहा था, तो देखा कि एक भेड़ गायब है. चरवाहा बाकी बची भेड़ों से पूछा, क्या तुम को पता है कि एक भेंड़ गायब कैसे हो गयी. सभी भेड़ों ने न में सर हिला दिया. उस दिन भेड़ों के चराने के बाद चरवाहे ने भेड़ों को बाड़े में डाल दिया. अगली सुबह भी एक भेंड़ गायब. अब सिर्फ आठ भेड़ें बची थीं. चरवाहे को समझ नहीं आया कि भेड़ कहां गयी. ऐसा लगातार होने लगा और रोज रात में एक भेंड़ गायब हो जाती. एक दिन ऐसा आया कि बाड़े में बस दो ही भेंड़े बचीं. चरवाहा भी निराश था, सबकुछ भगवान पर छोड़ दिया. वो बची दो भेड़ों के बाड़े में डालने के बाद मुड़ा,तभी पीछे से आवाज़ आई, रुको-रुको मुझे अकेला मत छोड़ो वर्ना ये भेड़िया मुझे भी मार डालेगा. चरवाहा पलटा और बोला, भेड़िया! कहां है भेड़िया? भेड़ इशारा करते हुए बोली, ये जो आपके सामने खड़ा है भेड़ नहीं, भेड़ की खाल में भेड़िया है. जब पहली बार भेड़ गायब हुई तो मैं डर के मारे उस रात सोई नहीं थी. तब मैंने देखा कि रात के बाद इसने खाल उतारी और बगल वाली भेड़ को मारकर खा गया.भेड़िए ने राज खुलता देख भागना चाहा, लेकिन चरवाहे ने उसे वहीं ढेर कर दिया. चरवाहे ने क्रोध में भेड़ से पूछा, जब तुम ये बात पहले से जानती थी तो मुझे बताया क्यों नहीं? भेड़ बोली, मेरी सच बोलने की हिम्मत ही नहीं हुई. पर बात बढ़ते-बढ़ते मेरी जान पर आ गयी और अब अपनी जान बचाने का मेरे पास एक ही चारा था-हिम्मत करके सच बोलना, इसलिए मैंने आपसे सबकुछ बता दिया. चरवाहा बोला, तुमने कैसे सोच लिया कि एक-दो भेड़ों को मारने के बाद वो भेड़िया चला जाएगा.भेड़िया तो भेड़िया होता है. तुम्हारी चुप्पी ने कई निर्दोष भेड़ों की जान ले ली. तुमने पहले ही हिम्मत दिखाई होती तो कितना अच्छा होता.
दोस्तों, ज़िंदगी में कई मौके आते हैं जहां हमारी थोड़ी सी हिम्मत बड़ा फर्क डाल सकती है पर उस भेड़ की तरह हम लोग तब तक चुप रहते हैं जब तक खुद पर बात नहीं आ जाती. इस कहानी से प्रेरणा लेते हुए हम सही समय पर सच बोलने की हिम्मत करें और अपने देश को सभी बुराइयों जैसे भेड़ियों से मुक्त कराएं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #मां_का_अपमान_नहीं_सहेंगे
2. #GSTReforms
3. #नशे_से_सावधान
4. #NextGenGST
5. Samaj Jagriti
6. Yuva Sewa Sangh
7. #GSTCouncil
8. CONGRATULATIONS BTS
9. ग्रैंड ओल्ड मैन
10. DYNAMITE 2 BILLION ON YT


बहुरंग

## 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' का ट्रेलर रिलीज

फिल्म जगत में इन दिनों निर्देशक रविन्द्र गौतम की आगामी फिल्म 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' को लेकर खूब चर्चा हो रही है. यह फिल्म उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित है और उनके संघर्षपूर्ण सफर को बड़े पर्दे पर उतारने की कोशिश करती है. हाल ही में निर्माताओं ने इसका दमदार ट्रेलर जारी किया है, जिसे देखने के बाद दर्शकों के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है.

**ट्रेलर में दिखा गोरखपुर का संघर्ष और विद्यार्थी जीवन :** ट्रेलर में गोरखपुर की झलकियों के साथ योगी आदित्यनाथ के संघर्षों, छात्र जीवन और उनके जीवन के उन पड़ावों को दर्शाया गया है, जिन्होंने उन्हें एक साधारण विद्यार्थी से गोरखनाथ मठ के महंत और आगे चलकर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बना. इसमें यह भी दिखाया गया है कि कैसे कठिन परिस्थितियों और सामाजिक चुनौतियों से जूझते हुए उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई.

**अनंत जोशी बने योगी, परेश रावल की भी खास भूमिका :** फिल्म में अनंत जोशी योगी आदित्यनाथ का किरदार निभा रहे हैं. ट्रेलर में उनके अभिनय की झलक ने दर्शकों को प्रभावित किया है. वहीं, वरिष्ठ अभिनेता परेश रावल भी फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आएंगे. इसके अलावा 'अजेय' की स्टारकास्ट में दिनेश लाल यादव (निरहुआ), अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, राजेश खट्टर, गरिमा विक्रांत सिंह और सरवर आहूजा जैसे कलाकार शामिल हैं, जो कहानी को और मजबूत बनाते हैं.




**रिलीज डेट का ऐलान :** फिल्म 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है. निर्माताओं ने यह भी घोषणा कर दी है कि यह फिल्म आगामी 19 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्मी जगत के जानकार मानते हैं कि इस तरह की जीवनी पर आधारित फिल्में न केवल दर्शकों को मनोरंजन प्रदान करती हैं, बल्कि समाज और राजनीति के महत्वपूर्ण पहलुओं से भी उन्हें रूबरू कराती हैं. अब देखना यह होगा कि 'अजेय' दर्शकों के दिलों पर कितना गहरा असर छोड़ पाती है.




**मेष :** परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आलस्य का त्याग करें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. शुभांक-2-5-7

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. शुभांक-5-6-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. शुभांक-5-6-9

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. बुद्घि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें. अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं. मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. शुभांक-1-6-7

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-2-5-6

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. शुभांक-3-8-7

**तुला :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. शुभांक-2-3-7

**वृश्चिक :**स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. शुभांक-2-6-8

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. शुभांक-4-8-9

**मकर :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा. खान-पान में सावधानी रखें. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-6-8-9

**मीन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. मान-सम्मान बढ़ेगा. मन में अकाकरण चिंता के भाव जाग सकते हैं. शुभांक-3-6-8

## 'बागी 4' का नया सॉन्ग 'मरजाना' रिलीज




बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ एक बार फिर अपने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाने के लिए तैयार हैं. वह जल्द ही अपनी सुपरहिट फ्रेंचाइज़ी की अगली किस्त 'बागी 4' में नज़र आने वाले हैं. खास बात यह है कि इस बार उनके साथ स्क्रीन पर नज़र आएंगी मिस यूनिवर्स 2021 और अभिनेत्री हरनाज संधू. यह पहला मौका होगा जब टाइगर और हरनाज बड़े पर्दे पर एक साथ दिखाई देंगे, और दोनों की फ्रेश पेयरिंग को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. फिल्म के रिलीज़ से पहले ही दर्शकों का जोश देखने लायक है. 'बागी 4' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, और शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक टिकट खिड़कियों पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है और इसे इस साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर्स में से एक माना जा रहा है.

दर्शकों के उत्साह को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का नया गाना 'मरजाना' रिलीज़ किया है. इस रोमांटिक और सोलफुल ट्रैक को मशहूर गायक बी प्राक और सिद्धांत मिश्रा ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि इसके खूबसूरत बोल गीतकार समीर अंजान ने लिखे हैं दिग्गज गाने के वीडियो में टाइगर और हरनाज की केमिस्ट्री ने फैन्स का दिल जीत लिया है.

फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें एक और बड़ा नाम जुड़ा है, संजय दत्त, वह इस फिल्म में एक बेहद खतरनाक और शक्तिशाली विलेन के रूप में दिखाई देंगे. उनका लुक और किरदार दोनों ही दर्शकों को चौंकाने वाले हैं. इसके अलावा सोनम बाजवा भी 'बागी 4' का अहम हिस्सा हैं और अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से फिल्म में ताजगी लेकर आएंगी. निर्देशन की कमान ए. हर्ष ने संभाली है, जो कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में 'बजरंगी' और 'वेधा' जैसी हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. हर्ष का डायरेक्शन स्टाइल रियलिज़्म और हाई-ऑक्टेन एक्शन का मिश्रण है और यही वजह है कि 'बागी 4' से उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं. इस पूरी फ्रेंचाइज़ी की तरह ही 'बागी 4' का निर्माण मशहूर निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने किया है, जिन्होंने हमेशा से ही बड़े स्केल और कमर्शियल मसाला फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन किया है.

## 'परम सुंदरी' की कमाई में आई भारी गिरावट

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर स्टारर रोमांटिक कॉमेडी 'परम सुंदरी' को रिलीज हुए 6 दिन पूरे हो चुके हैं. 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म को समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली थीं. शुरुआती तीन दिनों में बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया, लेकिन इसके बाद से कलेक्शन में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. अब छठे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक के सबसे कम हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'परम सुंदरी' ने रिलीज के छठे दिन 2.85 करोड़ रुपये की कमाई की. इस तरह फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब 37.10 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. बता दें, फिल्म ने पहले दिन 7.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि दूसरे दिन यह आंकड़ा बढ़कर 9.25 करोड़ रुपये हो गया. तीसरे दिन फिल्म ने 10.25 करोड़ रुपये, चौथे दिन 3.25 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 4.25 करोड़ रुपये की कमाई की थी. 'परम सुंदरी' में पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी बड़े पर्दे पर नजर आई है.

## मल्लखम्ब के कलाकारों ने समारोह में किया प्रदर्शन

**रायगढ़** । छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में चल रहे चक्रधर समारोह में आठवां दिन बस्तर से आये मल्ल खम्ब के कलाकारों नाम रहा . जिसमें उन्होंने हैरत अँगेज ,कलेजा थाम लेने वाला , रोंगटे खड़े कर देने वाला, सांस थमा देने वाला अकल्पनीय ,टाइमिंग और बैलेंस , हिम्मत ,जीवटता का अद्भुत प्रदर्शन किया . जिसे देखकर आश्चर्य चकित रह गए दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंजता रहा . चक्रधर समारोह 2025 की तीन सितंबर की शाम उस समय अविस्मरणीय बन गई, जब अबूझमाड़ से आए मनोज प्रसाद के नेतृत्व में मल्लखंब दल ने मंच पर प्रवेश किया. परंपरा, अनुशासन और अद्भुत संतुलन के साथ खिलाडियों ने ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा कार्यक्रम स्थल रोमांचित हो उठा. बस्तर और नारायणपुर के छोटे-छोटे गांवों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचे इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन-10 के विजेता नरेंद्र गोटा और फुलसिंह सलाम ने अपने साथियों संग अद्भुत मल्लखंब कला की प्रस्तुति दी. मंच पर कलाकारों ने खंभे पर कौशल, कला व जिम्नास्टिक की अद्भुत मुद्राओं का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया. इस प्रस्तुति ने साबित कर दिया कि सुदूर वनांचल की प्रतिभाएं अब विश्व मंच तक अपनी पहचान दर्ज करा रही हैं. समारोह में उपस्थित हजारों दर्शकों ने खड़े होकर तालियों से इन कलाकारों की सराहना की और उन्हें छत्तीसगढ़ का गौरव बताया. यह वही दल है जिसने 2023 में इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 जीतकर पूरे देश का दिल जीता था. इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी इन कलाकारों ने भारत का परचम लहराया है. इन कलाकारों की सफलता के पीछे है अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी, जो 2018 से आदिवासी अंचलों के बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रही है. अब तक इस अकादमी के 500 से अधिक राष्ट्रीय पदक विजेता तैयार हो चुके हैं और 50 से अधिक बच्चे यहाँ रहकर शिक्षा एवं मल्लखंब की विधिवत ट्रेनिंग ले रहे हैं.

## प्रधानमंत्री मोदी की माताजी के अपमान के खिलाफ सड़कों पर दिखा आक्रोश

# राजग के बिहार बंद का दिखा व्यापक असर

शुभम संदेश। पटना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के खिलाफ अपशब्दों के विरोध में राजग के बिहार बंद का व्यापक असर दिखा. पटना, सीवान, कटिहार, बांका, अररिया और दरभंगा में राजग कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम, दुकानें बंद कराईं और राहुल गांधी व तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी की.

पटना में भाजपा और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यकर्ताओं ने शहर भर के प्रमुख चौराहों पर विरोध प्रदर्शन किया. इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और संजीव चौरसिया ने हिस्सा लिया. इस मौके पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा ₹ इतनी बेशर्मी क्यों ? आप प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी करते हैं और आपके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकलता है? अगर हमारा कार्यकर्ता होता तो हम कार्रवाई करते हुए माफी मांगते. भाजपा नेता ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की उस टिप्पणी का भी जवाब दिया, जिसमें उन्होने कहा था कि उनकी मां (राबड़ी देवी) के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल हुआ था. रविशंकर प्रसाद ने कहा आपकी मां पूर्व मुख्यमंत्री हैं. यह राजनीतिक है. क्या हम भी गिनाएं कि राहुल गांधी और विपक्ष के लोगों ने 100 से अधिक बार प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया? इस बीच राजग के बिहार बंद के दौरान राजधानी पटना में जगह-जगह पर भाजपा और राजग दलों के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन किया. डाकबंगला चौक और आयकर गोलंबर पर सुबह से ही राजग कार्यकर्ता जमा हो गए थे. इसका असर सरकारी कार्यालयों सहित रोजमर्रा के काम पर जाने वाले



लोगों पर भी दिखा .

उधर बंद के तहत सीवान में भी राजग कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे. कार्यकर्ताओं ने वाहनों का परिचालन बंद करा दिया. यहां दुकाने भी पूरी तरह बंद रही. कटिहार में पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद बंद में शामिल हुये. इस दौरान कई जगहों पर वाहनों की लंबी कतार से जाम लग गया. इस अवसर पर प्रसाद के साथ नगर निगम की मेयर उषा देवी अग्रवाल और राजग कार्यकर्ताओं ने मिर्चाईबारी बजरंग बली चौक पर टायर जलाकर विरोध जताया और राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बांका के पंजवारा में भी बंद का खासा असर दिखा. सुबह से ही बाजार की सभी दुकानें बंद रही. राजग कार्यकर्ताओं ने पंजवारा-गोड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग 333ए पर पंजवारा बाजार में सड़क जाम कर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया. अन्य जगहों पर भी सड़कों से वाहन नादारद रहे. अररिया में क्षेत्र के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बंद में भाग लेकर दुकानों को बंद कराया. चांदनी चौक के गोलंबर पर चढ़कर उन्होंने समर्थकों के साथ मिलकर विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया. इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इस बीच दरभंगा के भागलपुर में भी बिहार बंद का असर देखने को मिला. सुबह से ही राजग घटक दल के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर दुकानों और यातायात को बंद कराने में जुटे रहे. इस दौरान राज्यसभा की पूर्व सदस्य एवं जदयू नेत्री कहकशां परवीन, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष साह, दीपक सिंह, कुश पांडे, रोहित पांडे, ईं श्रीकांत कुशवाहा सहित कई राजग नेता सड़कों पर उतरे और विरोध जताया. इस दौरान महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सपना भारती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली मोड़ बस स्टैंड पर राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी की. सपना भारती ने कहा "जब तक राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री से माफी नहीं मांगते, भाजपा का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा." वहीं जदयू नेत्री डॉ. इस्मत जहां ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का प्रधानमंत्री को अपशब्द कहना दुर्भाग्यपूर्ण है.



### पटना में बदमाशों ने युवक को मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी

पटना। पटना के मनेर थाना क्षेत्र में आज एक युवक को गोली मार दी है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा. मामले की गंभीरता को देखते हुए, नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम), पटना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया है. इसके अलावा, पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि घटना से जुड़े और सबूत मिल सकें. पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया यह घटना आपसी विवाद का परिणाम लग रही है. पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है. पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा. इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

## पटनाः ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, पांच कारोबारियों की मौत

शुभम संदेश। पटना

राजधानी पटना स्थित सिपारा-पुनपुन रोड पर परसा बाजार थाना इलाके में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में 5 कारोबारियों की मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए. मृतकों में कुर्जी चश्मा गली निवासी 50 वर्षीय राजेश कुमार, पटेलनगर निवासी संजय 55 वर्षीय कुमार सिन्हा, पटना निवासी 38 वर्षीय कमल किशोर, समस्तीपुर निवासी (वर्तमान में पटना में रह रहे थे) 35 वर्षीय प्रकाश चौरसिया और मुजफ्फरपुर निवासी (वर्तमान में पटना में रह रहे थे) 38 वर्षीय सुनील कुमार शामिल हैं. राजेश कुमार के भाई ने बताया है कि, सभी लोग फतुहा किसी व्यावसायिक कार्यवश गए थे और रात में बिहटा-सरमेरा रोड होते हुए पटना लौट रहे थे. रास्ते में यह भीषण हादसा हो गया. राजेश कुमार पटना में एक प्रतिष्ठित एग्रो एजेंसी चलाते थे और इनका नेटवर्क आसपास के जिलों में फैला हुआ था. उनके साथ अन्य व्यापारी भी इसी क्षेत्र में व्यवसाय कर रहे थे.



परसा थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा. रेस्क्यू ऑपरेशन कर शवों को निकालकर पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) भेजा गया. हादसे के बाद एक मोबाइल पर कॉल आया, जिसके माध्यम से पुलिस ने राजेश कुमार के परिजन तक जानकारी पहुंचाई. बाद में अन्य परिजनों को भी सूचित किया गया.

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ग्रैंड विटारा कार की रफ्तार काफी तेज थी. ट्रक या तो धीमी गति से चल रहा था या संभवतः किनारे खड़ा था. कार की गति और टक्कर की तीव्रता से यह अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि चालक को इतना समय भी नहीं मिला कि व ब्रेक लगा पाता. स्थानीय लोगों के अनुसार, पटना-गया-डोभी फोरलेन पर पहले भी इस तरह के कई हादसे हो चुके हैं. रात के समय ट्रकों की बेतरतीब पार्किंग, सड़क संकेतों की कमी और तेज रफ्तार वाहन यहां दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते रहे हैं.

परसा बाजार थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि घटना पलक झपकने के कारण हुई है, क्योंकि दोनों गाड़ी सड़क पर चल रही थीं, तभी कार ट्रक के अंदर जा घुसी. फिलहाल आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि घटना कैसे हुई.

### शराब लदी स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, चालक की मौके पर ही हुई मौत

सुपौल। मरौना थाना क्षेत्र के मधेपुर-भलुआही रोड पर बुधवार सुबह एक शराब से लदी स्कॉर्पियो (बीआर 01पीएच 9279) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जामुन के पेड़ से टकरा गई. हादसे में स्कॉर्पियो चालक 24 वर्षीय रामप्रवेश कुमार यादव (निवासी किसनीपट्टी, घोघरडीहा थाना, मधुबनी) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और पेड़ का आधा हिस्सा टूटकर गाड़ी पर गिर गया. रामप्रवेश स्टेयरिंग सीट पर फंस गया, जिसे बाहर निकालने में पुलिस को करीब 4 घंटे लग गए. अंततः दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में मधेपुर से आ रही थी. भलुआही गांव स्थित विश्वकर्मा मंदिर से कुछ ही दूरी पहले वाहन अनियंत्रित होकर निजी जमीन में बने पिलर को तोड़ते हुए पेड़ से जा टकराया. स्थानीय लोगों और मृतक के करीबी मिथिलेश मंडल के अनुसार, रामप्रवेश कुछ समय पहले तक गलत धंधों से दूर हो गया था, लेकिन रुपये के लालच में फिर से शराब तस्करी से जुड़ी गाड़ी चलाने लगा. बताया गया कि यह गाड़ी विक्रमरही गांव निवासी अवधेश यादव की है.

#### कटिहार में ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

## 118 करोड़ की लागत से बनेगा नया रोड ओवरब्रिज



प्रतीकात्मक फोटो

शुभम संदेश। कटिहार

कटिहार जंक्शन पर यातायात जाम को कम करने की दिशा में रेल मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है. मंत्रालय ने मुकुरिया इंड पर 118.61 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 2 लेन रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण को मंजूरी दे दी है. यह आरओबी मौजूदा लेवल क्रॉसिंग गेट KM-2 और KK-1 की जगह लेगा, जो कटिहार-दंडखोरा और कटिहार-मियाना सेक्शन के बीच पड़ते हैं. ये लेवल क्रॉसिंग राज्य राजमार्ग 98 को राष्ट्रीय राजमार्ग 31 से जोड़ने वाली व्यस्त सड़क पर स्थित हैं. यहां ट्रेन परिचालन के दौरान गेट बंद होने से लंबे समय तक जाम लगता था. ट्रैफिक सेंसस 2024 के अनुसार, इन क्रॉसिंग्स पर टीवीयू क्रमशः 1,11,420 और 2,91,024 दर्ज किए गए, जो पिछले वर्षों में रेल और सड़क परिवहन दोनों में तेज़ वृद्धि को दर्शाता है. इसी वजह से आरओबी निर्माण की जरूरत महसूस की गई.

निर्माणाधीन आरओबी में 30 स्पैन का पीएससी गर्डर वायडक्ट और 2 स्पैन का स्टील गर्डर वायडक्ट शामिल होगा. फिलहाल इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है. रेल मंत्रालय का मानना है कि इस आरओबी के बन जाने से न केवल कटिहार क्षेत्र में रेल परिचालन की सुरक्षा और दक्षता बढ़ेगी, बल्कि सड़क उपयोगकर्ताओं और पैदल यात्रियों को भी जाम से निजात और सुरक्षित आवाजाही मिल सकेगी.

### दबंगों ने कांट्रैक्टर से मारपीट कर 1 लाख रुपये नकद लूट लिए

सीवान। सीवन जिले के धनौती ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत चनौर गांव में बुधवार देर रात दबंगों ने पुराने विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. इस दौरान अपराधियों ने युवक से बंदूक के बल पर 1 लाख नकद और सोने की चेन भी छीन ली. घायल अवस्था में युवक को ग्रामीणों की मदद से सीवन सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. घायल की पहचान चनौर गांव निवासी जय किसुन साह के 35 वर्षीय पुत्र सोनेलाल साह के रूप में हुई है. पीड़ित ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वह बाहर कॉन्ट्रेक्टर का काम करता है. गांव के कुछ लोग जातिगत विवाद को लेकर पहले से ही उसे धमकाते रहते थे. इस संबंध में उसने थाना और न्यायालय में कई बार आवेदन भी दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. सोनेलाल ने बताया कि बीती रात वह मजदूरों को भुगतान करने के लिए 1 लाख लेकर घर आया था. घर से बाहर निकलते ही कुछ दबंगों ने घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी. इस दौरान उसके गले से सोने की चेन और पॉकेट से पूरे 1 लाख रुपये छीन लिए गए. दबंगों ने बंदूक के बल पर जान से मारने की धमकी दी और बेरहमी से पिटाई की.

## कारोबार

### यूपी : किराना दुकानदार को 141 करोड़ रु के टैक्स भुगतान का नोटिस

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक छोटे से किराना दुकानदार को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब उसे 141 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिक्री का टैक्स नोटिस मिला. दुकानदार का नाम सुधीर है. वह खुरजा के नयागंज इलाके में अपने घर से छोटी सी किराना दुकान चलाते हैं. उनका कहना है कि उनके पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर दिल्ली में छह फर्जी कंपनियां बनाई गईं. सुधीर को ऐसी परेशानी पहली बार नहीं हुई. साल 2022 में भी उन्हें ऐसा ही एक नोटिस मिला था. उस वक्त उन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को साफ बता दिया था कि उनका इन कंपनियों से कोई लेना-देना नहीं है. लेकिन इस साल 10 जुलाई को फिर से उन्हें एक नया नोटिस मिला. इस नोटिस में कहा गया कि उनके नाम पर 1,41,38,47,126 रुपये की बिक्री दर्ज हुई है. इतनी बड़ी रकम सुनकर सुधीर हैरान रह गए. इस मामले में पुलिस ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है. खुरजा पुलिस स्टेशन में एक केस दर्ज किया गया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच चल रही है.

## जीएसटी सुधार परिवर्तनकारी, सुधारों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं उद्योग : गोयल

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधारों को परिवर्तनकारी बताते हुए उद्योग जगत से इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से करीब सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी और देश की आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने गुरुवार को यहां भारत न्यूट्रावर्स एक्सपो 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही. पीयूष गोयल ने कहा कि न्यूट्रास्युटिकल्स उद्योग कल घोषित जीएसटी में परिवर्तनकारी बदलावों के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक है. उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोग मांग में जबरदस्त और अभूतपूर्व वृद्धि होगी. गोयल ने कहा कि उद्योग अब बिक्री की मात्रा में और वृद्धि की आकांक्षा कर सकता है, जिससे सभी के लिए लाभप्रद स्थिति बनेगी. वाणिज्य मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि व्यवसायों को बड़े अवसरों का लाभ मिलेगा, जबकि जीएसटी का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाएगा.



उन्होंने उद्योग जगत से 'मेड इन इंडिया' को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने का भी आह्वान किया. गोयल ने कहा कि जीएसटी में कमी से हर उपभोक्ता को लाभ होगा. उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में की गई कई पहल के फलस्वरूप कल जीएसटी परिषद में अप्रत्यक्ष करों में जो सुधार किया गया...वह परिवर्तनकारी है. इसका दवा क्षेत्र पर तथा किसानों से लेकर हमारे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) तक विभिन्न क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा. गोयल ने कहा कि देश के प्रत्येक हितधारक, प्रत्येक उपभोक्ता को जीएसटी सुधार का लाभ मिलेगा.

जीएसटी सुधारों को 'बड़ा बदलाव' बताते हुए मंत्री ने कहा कि यह कदम 2047 तक विकसित देश बनने की यात्रा में आने वाले महीनों व वर्षों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. उन्होंने जीएसटी में परिवर्तनकारी और अभूतपूर्व सुधार का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा अपने वादे पूरे करते हैं. वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यह दिवाली का तोहफा 1.4 अरब नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में योगदान देगा. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत को एक बेजान अर्थव्यवस्था कहते हैं, जबकि यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है.

### सरकार 24 रुपये किलो बेचेगी प्याज

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को यहां एनसीसीएफ, नैफेड और केंद्रीय भंडार की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर 24 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज की खुदरा बिक्री का शुभारंभ किया. उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रह्लाद जोशी ने 24 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सब्सिडी वाले प्याज बेचने वाली वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है. फिलहाल नई दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद में प्याज की खुदरा बिक्री आज से शुरू हो गई. इस कार्यक्रम के साथ ही सरकारी बफर स्टॉक से प्याज की लक्षित और संतुलित मात्रा में आपूर्ति शुरू हुई, ताकि उपभोक्ताओं को यह आवश्यक सब्जी किफायती दामों पर उपलब्ध हो सके. इस अवसर पर मंत्री जोशी ने कहा कि सरकार किसानों और उपभोक्ताओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है. खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना भारत सरकार की प्राथमिकता है.

- जोशी ने मोबाइल वैन को दिखाई हरी झंडी

## सर्राफा बाजार में 1.07 लाख के पार पहुंचा सोना, चांदी की कीमत में मामूली गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का दौर गुरुवार को भी जारी है. सोने की कीमत में गुरुवार को 700 रुपये से लेकर 770 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है. हालांकि चांदी के भाव में मामूली गिरावट आई है. कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 1,06,860 रुपये से लेकर 1,07,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है. दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना 97,950 रुपये से लेकर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिका है. चांदी के भाव में मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिका है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना गुरुवार को 1,07,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,06,860 रुपये



प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 97,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,06,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,06,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 97,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,06,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 97,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है.

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,07,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका है. जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,07,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका है.

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,06,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 97,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

**शेयर बाजार**

#### स्टॉक मार्केट में ओवल प्रोजेक्ट्स की सपाट एंट्री

## मामूली फायदे में आईपीओ निवेशकों को किया निराश

एजेंसी। नई दिल्ली

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन, अर्बन डेवलपमेंट और एनर्जी सेक्टर्स में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम करने वाली कंपनी ओवल प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग के शेयरों ने गुरुवार को स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 85 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग सिर्फ 0.29 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 85.25 रुपये के स्तर पर हुई. हालांकि लिस्टिंग के बाद हुई मामूली लिवाली के कारण कंपनी के शेयरों के भाव में मामूली तेजी का



रुख भी बना. सुबह 11 बजे तक कारोबार होने के बाद ओवल प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग के शेयर 86 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. ओवल प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग का 46.47 करोड़ रुपये का आईपीओ 28 अगस्त से 1 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से भी फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.61 गुना सब्सक्राइब हो सका था. इनमें सिर्फ क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व पोर्शन ही पूरा भर सका था, जबकि दूसरे वर्गों में पूरा सब्सक्रिप्शन भी नहीं आ सका था. क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 6.21 गुना सब्सक्राइब हुआ था. वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.82 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 0.83 गुना सब्सक्राइब हो सका था. इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 54,99,200 नए शेयर जारी किए गए हैं. आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी.

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 3.19 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.40 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 9.33 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. इस दौरान कंपनी का राजस्व 27 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 103.44 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. इस दौरान कंपनी पर कर्ज में भी लगातार बढ़ोतरी हुई. वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी का कर्ज 32.21 करोड़ रुपये, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में बढ़ कर 32.41 करोड़ रुपये हो गया.

## मदर डेयरी जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएगी : एमडी

एजेंसी । नई दिल्ली

डेयरी उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती के फैसले का मदर डेयरी ने स्वागत किया है. प्रबंध निदेशक (एमडी) मनीष बंदलिश ने कहा कि विभिन्न उत्पादों पर जीएसटी की दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जायेगा. जीएसटी परिषद के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए एमडी मनीष बंदलिश ने कहा कि हम पनीर, चीज, घी, मक्खन, यूएचटी दूध, दूध आधारित पेय पदार्थ और आइसक्रीम सहित डेयरी उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर जीएसटी की दरों को कम करने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना करते हैं.उन्होंने आश्वासन दिया कि मदर डेयरी यह सुनिश्चित




करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इस सुधार के लाभ उपभोक्ताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचे. मदर डेयरी के एमडी ने कहा कि इस कदम से उपभोक्ताओं के लिए मूल्यवर्धित डेयरी उत्पादों की सामर्थ्य और उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. मनीष बंदलिश ने कहा कि यह पैकेज्ड श्रेणियों के लिए विशेष रूप से एक बड़ा बढ़ावा है, जो भारतीय घरों में तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और आगे चलकर इनकी मांग में और तेजी आएगी. उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब कम करने से पैकेज्ड, मूल्यवर्धित डेयरी उत्पादों को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा मिलेगा. इससे सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं की पसंद बढ़ेगी और ज्यादा परिवारों को बेहतर मूल्य पर पौष्टिक डेयरी उत्पादों का आनंद लेने में मदद मिलेगी. मदर डेयरी का वित्त वर्ष 2024-25 में कारोबार 17,500 करोड़ रुपये रहा था.

### भारतीय क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह बनाम पाकिस्तान के शोएब अख्तर में कौन सबसे खौफनाक? अपना वाला बॉलर है ज्यादा खतरनाक

# पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का बयान पाकिस्तानियों को पसंद नहीं आएगा

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

एक वक्त था जब बल्लेबाजों के लिए शोएब अख्तर खौफ का दूसरा नाम थे. उनकी तेज रफ्तार वाली गेंदों को फेस करने में बड़े-बड़े सूरमा बल्लेबाजों के पैर कांपते थे. एक आज का दौर है जब जसप्रीत बुमराह सबसे खतरनाक गेंदबाजों में शामिल हैं. इस बीच भारत और पाकिस्तान दोनों ही आगामी एशिया कप में आमने-सामने होंगे, जिसकी मेजबानी यूएई में की जाएगी. यह हाई-वोल्टेज मुकाबला 14 सितंबर को दुबई में खेला जाएगा.

अगर दोनों टीमें सुपर 4 के लिए क्वालीफाई कर जाती हैं तो उनके 21 सितंबर को फिर से खेलने की संभावना है. महामुकाबले से पहले पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा से हाल ही में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया. एशिया कप से पहले चोपड़ा से जब पूछा गया कि क्या पहले शोएब अख्तर का सामना करना ज्यादा मुश्किल था या अब जसप्रीत बुमराह का.

इस पर चोपड़ा ने जो जवाब दिया वह पाकिस्तानी पेसर के चाहने वालों को कुछ खास पसंद नहीं आएगा. भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने 48 टेस्ट मैच खेले हैं और 219 विकेट लिए हैं. इसके अलावा उन्होंने 89 वनडे और 70 टी20 मैच खेले हैं, जिनमें क्रमशः 149 और 89 विकेट लिए हैं. पूर्व सलामी बल्लेबाज से पूछा गया कि वह किस बल्लेबाज का मैच देखने के लिए पैसे खर्च करेंगे. चोपड़ा ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को चुना. विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2024 के टी20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा की. इसके बाद उन्होंने जून 2025 में टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया और अब केवल वनडे में ही एक्टिव हैं. शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में 46 मैचों में 178 विकेट झटके हैं, जबकि 11 रन देकर 6 विकेट झटकने का बेस्ट बॉलिंग रिकॉर्ड है. 2 बार उन्होंने मैच में 10 विकेट झटके, जबकि 12 बार 5 या उससे अधिक विकेट लिए. वनडे करियर में उन्होंने 163 मैच खेले, जबकि 247 विकेट अपने नाम किए. टी20 इंटरनेशनल में पाकिस्तानी पेसर के नाम 15 मैचों में 19 विकेट दर्ज हैं.



### एशिया कप में जितेश शर्मा का भविष्य

चोपड़ा ने एशिया कप टी20 से पहले टीम इंडिया के लिए एक और अहम अनुमान भी लगाया. उन्होंने कहा कि आगामी एशिया कप में जितेश शर्मा को प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है. चोपड़ा ने जितेश के आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि उनके नंबर और स्ट्राइक रेट में बहुत सुधार आया है, जो नंबर चार से सात तक बल्लेबाजी क्रम में उन्हें सबसे ऊंचा दर्जा देते हैं.

### आकाश चोपड़ा ने की जितेश की तारीफ

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे लगता है कि जितेश शर्मा एशिया कप में इलेवन का हिस्सा होंगे. हमें पोजिशन एक से तीन पर ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है क्योंकि उन्हें वहां मौका नहीं मिलेगा, लेकिन चार से सात नंबर पर उनकी संख्याएं काफी बेहतर हुई हैं. उनका स्ट्राइक रेट 166 है और औसत 28 का है। वह पहले ऐसे बल्लेबाज हैं जिनका स्ट्राइक रेट 150 से ऊपर है. तो जब बैटिंग ऑर्डर तैयार होगा तो वह सबसे ऊपर होंगे. जितेश शर्मा की संख्याएं बाकी सभी के मुकाबले सबसे अच्छी लगी हैं। वह चमक रहे हैं और नंबर एक पर नजर आ रहे हैं. मैं सच में उम्मीद करता हूं कि उनका एशिया कप अच्छा जाए.

### आरसीबी की जीत में जितेश की भूमिका

जितेश, जिन्होंने अब तक भारत के लिए नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं. वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल 2025 जीत में अहम कड़ी साबित हुए. उन्होंने बतौर फिनिशर 261 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 176 का रहा. इन प्रदर्शनों ने उन्हें भारत की टी20 टीम में एशिया कप के लिए दोबारा जगह दिलाने में मदद की, जो नौ से 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाना है. भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मुकाबले से करेगा. 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी.

### एशिया कप : पिछले 10 संस्करणों के भारत के रहे कई हीरो

# विराट कोहली के नाम सर्वाधिक रन पठान ने झटके सबसे ज्यादा विकेट

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

एशिया कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है. नौ सितंबर से टूर्नामेंट का आगाज होगा, जिसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मैच से करेगी. भारत इस टूर्नामेंट का गत विजेता है और इस बार भी ट्रॉफी बरकरार रखने पर उसकी नजरें होंगी. ओवरऑल रिकॉर्ड पर नजर डालें तो,भारतीय टीम आठ खिताबों (सात वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय) के साथ इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है जबकि श्रीलंका छह खिताबों के साथ दूसरी सबसे सफल टीम है. वहीं, पाकिस्तान ने दो खिताब जीते हैं. एशिया कप हमेशा से भारतीय क्रिकेटरों के लिए अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने का मंच रहा है. साल 2000 से अब तक हर संस्करण में किसी न किसी भारतीय बल्लेबाज या गेंदबाज ने शानदार खेल दिखाया और टीम इंडिया की ताकत बने.

**एशिया कप 2000 (ट्रॉफी जीता-पाकिस्तान) :** 2000 में सौरव गांगुली ने 156 रन बनाकर बल्ले से कमाल दिखाया, वहीं अजीत आगरकर ने गेंदबाजी में पांच विकेट झटके. इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम ट्रॉफी नहीं जीत पाई थी. पाकिस्तान की टीम ने एशिया कप की पहली ट्रॉफी साल 2000 में ही उठाई थी.




**एशिया कप 2004 (ट्रॉफी जीता-श्रीलंका) :** 2004 में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 281 रन बनाए और इरफान पठान ने 14 विकेट लेकर पूरे टूर्नामेंट में छाप छोड़ी. हालांकि, दोनों टीम को जीत नहीं दिला पाए थे. श्रीलंका ने खिताब अपने नाम किया था.

**एशिया कप 2008 (ट्रॉफी जीता-श्रीलंका) :** 2008 का एशिया कप सुरेश रैना के नाम रहा, जिन्होंने 372 रन ठोके और उस संस्करण के सबसे सफल बल्लेबाज बने. गेंदबाजी में आरपी सिंह ने मोर्चा संभाला. उन्होंने कुल सात विकेट अपने नाम किए. एशिया कप 2008 की ट्रॉफी श्रीलंका ने उठाई थी.

**एशिया कप 2010 (ट्रॉफी जीता-भारत) :** 2010 में गौतम गंभीर (203 रन) ने बल्ले से टीम को सहारा दिया, जबकि गेंदबाजी में आशीष नेहरा, जहीर खान और प्रवीण कुमार ने 6-6 विकेट हासिल किए. इस शानदार प्रदर्शन के कारण ही भारत ने ट्रॉफी अपने नाम की थी.

**एशिया कप 2012 (ट्रॉफी जीता-पाकिस्तान):** 2012 में विराट कोहली ने धमाकेदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने कुल 357 रन बनाए थे और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया था. इस दौरान गेंदबाजी में रविचंद्रन अश्विन, इरफान पठान और प्रवीण कुमार ने 5-5 विकेट झटके थे. एशिया कप 2012 का खिताब पाकिस्तान ने जीता था.

**एशिया कप 2014 (ट्रॉफी जीता-श्रीलंका) :** 2014 में भारत के लिए शिखर धवन ने सर्वाधिक 192 रन बनाए थे. वहीं, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद शमी ने 9-9 विकेट झटके थे. इस संस्करण का खिताब एक बार फिर श्रीलंका ने जीता था.

**एशिया कप 2016 ( ट्रॉफी जीता-भारत (टी20) :** यह पहला मौका था जब एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला गया था. भारत ने यह संस्करण जीता था. उसके लिए विराट कोहली ने सर्वाधिक 153 रन बनाए और हार्दिक पांड्या ने सबसे ज्यादा सात विकेट झटके थे.

**एशिया कप 2018 (ट्रॉफी जीता-भारत) :** गत विजेता भारत ने 2018 में वनडे प्रारूप में खेले गए एशिया कप का खिताब बरकरार रखा था. इस संस्करण में भारत के लिए शिखर धवन ने 342 रन बनाकर बल्ले से चमक बिखेरी थी. वहीं, कुलदीप यादव ने 10 विकेट हासिल किए थे.

**एशिया कप 2022 (ट्रॉफी जीता-श्रीलंका (टी20) :** 2022 में विराट कोहली (276 रन) और भुवनेश्वर कुमार (11 विकेट) भारतीय टीम के सितारे बने थे. टी20 प्रारूप में खेले गए इस टूर्नामेंट का खिताब श्रीलंका ने अपने नाम किया था.

**एशिया कप 2023 (ट्रॉफी जीता-भारत) :** वनडे प्रारूप में खेले गए एशिया कप 2023 में भारत के लिए शुभमन गिल ने 302 रन बनाए थे जबकि मोहम्मद सिराज ने अपनी घातक गेंदबाजी से 10 विकेट झटके थे. खिताबी मुकाबले में सिराज का स्पैल ऐतिहासिक जीत की वजह बना था. अब सभी की नजरें 2025 के एशिया कप पर हैं, जहां टीम इंडिया से एक बार फिर किसी नए हीरो के उभरने की उम्मीद होगी.

# जीएसटी स्लैब में बदलाव: खेल सेक्टर पर बड़ा असर, आईपीएल टिकटों पर 40% टैक्स

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरों का असर अब खेल जगत पर भी गहराई से पड़ने वाला है. हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने स्लैब में बदलाव करते हुए खेल और उससे जुड़े आयोजनों पर टैक्स को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं.



**टिकट पर 40% जीएसटी :** सबसे बड़ा बदलाव क्रिकेट के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे आयोजनों पर देखने को मिलेगा. अब आईपीएल जैसे खेल आयोजनों में प्रवेश (टिकट) पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा. इसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा और दर्शकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है. हालांकि, यह 40 प्रतिशत की दर सिर्फ आईपीएल जैसे आयोजनों पर लागू होगी.

**500 रुपये से अधिक के टिकटों पर... :** दूसरी ओर, मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों पर यह भारी कर नहीं लगाया जाएगा. यदि किसी मान्यता प्राप्त खेल आयोजन का टिकट 500 रुपये तक है तो वह पहले की तरह जीएसटी से मुक्त रहेगा. वहीं 500 रुपये से अधिक कीमत वाले टिकटों पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी जारी रहेगा. यानी, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त खेल टूर्नामेंटों के दर्शकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा.

**इन पर सरकार ने कसी नकेल :** इसके अलावा, जीएसटी परिषद ने सट्टेबाजी, जुए, लॉटरी, घुड़दौड़ और ऑनलाइन मनी गेमिंग जैसी गतिविधियों को भी 40 प्रतिशत कर दायरे में लाने का फैसला किया है. यह फैसला न केवल इन क्षेत्रों के कारोबार को प्रभावित करेगा बल्कि सरकार को अतिरिक्त राजस्व भी दिला सकता है. लोकप्रियता पर पड़ेगा असर.

# अमित मिश्रा का क्रिकेट को अलविदा: 25 साल बाद लिया संन्यास

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने गुरुवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी. 25 साल लंबे करियर के बाद मिश्रा ने एक भावुक पोस्ट के ज़रिए खेल को अलविदा कहा. उन्होंने लिखा आज, 25 वर्षों के बाद, मैं क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं. यह खेल मेरा पहला प्यार, मेरा शिक्षक और मेरी खुशी का सबसे बड़ा स्रोत रहा है.

**अमित मिश्रा का इंटरनेशनल करियर**

**वनडे डेब्यू :** 2003 बनाम साउथ अफ्रीका

टेस्ट डेब्यू : 2008

टी20 डेब्यू : 2010



**कुल इंटरनेशनल मैच**

22 टेस्ट – 76 विकेट, 36 वनडे – 64 विकेट, 10 टी20 – 16 विकेट

उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच फरवरी 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 के रूप में दर्ज है.

**अमित मिश्रा का आईपीएल करियर:**

**आईपीएल डेब्यू:** 2008 (दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए)

**कुल मैच** : 162, **कुल विकेट** : 174

**टीमें:** दिल्ली कैपिटल्स, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स

**आखिरी सीजन:** आईपीएल 2024

अमित मिश्रा आईपीएल इतिहास के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं. उन्हें हैट्रिक लेने वाले गिने-चुने गेंदबाजों में भी शुमार किया जाता है. उनको खेल प्रेमी बहुत समय तक याद रखेंगे.

# एमएस धौनी क्रिकेट छोड़ टेनिस का उठा रहे लुत्फ

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धौनी पिछले दिनों आईपीएल से रिटायरमेंट अफवाह के कारण चर्चा में बने रहे हैं. इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सीजन आने में अभी करीब 7 महीने बाकी हैं, लेकिन उससे पहले धौनी को यूएस ओपन टेनिस के क्वार्टरफाइनल मैच का लुत्फ उठाते देखा गया.



दरअसल सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि धौनी नोवाक जोकोविच और टेलर फ्रिट्ज का क्वार्टरफाइनल मैच देखने पहुंचे. वायरल वीडियो में एमएस धौनी को हितेश सांघवी नाम के एक बिजनेसमैन के साथ देखा गया है. हितेश ने इसका एक वीडियो भी शेयर किया है. रिपोर्ट्स की मानें तो धौनी इस समय यूएस में छुट्टियां मना रहे हैं, इसी बीच उन्होंने यूएस ओपन का क्वार्टरफाइनल मैच देखने का समय निकाला. क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जोकोविच ने फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया. अब सेमीफाइनल में जोकोविच की भिड़ंत कार्लोस अल्काराज से होगी.

टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ इस जीत से नोवाक जोकोविच ऐसे सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं, जो एक साल के भीतर सभी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे हों. यह जोकोविच का यूएस ओपन में 14वां क्वार्टरफाइनल मैच रहा. इस मामले में उन्होंने रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया है. अब उनसे आगे सिर्फ जिमी कॉनर्स (17) हैं.

**क्या आईपीएल 2026 में खेलेंगे धौनी :** एमएस धौनी इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेंगे या नहीं, इस पर उन्होंने ना तो हामी भरी है और ना ही रिटायरमेंट से इनकार किया है. धौनी का कहना था कि फैसला लेने के लिए उनके पास अभी काफी समय बचा हुआ है और अपने करियर पर अगले सीजन से पहले फैसला लेंगे. धौनी को आईपीएल 2025 में घुटने की समस्या से जूझते देखा गया था. फिटनेस संबंधी समस्याएं धौनी को रिटायरमेंट लेने पर मजबूर कर सकती हैं.

# एशिया कप से पहले लगातार तीसरी टी20 सीरीज जीत से उत्साहित हैं लिटन दास

**एजेंसियां। ढाका**

बांग्लादेश टी20 टीम के कप्तान लिटन कुमार दास ने कहा है कि उनकी टीम आगामी एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार है. टूर्नामेंट का आगाज़ 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है.बांग्लादेश ने हाल ही में नीदरलैंड्स को तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 से हराया. तीसरा मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया. यह बांग्लादेश की लगातार तीसरी टी20 सीरीज जीत है. इससे पहले उन्होंने श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था. लिटन ने टीम की इस सफलता का श्रेय प्री-सीरीज कैंप को दिया. टीम ने पहले ढाका में फिटनेस कैंप लगाया और फिर सिलहट में स्किल कैंप आयोजित किया, जहां बेहतर पिचों पर खिलाड़ियों ने अभ्यास किया. लिटन ने कहा, "मुझे लगता है हम एशिया कप के लिए अच्छी तरह तैयार हैं. जो कैंप हमने किया था, वह सिर्फ इस सीरीज के लिए नहीं था, बल्कि एशिया कप को ध्यान में रखकर किया गया था. मैंने पहले कभी इतना अच्छा कैंप नहीं देखा." उन्होंने आगे कहा, "फिटनेस तो मीरपुर में भी हो सकती थी, लेकिन जिस तरह की प्रैक्टिस की ज़रूरत थी, वह केवल सिलहट में संभव थी. कुल मिलाकर यह यात्रा हमारे लिए बहुत फायदेमंद रही." लिटन ने इस दौरान खिलाड़ियों को मिले मैच टाइम को भी अहम बताया. "जिसे भी खेलने का मौका मिला, उसने अच्छा प्रदर्शन किया. सिर्फ सैफुद्दीन ही कुछ खास नहीं कर पाए.



### बीसीसीआई में जल्द चुनाव, राजीव शुक्ला प्रेसिडेंट बनेंगे या नहीं?

# आईपीएल चेयरपर्सन की नौकरी भी खतरे में

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

बीसीसीआई में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं. पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के अध्यक्ष पद से रिटायर होने बाद ये पोस्ट खाली हो गई है. इस समय राजीव शुक्ला बीसीसीआई के कार्यकारी अध्यक्ष हैं. आईपीएल के चेयरपर्सन अरुण धूमल का पद भी खाली हो सकता है. अरुण धूमल को अक्टूबर में बीसीसीआई में अलग-अलग पदों पर काम करते हुए छह साल पूरे होने वाले हैं, जिसके बाद उनका तीन साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड शुरू होगा, जिसके तहत वे तीन साल बीसीसीआई में अफसर नहीं रहेंगे.



**चुनाव में कई बड़े सवाल :** बीसीसीआई में होने वाले इलेक्शन से पहले कई सवाल खड़े हो गए हैं, जिसमें बीसीसीआई के अध्यक्ष से लेकर आईपीएल चेयरपर्सन के पद पर कौन बैठेगा, ये अब इलेक्शन के बाद ही पता चल पाएगा. सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या राजीव शुक्ला ही बीसीसीआई के अध्यक्ष बनेंगे. राजीव शुक्ला कई सब-कमेटी, कमेटी, आईपीएल चेयरपर्सन और भारतीय टीम के मैनेजर जैसे कई रोल निभा चुके हैं और काफी लंबे समय से बोर्ड के साथ जुड़े हुए हैं. राजीव शुक्ला 2020 में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष बने. राजीव शुक्ला अगर बीसीसीआई के अध्यक्ष चुने जाते हैं, तब उनका कार्यकाल दिसंबर 2026 में पूरा हो जाएगा. सुप्रीम कोर्ट के 2022 में आए फैसले के मुताबिक, कोई भी अधिकारी छह साल तक ही इस अथॉरिटी में अफसर रह सकता है. बीसीसीआई में ऑफिस बियरर के चार पद हैं, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सेक्रेटरी और ट्रेजरर का पद शामिल है. राजीव शुक्ला अध्यक्ष बनते हैं, तब उन्हें दिसंबर 2026 में इस पद से हटना होगा.

**अरुण धूमल का कूलिंग ऑफ पीरियड :** दूसरा सवाल ये है कि क्या आईपीएल चेयरपर्सन अरुण धूमल को कूलिंग ऑफ पीरियड पूरा करना होगा. धूमल 2019 में ट्रेजरर बने थे. 2022 में आईपीएल चेयरपर्सन बनाए गए. धूमल ने बीसीसीआई में 6 साल तो पूरे कर लिए हैं, लेकिन ऑफिस बियरर के तौर पर तीन साल ही हुए हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अरुण धूमल को कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाना होता है, तब अनिरुद्ध चौधरी को आईपीएल चेयरपर्सन बनाया जा सकता है.

### महिला वर्ल्ड कप वनडे में सिर्फ एक चौका लगाने वाली खिलाड़ी की विश्व कप में एंट्री

# 17 साल है करबो मेसो की उम्र, एबी डिविलियर्स ने दी है ट्रेनिंग

**एजेंसियां। जोहानिसबर्ग**

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में महिला विश्व कप का आयोजन होना. साउथ अफ्रीका ने अपनी टीम का ऐलान किया है, जिसमें एक 17 साल की खिलाड़ी को शामिल किया है. उनका नाम करबो मेसो है. उनका विश्व कप टीम में शामिल होना इसलिए भी हैरानी की बात है, क्योंकि उनके नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में सिर्फ एक चौका है, जबकि 2 मैचों में 16 रन बनाए हैं. हालांकि, उनसे टीम को बड़ी उम्मीदें हैं. इसकी वजह यह है कि उन्हें एबी डिविलियर्स ने ट्रेनिंग दी है.

उन्होंने दुनिया के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक एबीडी ने एक सेशन साथ बिताया था. वह भी एबी डिविलियर्स की तरह विकेटकीपर बल्लेबाज हैं. स्कूल लीग में शतक ठोक चुकी हैं. इसी साल मार्च में उन्होंने साउथ अफ्रीका के लिए टी20 इंटरनेशनल टीम में डेब्यू किया. 2023 और 2025 अंडर-19 विश्व कप में भी साउथ अफ्रीका के लिए खेल चुकी हैं. इस टीम में पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क शामिल नहीं हैं, जिन्होंने पहले संन्यास लेने का अपना फैसला बदल दिया था. उम्मीद थी कि टूर्नामेंट पूर्व शिविर में शामिल होने के बावजूद नीकेर्क को टीम में जगह नहीं मिलेगी. टीम की कप्तानी लॉरा वोल्वार्ड्ट करेंगी और इसमें पूर्व कप्तान सुने लुस, मारिजैन काप, क्लो ट्रायोन और अयाबोंगा खाका जैसी अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं.

दक्षिण अफ्रीका अपने टूर्नामेंट के पहले मैच में 3 अक्टूबर को गुवाहाटी में इंग्लैंड से भिड़ेगा, जबकि उसका मुकाबला 9 अक्टूबर को विशाखापत्तनम में टूर्नामेंट के मेजबान भारत से होगा. यही टीम विश्व कप से पहले लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला (16, 19 और 22 सितंबर को) भी खेलेगी.




### वनडे विश्व कप 2025 के लिए साउथ अफ्रीका टीम

लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लार्क, मारिजैन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता (विकेटकीपर), नॉनकुलुलेको म्लाबा, एनेरी डर्कसन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लुस, करबो मेसो (विकेटकीपर), तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे.

# महिला हिंदू क्रिकेटर के खिलाफ इतने नफरती क्यों हैं कट्टरपंथी?

**एजेंसियां। ढाका**

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार बेहद आम है. आम लोगों की तो बात अलग है लेकिन क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को भी वहां नहीं बख्शा जाता है.

बांग्लादेश टीम के बल्लेबाज लिट्टन दास के घर को कुछ ही समय पहले कट्टरपंथियों ने जला दिया था. वहीं बांग्लादेश महिला टीम की क्रिकेटर ऋतु मोनी के खिलाफ भी यही कट्टरपंथी जहर उगलते रहते हैं. उनकी कई सोशल मीडया पोस्ट पर यूजर्स ने बहुत सारे घिनौने कमेंट्स और गालियां दी हुई हैं.



**ऋतु मोनी को पड़ी गालियां :** ऋतु मोनी की कई इंस्टाग्राम पोस्ट पर यूजर्स ने भर-भर कर गालियां दी हैं. वो एक समय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव थीं, लेकिन अब उन्होंने पहले के मुकाबले पोस्ट शेयर करना बंद कर दिया है. ऋतु के इंस्टाग्राम पर 1200 से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और उन्होंने 50 से ज्यादा पोस्ट भी शेयर की हैं. लेकिन ज्यादातर पोस्ट पर उन्हें गालियां झेलनी पड़ती हैं. ये गाली देने वाले और कोई नहीं बल्कि बांग्लादेश के ही कुछ कट्टरपंथी लोग हैं.

**कमेंट सेक्शन में नफरत :** बांग्लादेश के हिंदू खिलाड़ियों को अक्सर नफरत की नजरों से देखा जाता है. लिट्टन दास एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जिन्होंने सभी फॉर्मेट में बांग्लादेश की टीम को खूब मैच जिताए हैं. लेकिन इसके बावजूद उनके कमेंट सेक्शन में उन्हें जमकर गालियां पड़ती हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### सरकारी शराब दुकान के स्टाफ पर जानलेवा हमला, लाखों की लूट

**चौपारण।** चौपारण थाना क्षेत्र के डोमाडाडी सरकारी शराब दुकान के स्टाफ मनीष कुमार सिंह पर 3 सितंबर की देर रात जानलेवा हमला हुआ। दुकान बंद कर बाहर निकलते समय नावाडीह गांव के लडु यादव, राजा यादव, सोनू यादव और सूरज कुमार ठाकुर समेत 4-5 आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला कर मनीष को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने मनीष की सोने की चेन (लगभग एक लाख रुपये मूल्य) और दुकान की बिक्री की नगदी 4.25 लाख रुपये लूट ली। साथ ही उनका वाहन भी क्षतिग्रस्त किया। घायल मनीष को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने बताया कि सूरज कुमार ठाकुर शराब दुकान के सामने होटल चलाता है और अवैध शराब बिक्री करता है। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है।

### सड़क हादसे में महिला व युवक की मौत, तीन घायल

**केरेडारी।** हजारीबाग टंडवा मुख्य सड़क केरेडारी स्थित राम जानकी मंदिर के पास 3 सितंबर की रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक महिला कटकमसांडी के कंचनपुर निवासी आरती देवी (32) और युवक केरेडारी के खपिया निवासी दीपक कुमार (24) हैं। घटना के दौरान आरती देवी अपनी दादी के दशकर्म पूजा से लौट रही थीं, तभी कोदवे की ओर जा रही बाइक में सवार चार युवकों की बाइक से टकरा गई। हादसे में आरती देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दीपक कुमार का इलाज के दौरान रास्ते में निधन हो गया। घायलों का इलाज आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है। दोनों पक्षों ने केरेडारी थाने में आवेदन दिया है और सड़क जाम कर गिरफ्तारी की मांग की। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने मामले की जांच की बात कही है।

### ट्रक की चपेट में आया युवक गंभीर रूप से घायल हुआ

**चौपारण।** लक्ष्मी मंदिर के पास रविवार को बाइक सवार युवक जगन्नाथ रविदास का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक का पहिया वॉशिंग सेंटर से निकलने वाले गंदे पानी और सड़क पर पड़े तार में फंसने से अनियंत्रित होकर ट्रक की चपेट में आ गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहां दो वॉशिंग सेंटर लगातार सड़क पर गंदा पानी बहाते हैं, जिससे रास्ता दलदल बन जाता है और हादसे होते रहते हैं। बावजूद आपत्तियों के, संचालक अपनी लापरवाही नहीं छोड़ रहे हैं। घायल युवक को ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### कोडरमा में मैगजीन गार्ड की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र के पुरनाडीह पंचायत में स्थित मैगजीन हाउस के गार्ड कैला दास (65) की बीती रात हत्या का मामला सामने आया है। करमा पर्व मनाने के बाद कैला दास ड्यूटी पर गए थे, लेकिन देर से गेट खोलने पर विस्फोटक वाहन चालक श्याम कुमार से विवाद हुआ। श्याम ने कैला दास को फोन किया, लेकिन जब जवाब नहीं मिला, तो गुस्से में आकर घटना को अंजाम दिया गया, ऐसा मृतक के परिवार वालों ने संदेह जताया है। गुरुवार सुबह जब परिवार वाले मैगजीन में पहुंचे तो कैला दास की हत्या हो चुकी थी। परिजन व ग्रामीण आक्रोशित होकर वहां खड़े विस्फोटक वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## चुंदरूधाम बनेगा धार्मिक आस्था और पर्यटन का संगम: सांसद कालीचरण सिंह

# सूर्य मंदिर निर्माण से क्षेत्रीय विकास और रोजगार को मिलेगी नई दिशा

विनोद यादव। चतरा



चतरा जिले के टंडवा प्रखंड स्थित चुंदरूधाम परिसर में प्रस्तावित भव्य सूर्य मंदिर का भूमि पूजन समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और झारखंड की प्रगति की कामना की।

सांसद कालीचरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चुंदरूधाम आने वाले समय में धार्मिक आस्था का मजबूत केंद्र बनने के साथ-साथ पर्यटन के मानचित्र पर भी विशिष्ट पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा देने का कार्य करती है। ऐसे स्थलों का विकास सामाजिक एकता और क्षेत्रीय उन्नति के लिए आवश्यक है।

उन्होंने आशा जताई कि सूर्य मंदिर के निर्माण के बाद यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बनेगा, जिससे न सिर्फ क्षेत्र का नाम रोशन होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने युवाओं और ग्रामीणों से इस विकास कार्य में सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम में सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, प्रेम विकास, सुनील चौरसिया, अरुण सिंह सहित पंचायत प्रतिनिधि और दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने चुंदरूधाम को धार्मिक और पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की पहल का स्वागत किया।

यह भूमि पूजन समारोह स्थानीय निवासियों के लिए भी एक गौरव का विषय बना रहा, जहां हजारों लोगों ने मंदिर निर्माण की इस ऐतिहासिक पहल में सहभागिता दिखाई।

## एक नजर

### शिक्षक संघ की बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

**बोकारो।** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ, बोकारो की बैठक जिला सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा के आवास पर अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने और उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर जोर दिया गया। संघ ने अभिभावकों से बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और जंक फूड से दूर रखने की अपील की। बैठक में उपाध्यक्ष कौशल कुमार मुखर्जी, डॉ. शशिकांत पांडेय, इर्वि रानी एवं लालचंद रजक, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संयुक्त सचिव डॉ. शक्ति पद महतो, राजेश कुमार विश्वकर्मा एवं भरत कुमार महतो, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, शिक्षाविद गोविंद नारायण झा, बलजीत सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### डाली विसर्जन के साथ करम पर्व संपन्न

**कसमार (बोकारो)।** कसमार व आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को डाली विसर्जन के साथ करम पर्व संपन्न हुआ। युवतियों ने पारंपरिक गीत-नृत्य के बीच जउवा जागरण किया और करम डाइर की पूजा अर्चना की। अखाड़ों में मांदर-ढोल की थाप पर करम नृत्य हुआ। गुरुवार को जउवा विसर्जन कर भाइयों की लंबी आयु व सुख-समृद्धि की कामना की गई। स्थानीय प्रतिनिधि व विभिन्न दलों के कार्यकर्ता भी परब की शुभकामनाएं देने पहुंचे।

### डीएवी सेक्टर-4 में शिक्षक दिवस का आयोजन

#### कक्षा नर्सरी से दो तक के नन्हें-मुन्नों ने बिखेरी रंगत

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 में मंगलवार को ईडीपी ग्रुप (कक्षा नर्सरी से दो) के बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उनके अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हेतु प्रत्येक वर्ष समर्पित किया जाता है। समारोह की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य एवं एआरओ जोन-'के' एस.के. मिश्रा के स्वागत से हुई। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षकगण एवं नन्हें विद्यार्थियों ने डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बच्चों के मासूम चेहरों पर झलकता उल्लास वातावरण को और भी जीवंत बना रहा था। नन्हें कलाकारों ने मंच पर विविध प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। प्रत्येक कक्षा से एक छात्रा ने अपनी अध्यापिका का अभिनय कर सबको भावविभोर कर दिया। वहीं कक्षा दो/'ब' के मास्टर आरव कुमार ने प्राचार्य का किरदार इतनी सहजता से निभाया कि सभी चकित रह गए। अपने प्रेरक संबोधन में प्राचार्य एवं एआरओ एस.के. मिश्रा ने कहा कि शिक्षक ही बच्चों के जीवन में वह दीपक हैं जो ज्ञान का प्रकाश फैलाकर उनके भविष्य को संवारते हैं। आज के ये नन्हें पौधे ही कल समाज के कल्याण हेतु वटवृक्ष बनेंगे। पूरे विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि शिक्षक और विद्यार्थी का बंधन केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन-निर्माण की अनवरत यात्रा है।

### ईद-मिलाद-उन्नबी पर्व को लेकर एसडीपीओ कार्यालय में समीक्षा बैठक

**साहिबगंज।** एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में एसडीपीओ किशोर तिर्की की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक थाना प्रभारी से उनके क्षेत्र में दर्ज मामलों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वाहन चेकिंग, गश्ती और वारंटियों के मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का आदेश दिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा थानों में आने वाले सभी मामलों का समय पर निष्पादन करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की कुंडली तैयार करनी होगी। क्राइम मीटिंग में लंबित मामले, शिकायतें, लंबित अनुसंधान, गैर-जमानती वारंट और नोटिस तामिला आदि की समीक्षा की गई। वहीं, 5 सितंबर को ईद मिलाद उन्नबी पर्व को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग और गश्ती बढ़ाने के निर्देश दिए गए. पर्व के दौरान जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कहा गया। एसडीपीओ ने असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रखने के भी निर्देश दिए. इस अवसर पर इंस्पेक्टर नन्दूदेव राय, नगर थाना प्रभारी प्रवीण भास्कर, जीवरबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश यादव, बोरियो थाना प्रभारी पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भुइयां पट्टी में बने गोफ से दहशत, बीसीसीएल अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**मधुबन।** फुलारीटांड पंचायत अंतर्गत भुइयां पट्टी में बने गोफ से लगभग 250 लोगों की जान पर आफत बनी हुई है। गुरुवार को बीसीसीएल बरोरा एरिया-1 के प्रोजेक्ट ऑफिसर काजल सरकार अन्य अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे। गोफ को देखकर उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसकी भराई कराई जाएगी। गौरतलब है कि 30 जुलाई 2025 को भुइयां पट्टी निवासी हरावन भुइयां के घर की दीवार से सटा लगभग दो फीट व्यास और करीब दस फीट गहरा गोफ बन गया था। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी इस क्षेत्र में कंपनी के समय में अंडरग्राउंड माइनिंग हुआ करती थी। काम तो सालों पहले बंद हो गया, लेकिन खदान की उचित भराई नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों को आशंका है कि कभी भी पूरी भुइयां पट्टी धंस सकती है। लगभग एक माह बाद बीसीसीएल अधिकारियों के दौरे से लोगों में उम्मीद जगी है. अब देखना होगा कि बीसीसीएल प्रबंधन अपने आश्वासन पर कितना खरा उतरता है।

# चुनाव के दौरान जिला बदर अपराधी मचा रहे तांडव, अनिल यादव फरार

शुभम संदेश। रामगढ़



जेल से बाहर निकलने के बाद से कुख्यात अपराधी पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं. खासकर वे अपराधी जो चुनाव के दौरान जिला बदर किए गए थे, वे अब फिर से सक्रिय होकर इलाके में तांडव मचा रहे हैं. रामगढ़ शहर के बंगाली टोला निवासी अनिल यादव भी ऐसे ही अपराधियों में से एक है, जिसने हाल के दिनों में हथियार के बल पर दो गंभीर घटनाओं को अंजाम देकर शहर की शांति भंग करने की कोशिश की. हालांकि पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है, लेकिन वह अभी फरार है।

**हथियार लेकर रात के अंधेरे में दहशत फैलाना :** 31 अगस्त की रात अनिल यादव हथियार लेकर हिंदू संगठन के कुछ नेताओं के साथ घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ. उस समय उसके हाथ में पिस्तौल थी और उसने धमकी भरे अंदाज में हथियार लहराते हुए लोगों में दहशत फैलाई. उसने विश्व हिंदू परिषद के एक नेता के सिर पर भी पिस्तौल तानी, जिससे बड़ी वारदात की आशंका जताई गई. हालांकि, बीच में उसके साथियों ने मामला बिगड़ने से रोका. इस घटना के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है. अनिल यादव की यह हरकतें इलाके में खलबली मचा रही हैं और लोग उसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं.

**युवकों-युवतियों पर भी किया हमला:** हिंदू नेताओं के साथ हुई मारपीट के दो दिन बाद ही अनिल यादव ने 3 सितंबर की तड़के सुबह हाईवे पर स्थित कल्याणी ढाबा में जबरदस्ती शराब ली. शराब न मिलने पर उसने वहां मौजूद युवक-युवतियों को हथियार तानकर धमकाया. इतना ही नहीं, उसने एक कार पर गोली भी चलाई, जिसमें युवक और युवतियां सवार थे. पुलिस ने कार के दरवाजे में लगी गोली बरामद की है, जो इस अपराध की गंभीरता को दर्शाती है. इस घटना से इलाके में भय का माहौल बन गया है.

**पुलिस की सख्त कार्रवाई और खोजबीन जारी :** थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि पुलिस अनिल यादव की गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है. उसके सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और गुप्त स्थानों पर भी पुलिस द्वारा रेकी की जा रही है. उन्होंने आश्वासन दिया कि रामगढ़ की शांति व्यवस्था को कोई खतरा नहीं पहुंचाएगा और अपराधियों को कड़ी सजा दी जाएगी. पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो.

**आमजन में बढ़ता भय और सुरक्षा की मांग :** अनिल यादव की अपराधी हरकतों से स्थानीय लोग भयभीत हैं. कई लोग प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि क्षेत्र में पुनः शांति स्थापित हो सके. वे चाहते हैं कि पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़कर कानून के शिकंजे में लाए ताकि जनता का विश्वास पुनः बहाल हो सके.

### कोलकोले पंचायत में करमा पूजा पर भव्य जतरा मेला आयोजित

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड स्थित कोलकोले पंचायत में कर्म एकादशी के अवसर पर भव्य जतरा मेला आयोजित किया गया. मेले का शुभारंभ पंचायत मुखिया एवं मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश कुमार साव और थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मेले में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर कर्म देवी की पूजा-अर्चना में भाग ली और भाई-बहनों की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की. युवाओं व बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला. मेले में मिठाई, खिलौने और स्थानीय दुकानों ने रौनक बढ़ाई. सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी. मुखिया राजेश कुमार साव ने कहा कि कर्म पूजा आदिवासी समाज की आस्था और भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है. उन्होंने लोगों से इस परंपरा को निभाने और सामाजिक एकता बनाए रखने का आह्वान किया. इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए.

# एसपी ने सब इंस्पेक्टर को हटाने की अनुशंसा की, डीजीपी को रिपोर्ट भेजी

शुभम संदेश। हजारीबाग

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार मंडल को जिला से हटाने की अनुशंसा डीजीपी को भेजी है. संदीप कुमार फरवरी 2024 से फरवरी 2025 तक लोहसिंघना थाना प्रभारी थे. उनके कार्यकाल के दौरान दो गंभीर अपराध मामले सामने आए, जिनमें उन्होंने लापरवाही बरती.

पहले मामले में, दिसंबर 2024 को उदय साव की हत्या हुई थी. आरोपी गिरफ्तार किए गए थे, लेकिन संदीप कुमार ने निर्धारित समय में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया. इस वजह से आरोपी को जमानत मिल गई. इस मामले में उनकी लापरवाही के कारण उन्हें निलंबित किया गया और विभागीय कार्रवाई शुरू हुई.

दूसरे मामले में, जानलेवा हमले के एक केस में आरोपी अशोक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. इस केस के अनुसंधानकर्ता भी संदीप कुमार थे, लेकिन उन्होंने फिर से आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित नहीं किया. संदीप कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया. इसके बाद उन्हें पुनः निलंबित किया गया.

दोनों मामलों से स्पष्ट हुआ कि संदीप कुमार ने अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही की और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन किया. इस कारण प्रशासन ने उन्हें हजारीबाग जिला पुलिस बल से हटाने की अनुशंसा की है. इस अनुशंसा के आधार पर डीजीपी आगे की कार्रवाई करेंगे.

# हजारीबाग प्रेस क्लब के नए भवन का उद्घाटन आज

## सांसद मनीष जायसवाल करेंगे शुभारंभ, आयोजन की तैयारियां पूरी

शुभम संदेश । हजारीबाग




हजारीबाग शहर के पुराने समाहरणालय परिसर में निर्मित हजारीबाग प्रेस क्लब के नए भवन का उद्घाटन आज (5 सितंबर, शुक्रवार) दिन के 12:30 बजे किया जाएगा. उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. भवन का उद्घाटन हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के कर-कमलों से संपन्न होगा.

इस अवसर पर हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह और सचिव विस्मय अलंकार ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि कार्यक्रम में सांसद के अलावा विधायक मनीष जायसवाल, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, जिला परिषद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों व समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है.

इस ऐतिहासिक अवसर पर हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों से दर्जनों पत्रकारों के शामिल होने की संभावना है. प्रेस क्लब भवन के उद्घाटन को लेकर पत्रकारों में उत्साह का माहौल है, क्योंकि यह भवन पत्रकारों के लिए एक साझा मंच और संवाद का केंद्र बनेगा.

संभावित अतिथियों की उपस्थिति और प्रेस क्लब भवन के भव्य रूप को देखते हुए आयोजन को लेकर तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रेस क्लब की ओर से विशेष प्रबंध किए गए हैं.

### नीलांबर-पीतांबर भोगता की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, मुन्ना सिंह ने जताई कड़ी आपत्ति

शुभम संदेश। हजारीबाग



निलांबर-पीतांबर भोगता की प्रतिमा में लगे धनुष को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया है. इस घटना पर पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने इसे इतिहास और क्रांतिकारियों की विरासत पर हमला बताया. घटना की सूचना पाकर मुन्ना सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और जिला प्रशासन व पुलिस से दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की. मुन्ना सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शहीदों और क्रांतिकारियों की विरासत की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने प्रशासन से प्रतिमा का शीघ्र पुनर्निर्माण कराने और जनता से असामाजिक तत्वों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की.

# पकरी-बरवाडीह कोयला परियोजना को राष्ट्रीय '5-स्टार रेटेड ओपनकास्ट खान पुरस्कार' से सम्मानित किया गया

**हजारीबाग।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह में 'प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटेड ओपनकास्ट कोयला खान पुरस्कार' से नवाजा गया. यह पुरस्कार कोयला एवं खनन मंत्री तथा राज्य मंत्री, कोयला एवं खनन मंत्रालय द्वारा मुंबई में प्रदान किया गया. पकरी-बरवाडीह परियोजना देश के सभी ओपनकास्ट कोयला खानों में प्रथम स्थान पर रही.

इस अवसर पर एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव ने पुरस्कार ग्रहण किया. परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दाश एवं खान एजेंट चंद्रशेखर भी समारोह में मौजूद थे. यह सम्मान परियोजना के उत्कृष्ट प्रदर्शन, सतत खनन प्रथाओं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है.

परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दाश ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह पुरस्कार पूरी टीम के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है. उन्होंने बताया कि नवाचार, संचालन की उत्कृष्टता और सतत विकास के प्रति फोकस के कारण पकरी-बरवाडीह परियोजना ने भारत में विश्वस्तरीय खनन की मिसाल कायम की है. यह सम्मान आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा देगा.

### जमसं बच्चा गुट ने की लोदना जीएम से वार्ता

#### जयरामपुर पीओ एके पांडेय पर जांच के आदेश

**झरिया।** जमसं बच्चा गुट के महामंत्री अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने गुरुवार को मजदूरों की समस्याओं को लेकर लोदना महाप्रबंधक से वार्ता की. वार्ता का मुख्य मुद्दा विस्थापन और बीसीसीएल कर्मचारियों की पदोन्नति था. लोदना क्षेत्रिय सचिव मृणाल कांत सिंह ने प्रबंधन को बताया कि गोल्डन पहाड़ी पर विस्थापन में बहुत बड़ा घपला हुआ है. वहां ऐसे लोगों को क्वार्टर एलाटमेंट किया गया है जो वहां नहीं रहते हैं या यहां से सेवानिवृत्त होकर दूसरे राज्यों में चले गए हैं. एकीकृत जयरामपुर परियोजना के परियोजना पदाधिकारी अरुण कुमार पाण्डेय डिगनेटेड कर्मचारी से काम न कराकर बिना डिगनेटेड कर्मचारियों से काम लिए है और बड़ी मात्रा में पैसे की उगाही की गई है. बड़े पैमाने पर नियमों को ताक पर रख कर ट्रांसफर पोस्टिंग किया गया है. उसकी जांच होना चाहिए और दोषी अधिकारियों को सजा मिलनी चाहिए. महाप्रबंधक निखिल बी त्रिवेदी ने तुरंत लोदना एपीएम दिलीप कुमार सिंह को निर्देश दिया और कहा कि एके पाण्डेय के समय जो ट्रांसफर पोस्टिंग हुआ है उसका जांच किया जाए. वार्ता में प्रबंधन के तरफ से महाप्रबंधक निखिल बी त्रिवेदी, एपीएम दिलीप कुमार सिंह यूनियन के तरफ से अभिषेक सिंह, मृणाल कांत सिंह, उमाशंकर शाही प्रमोद पाठक अमरजीत, संजय तिवारी, मुन्ना सिंह आदि मौजूद थे.

## जीएसटी में ऐतिहासिक सुधार

# अन्नपूर्णा देवी ने बताया मध्यमवर्ग किसानों व महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा

## विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम

शुभम संदेश। कोडरमा



केंद्रीय मंत्री एवं कोडरमा सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने जीएसटी परिषद द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय का जोरदार स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मार्गदर्शन में लिया गया यह फैसला देश के मध्यमवर्ग, महिलाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत देगा. जीएसटी परिषद ने कर ढांचे को और सरल करते हुए अब केवल दो स्लैब 5% और 18% को बनाए रखने का निर्णय लिया है. वहीं 12% और 28% के टैक्स स्लैब को समाप्त कर दिया गया है. इस फैसले से रोजमर्रा की उपभोग वस्तुएं, कृषि उपकरण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते हो जाएंगे, जिससे आमजन के जीवन पर सीधा सकारात्मक असर पड़ेगा.

# ऑटो चालक ने किया कुछ ऐसा कि पुलिस भी कर रही सलाम, जानकर आप भी करेंगे सैल्यूट

शुभम संदेश। हजारीबाग

झारखंड में रोजाना चोरी, लूटपाट और डकैती के कई मामले सामने आते हैं. एक ओर जहां बदमाश अपने पैर पसार रहे हैं और राज्य में अपराधिक घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं. वहीं दूसरी ओर आज भी कई ऐसे लोग समाज में हैं जो मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं. हजारीबाग जिले से एक ऐसा ही मामला सामने आया है. यहां एक ऑटो ड्राइवर ने मानवता की ऐसी मिसाल पेश की, जिसे जान जिला पुलिस प्रशासन ने भी उसके कार्य को प्रोत्साहित किया.

**ऑटो में छूटा यात्री का मोबाइल:** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना अंतर्गत हरदाग निवासी ऑटो चालक वरुण कुमार (38 वर्ष) के ऑटो में कल बुधवार को एक यात्री का मोबाइल फोन छूट गया था. अपने ऑटो में मोबाइल देखते ही वरुण ने तुरंत इसकी सूचना सदर थाना सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार मुण्डरी को दी. वरुण ने बताया कि फोन में कोई सिम कार्ड नहीं लगा हुआ है. इसके बाद वह मोबाइल लेकर थाना पहुंचा और फोन सदर थाना को सुपुर्द किया. वरुण ने मोबाइल को उसके मालिक तक पहुंचाने का आग्रह किया है.

**थाना प्रभारी ने की सराहना :** हजारीबाग सदर थाना सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार मुण्डरी ने इस संबंध में बताया कि जिले में चोरी और छिनतई की घटनाएं काफी बढ़ गयी हैं. ऐसी परिस्थितियों के बीच ऑटो चालक वरुण कुमार का फोन लेकर थाना पहुंचना काफी सराहनीय है. उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे ही कुछ शुभचिंतकों की बदौलत आज भी इंसानियत जिंदा है. मोबाइल में कोई सिम कार्ड नहीं लगा हुआ था. अगर वरुण चाहता तो, मोबाइल अपने पास रख सकता था. लेकिन उसके ऐसा नहीं किया और नेकी का परिचय देते हुए मोबाइल थाना को सुपुर्द किया.

**मोबाइल मालिक तक पहुंचाने का प्रयास कर रही पुलिस :** सब इंस्पेक्टर अरुण मुण्डरी ने बताया कि मोबाइल फोन उसके मालिक तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रही है. मीडिया और विभिन्न माध्यमों से यह जानकारी फैलायी जा रही है, ताकि जिस भी व्यक्ति का यह मोबाइल है. वह आकर इसे ले जाये. थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही मोबाइल उसके मालिक तक पहुंचा दिया जायेगा. ऑटो चालक वरुण कुमार के इस कार्य के लिए प्रशासन ने उसे प्रोत्साहित किया.

### कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने रंधीर

शुभम संदेश। रामगढ़

कांग्रेस ओबीसी मोर्चा का जिलाध्यक्ष रंधीर गुप्ता को बनाया गया है. गुरुवार को पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के पास उनका स्वागत किया. इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला महासचिव संजय साव, नगर अध्यक्ष बलराम साव, संजीव खंडेलवाल सहित अन्य मौजूद थे. वहीं रंधीर गुप्ता ने कहा कि वे पिछड़ी जाति के लोगों के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे. साथ ही समाजिक विकास में भी सहभागिता निभाएंगे. उन्होंने प्रदेश के पदाधिकारियों के प्रति आभार भी जताया.

## पेज तीन का शेष

### टैंकर की चपेट में आने से 11वीं....

इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार रोशन सिंह चौधरी दाहिने फेंका गया और टैंकर की चपेट में आ गया. इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. जबकि, मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य युवक बाईं ओर गिरे. इससे उन्हें मामूली चोटें आई और उनकी जान बच गई. घटना की खबर सुनकर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत दलबल के साथ पहुंचे और मृत छात्र के शव को अपने कब्जे में लिया.

पुलिस ने शव को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है. रोशन देवली पंचायत अंतर्गत जरगड़ी गांव के रघुनंदन सिंह चौधरी का पोता एवं उत्तम सिंह चौधरी का पुत्र था. दुर्घटना के बाद चालक टैंकर को भगाकर ले जा रहा था. इस बीच लोगों ने उसका पीछा किया और अंबोना मोड़ के पास टैंकर को पकड़ लिया गया. लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया. इस घटना की खबर सुनकर अधिवक्ता प्रताप सिंह चौधरी, चंद्रशेखर शाही, समरेश चौधरी, नवल किशोर चौधरी, खगेन चौधरी आदि गोविंदपुर थाना एवं मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे. रात हो जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका. शुक्रवार को पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस शव परिजनों को सौंपेगी. इस घटना से जरगड़ी समेत बहादुरपुर, बस्तीपुर, बागसुमा आदि गांव में शोक है. मृतक रोशन उत्तम सिंह चौधरी के दो बेटों में बड़ा था. पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने बताया कि मृतक के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी.



# पुर्तगाल में ऐतिहासिक पर्यटक ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त, 17 की मौत, 21 घायल

एजेंसी । लिस्बन

पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में बुधवार शाम ऐतिहासिक ₹ग्लोरिया एलिवेटर₹ नामक पर्यटक रेल के दुर्घटनाग्रस्त होने से इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई गई है. लिस्बन नगर नागरिक सुरक्षा सेवा के अधिकारी मार्गरीडा कास्त्रो मार्टिंस ने इसकी पुष्टि की. पुर्तगाल में ग्लोरिया एलिवेटर को एलेवाडोर द ग्लोरिया, स्ट्रीटकार और फनिक्युलर भी कहा जाता है. इस बीच पुर्तगाल में आज राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है. इसे पुर्तगाल के इतिहास का सबसे भीषण रेल हादसा बताया जा रहा है. द पुर्तगाल न्यूज अखबार के अनुसार मार्टिंस ने बताया कि इस ट्रेन में 38 लोग सवार थे. हादसे में 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 23 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इनमें से दो ने रात को दम तोड़ दिया. घायलों में 12 महिलाएं और सात पुरुष हैं. इनमें एक महिला गर्भवती है. मृतकों में पुर्तगाल के चार, स्पेन के दो, कोरिया, केप वर्डे, कनाडा, इटली, फ्रांस, स्वीडन और मोरक्को का एक-एक नागरिक शामिल है. चार घायलों की पहचान नहीं हो सकी है. घायलों को साओ जोस, सांता मारिया, साओ फ्रांसिस्को जेवियर, कास्केस और अमाडोरा-सिंट्रा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. इस बीच राष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा संस्थान के कार्यक्रम योजना, स्टेट प्रोटोकॉल और क्राइसिस मैनेजमेंट इकाई के प्रमुख टियागो ऑगस्टो के अनुसार अग्निशमन विभाग ने आठ वाहनों और 34 चिकित्सा कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा है जिन्होंने घायलों को अस्पतालों में पहुंचाया.

## न्यूज अपडेट

### सूडान में भूस्खलन से तरासिन गांव पूरी तरह से तबाह हो गया

**नयी दिल्ली** । सूडान के पश्चिमी क्षेत्र डारफुर में भूस्खलन से तरासिन गांव तबाह हो गया है. अब तक लगभग 100 शव बरामद किए गए हैं, जबकि मरने वालों की संख्या 1,000 तक पहुंचने की आशंका है. यह हादसा 31 अगस्त को मारा पर्वत क्षेत्र में हुआ, जो अपनी ऊंचाई और भारी वर्षा के लिए जाना जाता है. सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि संसाधनों और उपकरणों की कमी के बावजूद राहत अभियान जारी है. संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इलाके तक पहुंचना मुश्किल है और मृतकों की सही संख्या अभी स्पष्ट नहीं है. 300 से 1,000 लोगों की जान जाने की आशंका है. पोप लियो 14वें ने पीड़ितों के लिए प्रार्थना की और इसे मानवीय आपदा बताया.

### इसराइल ने संदिग्ध एटमी हथियार कार्यक्रम को ले निर्माण कार्य तेज किया

**नयी दिल्ली** । विशेषज्ञों द्वारा विश्लेषित उपग्रह चित्रों के अनुसार, इस्राइल के लंबे समय से संदिग्ध एटमी हथियार कार्यक्रम के लिए एक अहम सुविधा में नई संरचना पर निर्माण कार्य तेज हो गया है. उनका कहना है कि यह एक नया रिएक्टर या परमाणु हथियार बनाने की सुविधा हो सकती है. उधर, गाजा के सबसे बड़े दीर अल-बला शहर पर चारों और से तोपें और बम बरस रहे हैं. इस्राइल द्वारा सख्त हमले के संकल्प से फलस्तीनियों में डर फैला हुआ है. इस्राइल ने क्षेत्र के उत्तर में स्थित गाजा शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित करने के बाद सेना हमास को अधीन करने के अभियान में इसे अपने कब्जे में लेने की योजना बना रही है. वहीं इस्राइल ने पूरे पश्चिम एशिया में निगरानी मजबूत करने के लिए नया जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित किया है.

### इटली के विटेर्बो शहर में उत्सव से पहले दो हथियारबंद तुर्की गिरफ्तार

**विटेर्बो** । इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को बताया कि रोम के निकट मध्य इटली के विटेर्बो शहर में एक लोकप्रिय स्थानीय उत्सव से कुछ घंटे पहले दो हथियारबंद तुर्की व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया. मेलोनी ने पुलिस और गृह मंत्री माटेओ पियांटेडोसी की त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशंसा की, जिसके कारण बुधवार रात ये गिरफ्तारियां हुईं. उन्होंने कहा कि इससे एक अनोखे आयोजन का सुरक्षित आयोजन संभव हो सका. इतालवी मीडिया ने बताया कि दोनों व्यक्तियों पर बुधवार के उत्सव के दौरान हमले की योजना बनाने का संदेह है, जिसमें इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी भी शामिल हुए थे. विटेर्बो में पुलिस इन गिरफ्तारियों पर तुरंत कोई टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं थी.

### अफगानिस्तान में एक बार फिर कांपी धरती, 4.8 तीव्रता का भूकंप आया

**नयी दिल्ली** । अफगानिस्तान में विनाशकारी भूकंप आने के बाद से लगातार धरती का कांपना जारी है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के एक बयान में बताया गया कि गुरुवार को अफगानिस्तान में फिर से 4.8 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप 135 किमी की गहराई में आया. भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई. यह 4 सितंबर को सुबह 10:40 बजे 135 किलोमीटर की गहराई में आया. इससे पहले इससे पहले बुधवार देर रात यहां 10 किमी की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशॉक का खतरा बढ़ गया था. एक्स पर एक पोस्ट में एनसीएस ने बताया कि अफगानिस्तान में रात 23:53 बजे 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए.

### भारत के नए इमिग्रेशन नियमों से नेपाल-भूटान के नागरिकों को छूट

**काठमांडू** । भारत सरकार ने 2 सितंबर से पूरे देश में जो नए आप्रवासन नियम लागू किए हैं उससे नेपाल और भूटान के नागरिकों को छूट दी गई है. नए नियम में किसी भी विदेशी नागरिक को भारत प्रवेश करने पर अनिवार्य रूप से फॉर्म सी भरने का निर्देश जारी किया गया है. भारत के गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नए आप्रवासन नियमों से नेपाल और भूटान के नागरिकों को अलग रखा गया है. गृह मंत्रालय के इस नए नियम को लेकर नेपाल में संशय उत्पन्न होने के बाद काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर नेपाल और भूटान के नागरिकों को इस नए नियम से अलग रखने की जानकारी दी गई है.

### भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान को भारत ने भेजी 21 टन राहत सामग्री

**नयी दिल्ली** । अफगानिस्तान के भूकंप पीड़ितों के लिए भारत ने 21 टन राहत सामग्री भेजी है. रविवार देर रात पूर्वी अफगानिस्तान में आए 6 रिक्टर वाले शक्तिशाली भूकंप में 1,400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 2,500 से अधिक लोग जख्मी हुए हैं. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय राहत सामग्री अफगानिस्तान पहुंचने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी. भारज से भेजे गए सामान में टेंट, कंबल, स्वच्छता किट, जल भंडारण टैंक, जनरेटर, बर्तन, वाटर प्यूरीफायर, स्लीपिंग बैग, दवाइयां व अन्य सामान शामिल हैं. तबाह हुए पूर्वी पहाड़ी इलाकों में घरों के मलबे से बचे लोगों को निकालने के लिए बुधवार को अफगानिस्तान ने हवाई मार्ग से कमांडो उतारे. साथ ही, उसने भोजन, आश्रय व चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने के प्रयास तेज कर दिए हैं.

## पीएम मोदी और सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग के बीच हुई मुलाकात

# सिंगापुर वाणिज्यिक सहयोगी व 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का स्तंभ

एजेंसी । नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के बीच गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई. इस दौरान दोनों नेताओं ने बहुआयामी साझेदारी को और सशक्त बनाने के अवसरों पर चर्चा की. प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर को भारत का प्रमुख वाणिज्यिक सहयोगी और 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का अहम स्तंभ बताया. प्रधानमंत्री मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री वोंग के बीच दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता में आर्किटेक्चर, हरित शिपिंग, कौशल विकास, जल प्रबंधन, परमाणु ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया. एआई, क्वांटम और डिजिटल टेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष विज्ञान तथा सेमीकंडक्टर उद्योग में सहयोग के नए अध्याय जोड़ने का निर्णय भी हुआ. बातचीत के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त रुप से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर को दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक सहयोगी बताया. उन्होंने कहा कि सिंगापुर से भारत में बड़े स्तर पर निवेश हुआ है. पिछले साल सिंगापुर यात्रा के दौरान उन्होंने अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक भागीदारी का दर्जा दिया था और इस वर्ष संवाद और सहयोग में गति और गहराई आई है. सिंगापुर को भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आसियान के साथ सहयोग और इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए संयुक्त विजन को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे.

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और सिंगापुर का सहयोग आज की वार्ता के बाद पारंपरिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा. हमने अपनी भागीदारी के भविष्य के लिए एक विस्तृत रोड में तैयार किया है. बदलते समय के अनुरूप आर्किटेक्चर, उन्नत विनिर्माण, हरित शिपिंग, कौशल, नागरिक परमाणु और जल प्रबंधन सहित विविध क्षेत्र वार्ता के केंद्र बिंदु रहे.

**शोध और विकास कार्य को नई दिशा दी :** प्रधानमंत्री ने कहा, "हमारे संबंध कूटनीति से कहीं आगे तक जाते हैं. यह एक उद्देश्यपूर्ण साझेदारी है, जो साझा मूल्यों पर आधारित है, आपसी हितों से निर्देशित है और शांति, प्रगति और समृद्धि के साझा दृष्टिकोण से प्रेरित है." प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल सेमीकंडक्टर क्षेत्र में हुए भागीदारी समझौते ने शोध और विकास कार्य को नई दिशा दी है. सिंगापुर चेन्नई में एक राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करने में सहयोग देगा. सेमीकंडर इंडिया में कॉन्फ्रेंस में सिंगापुर की कंपनियों ने वेंचर कर हिस्सा ले रही हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने तय किया है कि वे एआई, क्वांटम और अन्य डिजिटल टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे. वहीं आज स्पेस क्षेत्र में भी समझौता हुआ है जिससे अंतरिक्ष विज्ञान में सहयोग का नया अध्याय जुड़ रहा है. टेक्नोलॉजी और नवाचार में हमारी साझेदारी दोनों देशों के रिश्तों की मजबूत स्तंभ है.

**एकजुटता से लड़ना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य :** आतंकवाद पर सामान चिंताएं साझा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ एकजुटता से लड़ना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य है. इसी संदर्भ में उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का उल्लेख किया और कहा कि भारत के लोगों के प्रति संवेदना और आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई का समर्थन देने के लिए वह सिंगापुर के प्रधानमंत्री और सिंगापुर की सरकार का आभार व्यक्त करते हैं. प्रधानमंत्री वोंग के पहली बार भारत आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी ने उनका स्वागत किया और कहा कि इस वर्ष को दोनों देश अपने संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं. इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सुबह मेहमान नेता से मुलाकात की और भारत सिंगापुर संबंधों को लगातार मजबूत करने की उनके प्रयासों की सराहना की.

## मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार किए गए, 184.13 किलो गांजा बरामद


एजेंसी । इंफाल

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने बीते 24 घंटे में लगातार अभियान चलाकर कई प्रतिबंधित संगठनों के सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया और लगभग 184.13 किलो गांजा सहित अन्य सामान जब्त किए हैं. पकड़े गए संगठनों में केसीपी (सिटी मैइतेई) और केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो-दो, पीएलए का एक कैडर समेत एक अन्य को गिरफ्तार किया है. सबसे पहले, केसीपी (सिटी मैइतेई) के दो कैडरों को पकड़ा गया. इनमें लैश्रम सुरनजॉय मैतेई उर्फ थॉई (28), निवासी लैरेनकाबी ममंग लाइकाई, थाना लामशांग, इंफाल वेस्ट शामिल है, जिसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया. वहीं दूसरा कैडर फिजाम अथैलू मैतेई (26), निवासी सेक्ता मायाई लाइकाई, थाना लामलै, इंफाल ईस्ट को खबाम चुंब्रेईथोंग से पकड़ा गया. दोनों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए.

इसके अलावा, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का एक सक्रिय कैडर भी गिरफ्तार किया गया. उसकी पहचान कंगुजम नोंगमैखोम्बा मैइतेई (50), निवासी बासिखोंग, इंफाल ईस्ट के रूप में हुई है. वह बिष्णुपुर जिले में आम जनता, व्यापारियों, स्कूलों और कॉलेजों से वसूली में संलिप्त था. उसके पास से दो सिम कार्ड सहित एक मोबाइल फोन और एक बैगनी रंग की स्कूटी (एमएन 01सी 3338) को जब्त किया है. इनके अलावा, केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो और सक्रिय कैडरों को भी सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया. दोनों का निवास स्थान लैरेनकाबी गांव, थाना लामशांग, इंफाल वेस्ट है. गिरफ्तार किए गए कैडरों के नाम युमनाम सूरचन्द्र सिंह (35) उर्फ सूर और हाओरोंगबम टोम्बा मैतेई (29) बताए गए.

### अवैध सट्टेबाजी से जुड़े मामले में शिखर धवन से पूछताछ करेगी ईडी

**नई दिल्ली** । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन को अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन



शोधन मामले की चल रही जांच में शामिल होने के लिए समन जारी किया है. यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब कुछ दिन पहले ही ईडी ने पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी.सूत्रों ने बताया कि धवन को इस अवैध सट्टेबाजी मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को एजेंसी के दिल्ली मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है. यह मामला 1एक्स-बीईट नामक ऐप से जुड़ा है. उन्होंने बताया कि धवन सुबह 11 बजे एजेंसी के दफ्तर पहुंचे हैं. कुछ ही देर में उनसे पूछताछ होगी. ईडी अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े ऐसे कई मामलों की जांच कर रही है जिन पर करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप है.

### सोलर एक्सप्लोसिव कं में विस्फोट से एक मजदूर की मौत, 16 घायल

**नागपुर** । नागपुर जिले के बाजारगांव स्थित सोलर ग्रुप की रक्षा क्षेत्र से जुड़ी आयुध निर्माण कंपनी इकॉनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड (ईईएल) में बुधवार आधी रात 12:34 बजे भीषण विस्फोट हुआ. दुर्घटना में सुपरवाइज़र मयूर गणवीर (आयु 25) की मृत्यु हो गई, जबकि 16 मजदूर घायल हुए हैं. इनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है. यह विस्फोट कंपनी के पीपी-15 संयंत्र में हुआ. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट से पहले आग लगने की घटना हुई थी, जिससे कुछ मजदूरों को बाहर निकलने का मौका मिला. अन्यथा जनहानि और अधिक हो सकती थी. विस्फोट का प्रभाव इतना तीव्र था कि इसकी गूंज बाजारगांव सहित शिवा, सावंगा और आसपास के 10 गांवों तक महसूस की गई. जोरदार आवाज सुनकर नागरिक घबराकर घरों से बाहर निकल आए. घायलों मे कैलास वर्मा, मनीष वर्मा, सनी कुमार, अरुण कुमार, अतुल मडावी, सौरभ डोंगरे, तेजस बांधते, सूरज गुटके, अखिल बावणे, धर्मपाल मनोहर शामिल हैं. हादसे का शिकार हुए 14 घायलों को नागपुर के दंदे अस्पताल में भर्ती किया गया है, जबकि 2 अन्य को राठी अस्पताल, धंतोली में स्थानांतरित किया गया है. विस्फोट के कारण कंपनी की लाखों रुपये की मशीनें और सामग्री पूरी तरह से जलकर खाक हो गई. घटना के समय रात 11 बजे के बाद की शिफ्ट चालू थी और मजदूर प्रयोगशाला एवं विभिन्न यूनिट्स में कार्यरत थे.

## पुतिन ने जेलेंस्की की वैधता पर उठाया सवाल, कहा- यूक्रेन में इस पर जनमत संग्रह जरूरी

**बीजिंग** । रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के रूप में व्लादिमीर जेलेंस्की की वैधता पर सवाल उठाया है. उन्होंने यूक्रेन के अधिकारियों से इस मसले पर जनमत संग्रह कराने का आह्वान किया है. पुतिन ने यहां बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में साफ तौर पर कहा कि यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने को लेकर किसी भी समझौते के लिए कीव के नेतृत्व की वैधता की आवश्यकता होगी. पुतिन ने कहा कि रूस संभावित भू-विनिमय के हिस्से के रूप में यूक्रेन के लिए किसी भी सुरक्षा गारंटी पर विचार नहीं करेगा. उन्होंने कहा, सुरक्षा गारंटी स्वाभाविक है. हर देश को मिलनी चाहिए, लेकिन इसका क्षेत्रीय आदान-प्रदान से कोई लेना-देना नहीं है. हम भू-विनिमय के लिए नहीं, बल्कि मानवाधिकारों के लिए लड़ रहे हैं. पुतिन ने इस दौरान कहा कि रूस के सशस्त्र बलों के सभी समूह यूक्रेन की सभी दिशाओं में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं. रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि उन्होंने व्लादिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की संभावना से कभी इनकार नहीं किया. इस दौरान उन्होंने इस तरह की बातचीत की उपयोगिता पर सवाल उठाया.

## लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटा प्रशासन दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर

**नई दिल्ली** । दिल्ली में खतरे के निशान से 2 मीटर से ज्यादा ऊपर बह रही यमुना के जलस्तर में गुरुवार को भी वृद्धि जारी है. यमुना का जलस्तर गुरुवार को सुबह 10 बजे 207.47 दर्ज किया गया. हरियाणा के हथिनीकुंड बांध से आज 1,33,995 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है. हांलाकि दोपहर 12 बजे यमुना का जलस्तर मामूली गिरावट के साथ 207.46 दर्ज किया गया है. इस दौरान हथिनीकुंड़ से 1,35,702 क्यूसेक पानी छोड़ गया है. यमुना से सटे इलाकों में बुधवार से ही पानी भरना शुरू हो गया है. प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगा हुआ है. दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को कहा कि हमने सारे इंतजाम कर लिए हैं और यमुना के जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं. कई वर्षों बाद इतना पानी आया है, लोहे के पुल तक पानी आ गया है. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई मंत्री प्रवेश साहिब सिंह लगातार इसकी समीक्षा कर रहे हैं. हथिनी कुंड से छोड़े जा रहे पानी को लेकर मुख्यमंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से भी बात की है.

## जैसलमेर बॉर्डर पर संदिग्ध युवक गिरफ्तार पाकिस्तान के रास्ते सऊदी जाने की कोशिश

**जैसलमेर** । ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान सीमा से लगे राजस्थान के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां लगातार अलर्ट पर हैं. सीमा से सटे गांवों और क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है. इसी सतर्कता के बीच जैसलमेर जिले के पोछिना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के रहने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है. बीएसएफ के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान 30 वर्षीय लालचंद शेख के रूप में हुई है. वह इंटरनेशनल बॉर्डर से करीब 15 किलोमीटर दूर संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया. जब उससे बॉर्डर क्षेत्र में आने का कारण पूछा गया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका. पूछताछ में उसने बताया कि वह पाकिस्तान के रास्ते सऊदी अरब जाने की कोशिश कर रहा था.

**हिंदू पंचांग**

## 122 साल बाद पितृपक्ष में दो ग्रहण के समाचार वैज्ञानिक तथ्यों पर ग्रहण लगाने वाले

# चंद्रग्रहण से होगी पितृपक्ष की शुरुआत व अंत सूर्यग्रहण से

एजेंसी । भोपाल



हिन्दू पंचाग के अनुसार इस साल रविवार, 07 सितंबर को पितृपक्ष के आरंभ की पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना होने जा रही है, जिसे भारत में देखा जा सकेगा. इस पूर्ण चंद्रग्रहण के बाद 21 सितंबर को पितृमोक्ष अमावस्या पर आंशिक सूर्यग्रहण की घटना होगी, लेकिन इसे भारत में नहीं देखा जा सकेगा. इस तरह वैश्विक स्तर पर इस साल पितृपक्ष के आरंभ और अंत दोनों तिथियों पर ग्रहण की घटना होगी. यह जानकारी नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान दी. घारु ने बताया कि पितृपक्ष में दो ग्रहण पड़ने के संबंध में सोशल मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है कि 122 सालों बाद पितृपक्ष की शुरुआत और अंत ग्रहण की घटनाएं से होने जा रही हैं. इसके लिये 122 साल पहले सन 1903 में हुए दो ग्रहणों का उदाहरण दिया जा रहा है कि तब ये ग्रहण पितृपक्ष के आरंभ और अंत मे थे, जबकि वास्तविकता यह है कि सन 1903 में 21 सितम्बर को पितृमोक्ष अमावस्या को तो पूर्ण सूर्यग्रहण था और इसके 15 दिन बाद 06 अक्टूबर 1903 को आंशिक चंद्रग्रहण हुआ था, लेकिन 06 अक्टूबर को तो शरद पूर्णिमा थी और पितृपक्ष समाप्त हुए 15 दिन बीत चुके थे. इस तरह 122 साल पहले हुई घटना के गलत तथ्य प्रस्तुत कर आज की स्थिति में वैज्ञानिक तथ्यों पर ग्रहण लगाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पितृपक्ष का आंरभ और समापन पर ग्रहण की घटना कोई दुर्लभ नहीं है. इसके पहले भी इस प्रकार की घटना वर्ष 2006 में हुई थी, जबकि पितृपक्ष के आरंभ में 07 सितंबर 2006 भाद्रपद पूर्णिमा पर आंशिक चंद्रग्रहण था, जो कि भारत में दिखा भी था. इसके 15 दिन बाद पितृमोक्ष अमावस्या 22 सितम्बर 2006 को वलयाकार सूर्यग्रहण था, जो कि भारत में नहीं दिखा. उन्होंने बताया कि इसके पहले 1978 में भी यह हो चुका है. तब पितृपक्ष का आरंभ 16 सितम्बर 1978 को पूर्ण चंद्रग्रहण से होकर 02 अक्टूबर 1978 को आंशिक सूर्यग्रहण के साथ समापन हुआ था. इसके पहले भी अनेक बार यह संयोग आता रहा है. उन्होंने आग्रह किया कि तथ्यों की बिना पड़ताल करे किसी समाचार को मसालेदार बनाना वैज्ञानिक तथ्यों को ग्रहण लगाने के समान है. अपने पूर्वजों की स्मृति के इस पखवाड़े को पूर्ण श्रृद्धा और वैज्ञानिक जानकारी के साथ मनाएं.

# हार्वर्ड विवि को ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में मिल गयी कानूनी जीत

- कानूनविद् कहते हैं कि यह फैसला हार्वर्ड को व्हाइट हाउस के साथ समझौता वार्ता में नई ताकत दे सकता है.

एजेंसी । वाशिंगटन

हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने बुधवार को ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत हासिल की. बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा कि सरकार ने यहूदी-विरोधी भावना को जड़ से खत्म करने के नाम पर अरबों डॉलर के अनुसंधान कोष को रोककर कानून तोड़ा है.

कानूनविद् कहते हैं कि यह फैसला हार्वर्ड को व्हाइट हाउस के साथ समझौता वार्ता में नई ताकत दे सकता है. द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज के फैसले की जानकारी दी गई है. इसमें कहा गया है कि यह एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसने अपने शोध निधि पर प्रशासन के लक्षित हमले के खिलाफ मुकदमा दायर किया था. न्यायाधीश बरोज ने 84 पृष्ठों के अपने फैसले में लिखा, ₹हमें यहूदी-विरोध के खिलाफ लड़ना होगा, लेकिन हमें अपने अधिकारों की भी रक्षा करनी होगी, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी शामिल है और किसी भी लक्ष्य को दूसरे की वेदी पर बलिदान नहीं किया जाना चाहिए.₹ उन्होंने कहा, हार्वर्ड वर्तमान में, भले ही देर से ही सही, यहूदी-विरोध से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है और जरूरत पड़ने पर और भी अधिक करने को तैयार है. न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा, अब अदालतों का काम है कि वे भी इसी तरह आगे आएं. संविधान द्वारा अपेक्षित शैक्षणिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कदम उठाएं. यह सुनिश्चित करें कि महत्वपूर्ण शोध को अनुचित रूप से मनमाने और प्रक्रियात्मक रूप से कमजोर अनुदानों से न रोका जाए, भले ही ऐसा करने से अपने एजेंडे के प्रति प्रतिबद्ध सरकार के क्रोध का जोखिम हो, चाहे इसके लिए उसे कोई भी कीमत चुकानी पड़े.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.